# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026


कंपनियां लागू करेंगी न्यू लेबर कोड

## बढ़ेगा पीएफ, इन हैंड सैलरी घटेगी




**नई दिल्ली।** नौकरीपेशा के लिए बुधवार 1 अप्रैल 2026 से बहुत कुछ बदलने वाला है। देश की तमाम बड़ी कंपनियां अप्रैल से नए श्रम कानून लागू करने जा रही हैं। इससे कर्मचारियों के सैलरी स्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। जहां उनका पीएफ कंट्रीब्यूशन बढ़ जाएगा, तो टेक होम सैलरी कम हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### बीमारी से जूझ रहीं मशहूर गायिका अलका याग्निक



**मुंबई।** 90 और 2000 के दशक के दौरान जिनकी आवाज ने सबको अपना दीवाना बनाने वाली अलका याग्निक अब गाना नहीं गा पा रही हैं। दरअसल, अलका ने साल 2024 में बताया था कि उन्हें हियरिंग डिसऑर्डर है यानी सुनने में दिक्कत हो रही है। इस वजह से ही वह स्पॉटलाइट से दूर हैं। अब सिंगर ने बताया कि वह अब भी इस दिक्कत से जूझ रही हैं। एक इंटरव्यू में अलका ने बताया कि इस दिक्कत की वजह से वह नया असाइमेंट्स नहीं ले पा रही हैं। वह बोलीं, कम्पोजर अप्रोच करते हैं मुझे। लेकिन मैं कर नहीं पा रही हूं। अल्का को इसी साल पद्म भूषण अवॉर्ड से नवाजा गया है।

### इंडिगो ने विलियम वॉल्श को बनाया नया सीईओ



**नई दिल्ली।** पीटर एल्बर्स के अचानक इस्तीफे के कुछ हफ्तों बाद इंडिगो ने नए सीईओ का नाम घोषित किया है। इस भारतीय एयरलाइन ने मंगलवार को ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व प्रमुख विलियम वॉल्श को नया सीईओ बनाने का ऐलान किया। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन में वॉल्श का कार्यकाल 31 जुलाई, 2026 को समाप्त हो रहा है। इंडिगो में उनके 3 अगस्त, 2026 तक या उससे पहले कार्यभार संभालने की उम्मीद है। इंडिगो के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि विलियम वॉल्श (विली) इंडिगो की कमान संभालेंगे। वह एक बेहतरीन ग्लोबल एविएशन लीडर हैं। उनका कई एयरलाइनों में शानदार नेतृत्व का बेमिसाल रिकॉर्ड रहा है।

### सीएम डॉ. यादव ने कहा

एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन भविष्य की संभावनाओं को प्रदान करेगा मजबूत आधार



कॉरिडोर का निरीक्षण

मप्र-उप्र के बीच आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन के एक नए युग की शुरुआत

# विश्वनाथ मंदिर और महाकालेश्वर मंदिर ट्रस्ट के मध्य हुआ एमओयू

*मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम प्रधानमंत्री मोदी का कर्मक्षेत्र भी है। उनके कुशल नेतृत्व में भारत सशक्त राष्ट्र बनकर उभरा है, जो स्थिरता, संभावनाओं और भरोसे का प्रतीक है*

- ओडीओपी उत्पादों के क्षेत्र में आगे बढ़ने उप्र और मप्र के बीच हुआ एमओयू
- उज्जैन में ओडीओपी प्रोडक्ट के लिए 284 करोड़ रूपए की लागत से बनेगा यूनिटी मॉल

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाराणसी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन में कहा कि दोनों राज्यों के बीच आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन के एक नए युग की शुरुआत हुई है। मप्र और उप्र मिलकर एक साझा धार्मिक सर्किट विकसित कर रहे हैं, जिससे न केवल पर्यटन को गति मिलेगी, बल्कि श्रद्धालुओं को एक सुगम, समृद्ध और एकीकृत तीर्थ अनुभव प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को बनारस में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन के शुभारंभ सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने मप्र और उप्र की औद्योगिक क्षमताओं, पारंपरिक शिल्प, ओडीओपी(एक जिला एक उत्पाद) और जीआई टैग उत्पादों, कृषि एवं खाद्य उत्पादों, निवेश अवसरों और पर्यटन संभावनाओं को एक साझा मंच देने के उद्देश्य से आयोजित सहयोग सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति तथा ओडीओपी की पहल को मजबूत करने, स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा अंतर्राज्यीय सहयोग के माध्यम से आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश और मप्र के मध्य 2 महत्वपूर्ण एमओयू हुए।



पूजा अर्चना करते सीएम

### विश्वनाथ कॉरिडोर की व्यवस्थाओं को भी समझा

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में सिंहस्थ के आयोजन के लिए हर तरह के प्रबंधन की तैयारियां चल रही है। प्रयागराज में ऐतिहासिक महाकुंभ के आयोजन की व्यवस्थाओं के अध्ययन से सिंहस्थ के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी। इस संदर्भ में विश्वनाथ कॉरिडोर की व्यवस्थाओं को भी समझा है।*

**औद्योगिक क्षमताओं, निवेश अवसरों और पर्यटन संभावनाओं को साझा करने के लिए हुआ मप्र-उप्र सहयोग सम्मेलन**

### मंत्री नंदी ने कहा-डॉ. यादव जनता के मन पर छाप छोड़ने वाले राजनेता

उत्तर प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मप्र के धार में प्रधानमंत्री मोदी ने वृहद स्तरीय पीएम मित्र पार्क की नींव रखी है। इसी प्रकार से बनारस में 100 एकड़ भूमि पर टैक्सटाइल पार्क का भूमि-पूजन प्रस्तावित है। उप्र के औद्योगिक विकास तथा निर्यात एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि बाबा महाकाल के अनन्य भक्त मप्र के मुख्यमंत्री का बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में आगमन एक सुखद सौभाग्य है। बेहद सरल स्वभाव के मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनता के मन में छाप छोड़ने वाले लोकप्रिय राजनेता हैं। उनके प्रशासनिक निर्णय कठोर होते हैं, मप्र सरकार में लापरवाही बर्दाश्त नहीं है। यह आयोजन दोनों राज्यों के बीच गहरी समझ का स्पष्ट उदाहरण है।



सड़क पर शव रखा

सुबह की सैर में घात लगाए थे हमलावर

# दतिया में दिनदहाड़े भाजपा पार्षद की गोली मारकर हत्या

- गोलियों से भूनकर फरार हुए आरोपी
- हत्या के पीछे आपसी रंजिश की आशंका



मृतक कल्लू

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ दतिया**

सेवढ़ा चुंगी चौराहे पर मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे उस समय सनसनी फैल गई, जब अज्ञात हमलावरों ने भाजपा पार्षद कल्लू कुशवाहा की गोली मारकर हत्या कर दी। कल्लू कुशवाहा रोज की तरह सुबह टहलने के लिए सेवढ़ा चुंगी चौराहे पर पहुंचे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे हमलावर अचानक सामने आए और उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। प्रारंभिक जांच में इस हत्या के पीछे पुरानी आपसी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कई टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पार्षद का भी आपराधिक रिकॉर्ड

मृतक कल्लू कुशवाहा वार्ड नंबर एक से भाजपा पार्षद थे और क्षेत्र में उनकी सक्रिय राजनीतिक पहचान थी। हालांकि, उनका आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। उन पर पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज थे। हत्या के एक मामले में उन्हें आजीवन कारावास की सजा भी हो चुकी थी और करीब 4 महीने पहले ही वे जमानत पर जेल से बाहर आए थे।





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife — Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits#

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~As per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles until March 2025. World's no 1 disclaimer- World's largest Two-Wheeler manufacturer with the highest Two-wheeler unit sales by a single corporate entity globally, for the past 25 years. Data Source: Certificate from SIAM dated 9th January 2026. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. #Limited period offer, T&C apply. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of Splendor+ drum brake non i3S variant applicable in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

**अधिकृत डीलर:** **जबलपुर:** सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), **बालाघाट:** जायसवाल हीरो 9289922572, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **मण्डला:** शुभा हीरो 9289922600, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 9289922377, **रीवा:** बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), **सतना:** स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, **शहडोल:** विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, **कटनी:** हर्ष हीरो 9289923166, **वैढ़न:** कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, **सीधी:** राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **सिवनी:** सुदर्शन हीरो 9821745435, **चौरई:** श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, **एसोशिएट डीलर:** **पथरिया:** एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, **सेमरिया:** आकाश मोटर्स 9893918358, **अमरवाड़ा:** अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, **ब्योहारी:** श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, **बुढ़ार:** श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, **डिंडोरी:** अवधिया ऑटो 8959777333, **नैनपुर:** स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, **गाडरवाड़ा:** शेखर व्हीकल्स 9425467409, **जुन्नारदेव:** लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, **कोतमा:** सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, **मैहर:** वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, **मउगंज:** सेंगर मोटर्स 9425185568, **लांझी:** श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, **पांढुरना:** जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, **परासिया:** श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, **रामपुर बघेलान:** सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, **रांझी:** गुरुकृपा ऑटो 9424728007, **सिहोरा:** बाईक प्वांट 9826802730, **उमरिया:** गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, **वारासिवनी:** रुसिया मोटर्स 9425822392 , **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **पृथ्वीपुर:** महावीर एजेंसीज 7000375943, **मुलताई:** शारदा श्री मोटर्स 9522870001, **चितरंगी:** ओम मोटर्स 9685416118, **बरगवां:** बजरंग मोटर्स 9926183734, **बहरी:** श्याम एजेंसी 9981238133, **बरही:** अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, **अनूपपुर:** बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, **नागोद:** चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, **देवसर:** श्री राम मोटर्स 9425086868 **अमरपाटन:** रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, **स्लीमनाबाद:** अनिल मोटर्स 9425466101, **रामनगर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, **धनोरा:** भवानी व्हीकल्स 9424950703, **सरई:** यश मोटर्स, 9981718853, **सालीचौका:** अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, **गुन्नौर:** मधुबन मोटर्स, 8959050501, **मड़वास:** ओम मोटर्स, 9009066959, **मझौली:** न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, **बीरसिंहपुर पाली:** श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, **रीठी:** प्रदीप मोटर्स, 9981303666, **बड़वारा:** शिवम मोटर्स, 7509839990, **खटखरी:** खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, **गुढ़:** विंध्य मोटर्स, 9229072020, **कोठी:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, **उंचेहरा:** अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, **रामपुर नैकिन (सीधी):** लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, **दुधमनिया** **सिंगरौली:** राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, **गढ़:** अंबे मोटर्स, 9144881695, **बीरसिंहपुर:** तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, **देवतालाब:** वर्षा मोटर्स, 9424622310, **गुन्नौर:** मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) **छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 8815396340, **दमोह :** इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

RS/Hero/03/26

भाजपा ने केरल और असम के लिए घोषणापत्र किया जारी

# जरूरतमंद महिलाओं को 2500 रुपए मासिक मिलेंगे और साल भर में 2 सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे, एम्स और हाई स्पीड रेल नेटवर्क भी बनाएंगे

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

भाजपा ने केरल चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। इसमें जरूरतमंद महिलाओं को दवा और किराने के सामान के लिए 2,500 रुपए के मासिक रिचार्ज वाला भक्ष्य आरोग्य सुरक्षा कार्ड देने का वादा किया गया है। भाजपा का घोषणा पत्र पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया जारी। इसमें केरल में एम्स स्थापित करने की बात भी कही गई है। इसके अलावा तिरुवनंतपुरम को कन्नूर से जोड़ने के लिए हाई स्पीड रेल नेटवर्क की भी बात है। केरल के लिए भाजपा के घोषणापत्र में कहा गया है कि गरीब परिवारों को साल में 2 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे। इनमें से एक सिलेंडर ओणम के दौरान मिलेगा और एक क्रिसमस के दौरान। इसके अलावा केरल में शबरीमला, गुरुवायुर जैसे उपासना स्थलों के संरक्षण के लिए देवस्वोम बोर्ड के पुनर्गठन का वादा भी किया गया है।

*भाजपा ने केरल चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है*
*भाजपा का घोषणा पत्र पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने किया जारी*



घोषणा पत्र जारी करते भाजपा के अध्यक्ष नितिन नबीन

### कांग्रेस-माकपा मैच फिक्सर

नबीन ने माकपा और कांग्रेस पर मैच फिक्सर होने और केरल की जनता के साथ खेल खेलने का आरोप लगाया। नबीन ने लोगों से भाजपा को वोट देने का भी आग्रह किया। भाजपा नेता ने यहां अटिंगल में अपने रोड शो के दौरान और बाद में एक बड़ा आरोप लगाया। नबीन ने दावा किया कि वे मैच फिक्सर हैं। वे पिछले कई सालों से केरल की जनता के साथ खेल, खेल रहे हैं। जनता अब बदलाव चाहती है। उन्हें भ्रष्टाचार मुक्त और विकासोन्मुखी सरकार चाहिए और केवल भाजपा ही ऐसा कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि राजग केरल में सरकार बनाएगा।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने असम का घोषणपत्र जारी किया

### प्रवासियों से वापस लेंगे कब्जाई जमीन, 3 माह में लागू करेंगे यूसीसी

गुवाहाटी। भाजपा ने असम में चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को ये घोषणापत्र जारी किया, जिसमें मूल निवासियों की जमीन, विरासत और सम्मान की सुरक्षा और बुनियादी ढांचा के लिए 5लाख करोड़ रुपए के निवेश का वादा किया गया है। भाजपा के 'संकल्प पत्र' में 31 वादे किए गए हैं, जिनमें बांग्लादेशी प्रवासियों से अतिक्रमित जमीन वापस लेने, यूसीसी लागू करने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के वादे किए गए हैं।

### केजी-पीजी तक मुफ्त शिक्षा का वादा किया

चुनावी घोषणा पत्र में युवाओं के लिए 2 लाख सरकारी नौकरियां देने और 8वें वेतन आयोग को लागू करने का संकल्प लिया गया है। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण की दिशा में 'ओरुनोदोई' योजना के तहत दी जाने वाली वित्तीय सहायता को बढ़ाकर 3,000 रुपएप्रति माह करने का वादा किया गया है। एक्सप्रेसवे और 'वंदे भारत' ट्रेन परियोजनाएं शामिल हैं। संकल्प पत्र में गरीब परिवारों के बच्चों के लिए केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा का वादा भी किया गया है।



### 'लव और लैंड जिहाद' के खिलाफ लाएंगे नया कानून घुसपैठिए होंगे बाहर: सरमा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि एक बार फिर सत्ता में आने पर भाजपा राज्य में 3महीने के भीतर यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करेगी। घोषणापत्र में कहा गया है कि राज्य के आदिवासियों और अन्य जातीय समुदायों के अधिकारों को प्रभावित किए बिना लागू किया जाएगा। हम 'लव और लैंड जिहाद' के खिलाफ भी सख्त कानून लाएंगे और राज्य के जिला आयुक्तों को 'अवैध प्रवासी निष्कासन अधिनियम, 1950' लागू करने का अधिकार देंगे, जिसके तहत उन्हें 24 घंटे के भीतर विदेशियों को निष्कासित करने का अधिकार होगा। भाजपा हमारे जंगलों और अन्य जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेगी। हम बांग्लादेशी घुसपैठियों को बेदखल करेंगे और उनके चंगुल से जमीन का एक-एक इंच वापस लेंगे।

**सरमा का गोगोई को चैलेंज**

### पाकिस्तान और लंदन में कितनी संपत्ति है बताएं? हलफनामे में भी छिपाया

भाजपा नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनसे पाकिस्तान और लंदन में कथित संपत्तियों का खुलासा करने की मांग की है। घोषणा पत्र लॉन्चिंग के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए हिमंत ने आरोप लगाया कि गोगोई के पास पाकिस्तान और लंदन में संपत्ति है लेकिन उन्होंने इसका विवरण चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे में नहीं दिया है।



**केरल में राहुल बोले**

### सीपीएम अब वामपंथी नहीं, अडाणी का नाम लेकर भाजपा पर खूब बरसे

कन्नूर। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। राहुल केरल के कन्नूर में रैली संबोधित कर कहा कि यह लड़ाई सीपीएम की विचारधारा, यूडीएफ की विचारधारा और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा की बीच है। हम देख रहे हैं कि भाजपा और वाम मोर्चा के बीच गठबंधन हो रहा है। किसी वामपंथी दल का किसी अति दक्षिणपंथी दल के साथ गठबंधन करना काफी आश्चर्यजनक होता। उन्होंने कहा कि जब हिंदू धर्म के तथाकथित रक्षक (प्रधानमंत्री) केरल आते हैं, तो सबरीमाला के बारे में कुछ नहीं कहते।



**सीएम विजयन ने किया पलटवार**

### राहुल बताएं सोना चोर आपके घर तक कैसे पहुंचा?

केरल की सियासत में सबरीमाला स्वर्ण हानि मामला एक बार फिर गरमा गया है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा पलटवार करते हुए सवाल उठाया कि इस मामले का मुख्य आरोपी उनके घर तक कैसे पहुंचा। विजयन ने कहा कि सबरीमाला स्वर्ण हानि मामले में सवाल उठाने से पहले उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए मुख्य आरोपी उनके परिवार के आवास तक कैसे पहुंचा?



### बंगाल में फर्जी वोटरों से लोकतंत्र पर खतरा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले एक बार फिर सीएम ममता बेनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की कोशिश की जा रही है।



**बंगाल में भाजपा-टीएमसी**

### फॉर्म 6 जमा करने को लेकर दोनों पक्ष आए आमने-सामने

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। टीएमसी सांसद अभिषेक बेनर्जी ने कल रात आरोप लगाया कि भाजपा अवैध तारीखें से फॉर्म 6 जमा कर रहे हैं। भाजपा ने चुनाव आयोग पर नजर रखने के लिए निर्देश भी दिया है। टीएमसी समर्थित बीएलओ ने आरोप लगाया एक आदमी मेदिनीपुर से फॉर्म 6 लेकर आए थे। उन्हें पकड़ा गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि वो कोई पार्टी का समर्थक नहीं था। इसके बाद दोनों पक्ष चुनाव आयोग के दफ्तर के सामने धरने पर बैठ गए।

*नक्सलवाद पर बोले रिजिजू*

## राहुल व कई कांग्रेसियों का नक्सलियों से संबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में नक्सलवाद के मुद्दे पर सियासत गरमा गई है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस और उसके वरिष्ठ नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के कुछ नेताओं के वामपंथी उग्रवादियों और माओवादियों से संबंध रहे हैं। उनके इस बयान से राजनीतिक माहौल गरमा गया है और आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। रिजिजू ने कहा कि राहुल वामपंथी उग्रवादियों को जानते हैं और कांग्रेस के कुछ नेताओं ने ऐसे समूहों से संपर्क भी बनाए रखा था। उन्होंने यह भी कहा कि यह विडंबना है कि एक तरफ कांग्रेस सार्वजनिक रूप से उग्रवाद के खिलाफ बात करती है, वहीं दूसरी तरफ उसके कुछ नेताओं पर ऐसे आरोप लग रहे हैं।



**सलाहकार परिषद में थे कई सदस्य**



रिजिजू ने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के समय कुछ लोग वामपंथी उग्रवादी विचारधारा से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इन लोगों को जानते हैं। हालांकि उन्होंने कोई ठोस सबूत सार्वजनिक नहीं किया, लेकिन उनके बयान ने राजनीतिक बहस को तेज कर दिया है।

### इसकी जांच होनी चाहिए

रिजिजू ने दावा किया कि कांग्रेस के कुछ नेताओं ने माओवादियों से मुलाकात भी की थी और उनसे संपर्क बनाए रखा था। उन्होंने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा कि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। उनके अनुसार यह स्थिति चिंताजनक है और इसकी जांच होनी चाहिए। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को अपने नेतृत्व से सवाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की नक्सलियों द्वारा हत्या की गई, तब पार्टी नेतृत्व की क्या भूमिका रही। उन्होंने कांग्रेस पर नकारात्मक राजनीति करने का आरोप भी लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित और स्थिर है।




जबलपुर

बुधवार 1 अप्रैल 2026

चैत्र मास शुक्ल पक्ष –14

वर्ष : 20, अंक : 330

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


**मौसम**

अधि. 31

न्यून. 20


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 महंगाई के बेकाबू होने के आसार






मैट्रो

14 उसी दिन सूचना मिलने पर 45...


## समुद्री मार्ग पर ईरान का 'मास्टरस्ट्रोक'

### ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज प्रबंधन योजना को मंजूरी दी

# अमेरिका-इजराइल के जहाजों पर बैन अब हरेक जहाज को देना होगा 'टोल'

दुनिया के कुल कच्चे तेल का 20% हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है

एजेंसी ▶▶ तेहरान/नई दिल्ली

ईरान ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। अब यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरान को टोल टोल देना होगा। ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज प्रबंधन योजना को मंजूरी दे दी है। इस नए कानून के तहत न केवल टैक्स वसूला जाएगा, बल्कि अमेरिका और इजराइल के जहाजों की एंट्री पर भी पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है।



एआई इमेज

### खाड़ी देशों पर निर्भरता खत्म, अब अफ्रीका से आएगी रसोई गैस!

*खाड़ी देशों से गैस सप्लाई बाधित होने की आशंका को देखते हुए भारतीय तेल कंपनियों ने अब अफ्रीकी देश अंगोला का रुख किया है। देश की दिग्गज सरकारी कंपनियां- आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल और गेल अंगोला की सरकारी कंपनी सोनानगोल के साथ एलपीजी और एलएनजी की खरीद के लिए बड़े समझौते पर बातचीत कर रही हैं। अगर यह बातचीत सफल रहती है, तो इतिहास में पहली बार अंगोला भारत को रसोई गैस की सप्लाई करेगा। अंगोला से आने वाले जहाज अटलांटिक और अरब सागर के सुरक्षित रास्ते से सीधे भारत पहुंचेंगे। अंगोला के पास करीब 4.6 ट्रिलियन क्यूबिक फीट प्राकृतिक गैस का विशाल भंडार है।*

### भारत समेत एशिया पर महंगाई बम फटने का खतरा!

### आईएमएफ की रिपोर्ट की 5 बड़ी बातें

1. **महंगाई का चक्र:** युद्ध लंबा खिंचा तो ऊर्जा की कीमतें स्थिर रूप से ऊंची रहेंगी, जिससे हर जरूरी चीज महंगी हो जाएगी।
2. **सप्लाई चेन ध्वस्त:** जहाजों के रास्ते बदलने से ट्रांसपोर्ट और इंश्योरेंस का खर्च बढ़ गया है, जिससे सामान पहुंचने में देरी हो रही है।
3. **टेक्नोलॉजी पर असर:** खाड़ी देशों से होने वाली हीलियम की सप्लाई रुकने से सेमीकंडक्टर और मेडिकल उपकरणों का निर्माण प्रभावित होगा।
4. **यूरोप में हाहाकार:** इटली और ब्रिटेन जैसे देशों में 2021-22 जैसा गैस संकट फिर से लौट सकता है।
5. **शेयर बाजार में हलचल:** वैश्विक बाजारों में गिरावट और बॉन्ड यील्ड बढ़ने से वित्तीय स्थितियां और सख्त हो गई हैं।









## खबर संक्षेप

### भाजपा में शामिल हुए टेनिस खिलाड़ी लिएंडर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल चुनाव में टीएमसी को अलविदा कहते हुए दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस भाजपा में शामिल हो गए । अक्टूबर 2021 को गोवा में ममता बेनर्जी की उपस्थिति में टीएमसी की सदस्यता लेने वाले लिएंडर पेस ने हाल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से कोलकाता में मुलाकात की थी। इसके बाद से ही उनके भाजपा में जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं। माना जा रहा है कि भाजपा उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। पेस का परिवार मूल रूप से कोलकाता का है। वह अब सक्रिय राजनीति में कदम रख रहे हैं।



### टोयोटा के सीईओ ने कहा हम टिक नहीं पाएंगे

**नई दिल्ली।** ग्लोबल ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में तेजी से हो रहे बदलाव ने टोयोटा के सीईओ कोजी सातो की चिंता बढ़ा दी है। इसीलिए उन्होंने कंपनी के भविष्य को लेकर गंभीर चेतावनी दी है। सातो ने हाल में कहा कि मौजूदा हालात में बदलाव की जरूरत है। ऐसा न होने पर सेल्स के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी कार कंपनी टोयोटा सर्वाइव नहीं कर पाएगी। इस सप्लायर समिट में 484 कंपनियां मौजूद थीं। ऑटोमोटिव न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, सातो ने कहा, जब तक हालात नहीं बदलते, हम टिक नहीं पाएंगे।



### मप्र विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन का हुआ समापन

### राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि अब विधानसभाएं भी तेजी से हो रही हैं डिजिटल

# तब आते थे कागजों के पुलिंदे, अब संसद पेपरलेस, एआई पर काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि युवा विधायक चुनौतियों का समाधान कर अपनी नेतृत्व क्षमता का नवाचार में उपयोग करें। युवा नेतृत्व समाज की सोच में परिवर्तन ला सकता है*

राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि जब वे सांसद बनकर आए थे, तब कागजों के पुलिंदे आते थे और उन्हें घर में रखने की जगह भी नहीं होती थी। पढ़ने का भी पूरा अवसर नहीं मिल पाता था। आज वही संसद पूरी तरह पेपरलेस हो चुकी है और अब आगे एआई के उपयोग पर भी काम चल रहा है। विधानसभाएं भी तेजी से डिजिटल हो रही हैं, जिससे जनप्रतिनिधियों के लिए कई नए अवसर पैदा हो रहे हैं। सिंह ने कहा कि आप क्यों देश को विकसित करना चाहते हैं, पहले आज की दुनिया का यथार्थ समझिए। यदि आप विकसित नहीं हैं, आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं हैं, और आपके पास आर्थिक व सैन्य शक्ति नहीं है, तो आज की दुनिया में आपका भविष्य सुरक्षित नहीं है। इसलिए हमें अपने देश की अस्मिता, सभ्यता, संस्कृति और अपने लोगों को सुरक्षित और मजबूत बनाए रखना है। गांव, जंगल और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को बराबरी पर लाने का एकमात्र रास्ता विकास ही है।

आप विकसित नहीं तो आपका भविष्य सुरक्षित नहीं



उपसभापति युवा विधायकों को संबोधित करते हुए

**तीन राज्यों के 40 विधायकों ने सम्मेलन में दिए गए विषयों पर वक्तव्य दिए**

**मप्र विधानसभा की त्रैमासिक पत्रिका का विमोचन भी हुआ**

### अपनी नेतृत्व क्षमता का नवाचार में उपयोग करें : तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए युवा विधायकों को समसामयिक परिस्थितियों में देश के प्रति समर्पण भाव से कार्य करना होगा। नेतृत्व विकास के लिए सकारात्मक सोच और अनुशासन से कार्य करना होगा। युवा विधायक चुनौतियों का समाधान कर अपनी नेतृत्व क्षमता का नवाचार में उपयोग करें। युवा नेतृत्व समाज की सोच में परिवर्तन ला सकता है।



#### विधायक अपने-अपने क्षेत्र के ब्रांड एंबेसडर होते हैं : डॉ. राहुल कराड़

कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन इंडिया रीजन के डॉ. राहुल कराड़ ने कहा कि हर विधानसभा में इस तरह के सम्मेलन किये जाना चाहिए। समाज का रूख बदलने में विधायकों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। विधायक अपने-अपने क्षेत्र के ब्रांड एंबेसडर होते हैं।

#### इन विधायकों का भी संबोधन

विधायक डॉ. अभिलाष पांडेय, संतोष वरवडे, रामसिया भारती, छत्तीसगढ़ से विद्यावती सिद्दार, राजस्थान से थावर चंद सहित अन्य विधायकों ने विचार व्यक्त किए। दो दिवसीय सम्मेलन में तीन राज्यों के लगभग 40 विधायकों ने सम्मेलन में दिए गए विषयों पर अपने वक्तव्य दिए।

### नालंदा में शीतला माता मंदिर में हादसा

## चैत्र के आखिरी मंगलवार को भगदड़, 8 महिलाओं की मौत

- भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक
- पहले दर्शन करने के चलते मच गई थी भगदड़



एजेंसी ▶▶ नालंदा

बिहार में नालंदा के शीतला माता मंदिर में भगदड़ में 8 महिलाओं की मौत हो गई। मंदिर में भारी भीड़ के चलते पूजा के दौरान भगदड़ की यह घटना हुई। इस घटना में एक दर्जन से ज्यादा लोगों के घायल हुए हैं। यह घटना नालंदा के दीपनगर थाने के मघड़ा शीतला माता मंदिर की है।

#### पीएम मोदी ने जताया शोक

प्रधानमंत्री ने नालंदा में भगदड़ मचने से लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को 50,000 रुपए अनुग्रह राशि के तौर पर देने की घोषणा की। सीएम नीतीश कुमार ने आपदा प्रबंधन विभाग से 4 लाख रुपए और मुख्यमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपये (यानी कुल 6 लाख रुपए) हर मृतक के परिजन को दिए जाएंगे।

### गुजरात के सूरत में लगी भीषण आग

## 4 महिलाओं और एक बच्चे की मौत

घर में रखा था 8 टन साड़ियों का स्टॉक



आग की लपटें उठती हुई

एजेंसी ▶▶ सूरत

यहां एक मकान में मंगलवार दोपहर को आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 4 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। आग लगने के कारण घर में फंसे लोग को सांस लेने में तकलीफ हुई। इसमें उनकी सांसें थम गईं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

### सरकारी नौकरी के लिए युवाओं को राहत

## पैटर्न में बदलाव:एक परीक्षा के आधार पर मिलेंगे कई मौके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ ईएसबी अब केवल पात्रता परीक्षा आयोजित करेगा

मध्य प्रदेश में सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को सरल, तेज और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। राज्य में अब कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) सीधे भर्ती परीक्षाएं आयोजित नहीं करेगा, बल्कि केवल पात्रता परीक्षा कराएगा। इस नई व्यवस्था का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है, जिसे मुख्य सचिव केसमक्ष प्रस्तुतीकरण के बाद सामान्य प्रशासन विभाग से सैद्धांतिक सहमति भी मिल गई है।

### न्यायालय में 6 को होगी सुनवाई

## बाढ़ राहत घोटाले में तहसीलदार निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



■ कलेक्टर के प्रतिवेदन पर हुई कार्रवाई

ढाई करोड़ के बाढ़ राहत घोटाले में जेल जाने वाली तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को सस्पेंड कर दिया गया है। मंगलवार को निलंबन की यह कार्रवाई चंबल कमिश्नर सुरेश कुमार द्वारा कलेक्टर अर्पित वर्मा के प्रतिवेदन पर की गई। बता दें कि तहसीलदार अमिता सिंह तोमर इन दिनों बाढ़ राहत घोटाले में शिवपुरी की महिला जेल में बंद है।जेल में 48 घंटे से अधिक अवधि के लिए रखे जाने के चलते तहसीलदार को निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

### अमीन ने मांगी थी रिश्वत

## 10 हजार रु.घूस लेते लोकायुक्त ने 'दबोचा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार



■ खेती का पट्टा दिलाने के बदले 30 हजार मांगे थे

जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने एक बार फिर सख्त कार्रवाई करते हुए सरकारी तंत्र में फैले भ्रष्टाचार को बेनकाब किया है। खेती के पट्टे के बदले रिश्वत मांग रहे जल संसाधन विभाग के एक अमीन को लोकायुक्त की टीम ने 10 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इस कार्रवाई के बाद विभागों में हड़कंप मच गया है और आम लोगों में लोकायुक्त की इस पहल की जमकर सराहना हो रही है।

### आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट का अहम फैसला

## मायके से मिली संपत्ति पर पति का अधिकार ही नहीं

हिंदू महिला की पैतृक संपत्ति पिता के वारिसों की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने कहा है कि किसी हिंदू महिला को अपने माता-पिता से विरासत में संपत्ति मिली है और वह बिना वसीयत किए मर जाती है तो वह संपत्ति उसके पिता के वारिसों को मिलेगी। ऐसी संपत्ति पर उसके पति या ससुराल का कानूनी अधिकार नहीं होगा। हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 15 (2) (ए) का उल्लेख करते हुए न्यायमूर्ति तरलादा राजशेखर राव ने कहा कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15(2)(ए) को सीधे तौर पर पढ़ने से यह स्पष्ट होता है कि यदि किसी हिंदू महिला को अपने पिता या माता से कोई संपत्ति विरासत में मिलती है ।



#### क्या है मामला?

मामला एक परिवार की संपत्ति से जुड़ा है। 2002 में एक महिला ने अपनी संपत्ति पहली नातिन को गिफ्ट कर दी थी। 2005 में उस नातिन की बिना संतान मौत हो गई। इसके बाद नानी ने पुराना गिफ्ट रद्द कर संपत्ति दूसरी नातिन के नाम वसीयत कर दी। 2012 में दादी की मौत के बाद दूसरी नातिन ने राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने का आवेदन किया। राजस्व अधिकारी ने दूसरी नातिन के पक्ष में आदेश दिया, लेकिन मृत नातिन के पति ने इसे चुनौती दी।

### कांग्रेस विधायक का मप्र हाई कोर्ट में यू टर्न

## बीना विधायक निर्मला सप्रे की ओर से बड़ा दावा- वे अभी भी कांग्रेस पार्टी में

अगली सुनवाई 20 अप्रैल को, हाई कोर्ट ने जवाब को रिकॉर्ड में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष मंगलवार को बीना विधायक निर्मला सप्रे के विरुद्ध नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में उस समय नया मोड़ आया जब हाई कोर्ट के पूछने पर निर्मला सप्रे की ओर से दावा किया गया कि वे अभी भी कांग्रेस पार्टी में हैं।



अब इस मामले में याचिकाकर्ता उमंग सिंघार को विधानसभा स्पीकर के सामने नौ अप्रैल को अपना पक्ष रखना है। इसके मद्देनजर कोर्ट ने मामले पर अगली सुनवाई 20 अप्रैल को नियत की है।

#### सदस्यता समाप्त करने की याचिका

सप्रे की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल ने पक्ष रखा। विगत सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा था कि 16 माह बीतने के बावजूद सिंघार की याचिका पर विधानसभा अध्यक्ष ने निर्णय क्यों नहीं लिया। उल्लेखनीय है कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने यह याचिका दायर की है।

### ग्वालियर संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश और ओले गिरे

तापमान में सबसे अधिक कमी पूर्वी मप्र के सिवनी और मलाजखंड में 4-4 डिग्री तक रही

## एक तिहाई प्रदेश में आंधी व बारिश नर्मदापुरम में तापमान 40.3 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश दर्ज की गई। सोमवार से मंगलवार के बीच नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, जबलपुर, शहडोल, सागर संभागों में कहीं-कहीं तथा भोपाल, ग्वालियर संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश और ओले गिरे। इनमें प्रमुख रूप से खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, मंदसौर, उज्जैन, राजगढ़, शाजापुर, नीमच, धार, सीहोर, छिंदवाड़ा, सिवनी में कुछ देर मटर के आकार के ओले गिरे। इससे दिन के तापमान में करीब एक से दो डिग्री तक कमी रही।



#### आज यहां बारिश-आंधी

बुधवार को बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी आदि जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होगी। भोपाल में मौसम ऐसा ही रहेगा। शाम को बादलों का आना जाना रहेगा।

#### यहां 40 डिग्री तक गर्मी

मंगलवार को प्रदेश में सबसे गर्म रहे नर्मदापुरम में दिन का तापमान 40.3 डिग्री रहा। रतलाम, नौगांव में 39, खजुराहो 39.2 डिग्री रहा। उमरिया, सीधी, मंडला, दमोह, खंडवा, खरगोन और रायसेन में 38 डिग्री तक रहने से हल्की गर्मी का अहसास रहा। बुधवार को भी अधिकांश जिलों में दिन में हल्की गर्मी रहेगी। गुरुवार से तापमान में कमी आएगी।

‘युवा विधायक सम्मेलन’ बना भारतीय लोकतंत्र के भविष्य को दिशा देने वाले विचार मंथन का एक महत्वपूर्ण मंच

# युवा विधायकों ने लिया जनसेवा, समर्पण और नवाचार की योजना से विकसित भारत के निर्माण का ऐतिहासिक संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा प्रांगण में आयोजित ‘युवा विधायक सम्मेलन’ भारतीय लोकतंत्र के भविष्य को दिशा देने वाले विचार मंथन क एक महत्वपूर्णमंच बना।

सम्मेलन के पहले दिन मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के युवा जनप्रतिनिधियों ने सेवा, समर्पण और नवाचार की योजना व रणनीति के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण का संकल्प व्यक्त किया। मध्यप्रदेश के विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, महेश परमार, गौरव परिधि, अरविंद पटेरिया, राजस्थान की विधायक डॉ. शिखा मील बराला, छत्तीसगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे आदि ने अपने विचार रखे।



विधानसभा में आयोजित 2 दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन में मध्यप्रदेश , छत्तीसगढ़ और राजस्थान के युवा विधायकों के साथ सीएम।

### जनता से निरंतर जुड़े रहना चाहिएः जयवर्धन सिंह

मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को सदन के साथ-साथ अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनता से निरंतर जुड़े रहना चाहिए। सीमित संसाधनों में विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बेहतर समन्वय तथा समिति व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया।

### तकनीकी शिक्षा और डिजिटल विस्तार को देना होगा बढ़ावाः खुशवंत सिंह

छत्तीसगढ़ के विधायक खुशवंत सिंह ने कहा कि युवाओं को रोजगार खोजने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनने के लिए तकनीकी शिक्षा और डिजिटल विस्तार को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

### आज कई जनप्रतिनिधि ‘रबर स्टैंप’ बनकर रह गएः रविंद्र सिंह भाटी

राजस्थान के शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने युवाओं से राजनीति में आगे आने की अपील करते हुए कहा कि मेहनत से ही जगह बनती है और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नई पीढ़ी की भागीदारी जरूरी है। भाटी ने कहा कि आज कई जनप्रतिनिधि ‘रबर स्टैंप’ बनकर रह गए हैं, इसलिए पढ़े-लिखे और जागरूक नेताओं की जरूरत है ताकि 2047 के विकसित भारत का लक्ष्य पूरा हो सके।

### सिद्धार्थ कुशवाह ने पूछाः क्या जनता का विश्वास हमारे साथ है?

सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाह ने कहा कि 2047 में आजादी के 100 साल पूरे होंगे, उसके पहले भारत अपने कदमों पर खड़ा हो जाए, यह हम सब देशवासियों और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। आज जो लोकतंत्र की स्थिति है, उससे कई बार यह लगता है कि 2047 तक हमारा लोकतंत्र बचेगा या नहीं?। जिस तरह लोकतंत्र की मंडी हर चुनाव में लगाई जाती है, चुनाव जीतने के लिए ऐसे प्रयास किए जाते हैं, जिनको देखकर कई बार रोंगटे खड़े हो जाते हैं। आज देश के लोकतंत्र की जो स्थिति है, क्या जनता का विश्वास हमारे साथ है?।

### जनता और शासन के बीच सेतु बने विधायकः वासुदेव देवनानी

राजस्थान विस के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में जो कठिनाई आती हैं, उनसे नई परिस्थितियों का निर्माण होता है। विरोध तार्किक प्रक्रिया होनी चाहिए। हमारा प्रतिनिधित्व सार्थक सेवा की ओर बढ़े। हम पूरा समय सदन में बैठने का स्वभाव बनाएं। देवनानी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का मुख्य दायित्व जनता और शासन के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब जनता, विधायिका और शासन की प्रक्रियाओं के बीच पारदर्शिता और सहभागिता बढ़े। उन्होंने कहा कि विधायक केवल चुनाव जीतने तक सीमित न रहें, बल्कि अपने अध्ययन, चिंतन और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के माध्यम से समाज के विकास में सक्रिय योगदान दें।



### सशक्त लोकतंत्र के लिए सशक्त जनप्रतिनिधि आवश्यकः विजयवर्गीय

संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रजातंत्र जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए शासन है। अतः लोकतंत्र के सशक्त होने के लिए जनप्रतिनिधि का सशक्त होना आवश्यक है। विधायक होना बहुत महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है, विधायक बड़ी जनसंख्या की आशाओं, आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनकी दुख, तकलीफों, अपेक्षाओं को वाणी प्रदान करते हैं। विधायकगण अपने क्षेत्र का प्रबंधन कैसे करते हैं, यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने विधायकों को संयत व्यवहार रखने, जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए निराकरण की ठोस कोशिश करने, कार्यालय में संवेदनशील और सक्रिय स्टाफ रखने, अद्यतन डिजिटल तकनीकों के उपयोग में समय के साथ चलने की सलाह दी। सस्ती लोकप्रियता के लिए की गई गतिविधियां दीर्घकालिक दृष्टि से लाभकारी नहीं होती हैं।

## कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय रणनीतिकार बने डॉ. अतुल

**रायपुर।** राष्ट्रीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने सामाजिक कार्यों और राजनीतिक रणनीति के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले डॉ. अतुल मलिकराम को संगठन का राष्ट्रीय रणनीतिकार नियुक्त किया है। इस नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य कुर्मी क्षत्रिय समाज को राष्ट्रीय स्तर पर अधिक संगठित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है।नियुक्ति पत्र जारी करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता राघव पटेल और राष्ट्रीय सचिव कैलाश गौर ने बताया कि डॉ. मलिकराम का रणनीतिक दृष्टिकोण समाज के असल मुद्दों को प्रकाश में लाने में सहायक होगा। अपनी नियुक्ति पर जिम्मेदारी व्यक्त करते हुए डॉ. अतुल ने कहा, मेरा लक्ष्य समाज के हर वर्ग को जोड़कर एक समग्र विकास योजना पर काम करना है। युवाओं के लिए स्वरोजगार और उद्यमिता के नए मार्ग खोलने पर ध्यान देंगे। डॉ मलिकराम के अनुसार संगठन के जरिए हमारा प्राथमिक फोकस ग्रामीण युवाओं को उच्च शिक्षा और आधुनिक रोजगार के अवसरों से जोड़ना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।



राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने उपलब्ध करा रही है सहयोग और मार्गदर्शन

# एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों के केंद्र के साथ परिवारों के स्वावलंबन का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र देश के सर्वाधिक सशक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले प्रथम तीन राज्यों में से एक है। राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए प्रदेश के दरवाजे खुले हैं। हम उद्योग मित्र नीतियों और सहयोग की भावना के साथ उनके स्वागत के लिए तत्पर हैं। मप्र भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग हो या कृषि हर क्षेत्र में योगदान के लिए निरंतर सक्रिय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समर्थ एमएसएमई विकसित मप्र की थीम पर मुख्यमंत्री निवास में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से जारी कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र होने के साथ लाखों परिवारों के स्वावलंबन का आधार भी है।

**मुख्यमंत्री ने की एमएसएमई इकाइयों को 169 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित**



सीएम ने एमएसएमई इकाइयों के खाते में प्रोत्साहन राशि अंतरित की।

### अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने मुख्यमंत्री को लघु उद्योग निगम की ओर से 8 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश का चैक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने बैतूल और आगर-मालवा के तीन उद्यमियों को औद्योगिक भूमि के लिए आवंटन-पत्र प्रदान किए और मुख्यमत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत हितलाभ वितरण भी किए।

**स्टार्टअप को अनुदान और उद्यमियों को प्रदान किए भू-आवंटन पत्र**

### पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हुए निरंतर नवाचार जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का आयोजन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हो रहा है। यह भगवान महावीर के जनकल्याण और शुचिता के सिद्धांतों को साकार करने का भी प्रतीक है। प्रदेश में उद्योग-व्यापार गतिविधि और उद्यमिता प्रोत्साहित करने के लिए व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हुए निरंतर नवाचार जारी हैं। राज्य सरकार उद्यमियों को लिए पूंजी, भूमि और व्यवस्थाओं में सरलता कर, उनकी प्रगति की राह को आसान बना रही है। विभाग की ओर से बड़ी राशि का सिंगल क्लिक से सीधे अंतरण व्यवस्था में सुगमता और स्पष्टता का परिचायक है।

### युद्ध के दोनों पक्ष भारत का सहयोग कर रहे हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही भारत स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है। य

### सभी क्षेत्रों में हो रही है प्रगतिः मंत्री कश्यप

प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विभाग में डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्थाएं स्थापित की गई हैं। वर्तमान में प्रदेश में 7100 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं।

दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड की बैठक

## दिव्यांगजन कल्याण एवं सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा


राज्य स्तरीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण सलाहकार बोर्ड की बैठक सम्पन्न।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करना सरकार की प्राथमिकता है। दिव्यांगजनों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत विचार विमर्श और राज्य में संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मप्र सरकार की ओर से राज्य स्तरीय दिव्यांगन सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया है। राज्य स्तरीय दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड की बैठक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में संचालनालय, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग, भोपाल में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सोनाली पोंक्षे वायंगणकर, निःशक्तजन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए विशेष सहायता निधि स्थापित करने और उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही राज्य दिव्यांग खेल प्राधिकरण के गठन पर भी विचार किया गया, जिससे खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिल सके।

40 हथियार सौंपे, नक्सल विरोध अभियान की सफलता को दर्शाता है समर्पण

## कांकेर में दो और दंतेवाड़ा में पांच नक्सलियों ने छोड़े हथियार, मुख्यधारा में की वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

केंद्रीय गृहमंत्री की समय सीमा के अंतिम दिन 31 मार्च को कांकेर जिले में दो नक्सलियों ने समर्पण किया। इसके अतिरिक्त, दंतेवाड़ा जिले में भी पांच नक्सलियों ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में वापसी की है। दंतेवाड़ा में पांच नक्सलियों ने 40 हथियार भी जमा करवाये हैं। यह घटनाक्रम बस्तर में नक्सल विरोधी अभियानों की सफलता को दर्शाता है।

कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि पिछले सात दिनों में कुल 11 नक्सली कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्यागने का निर्णय लिया था। इसी क्रम में 31 मार्च को पीपीसीएम शंकर और पीएम हिडमा डोडी ने भी मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया। शासन की पुनर्वास नीति के तहत एक कैडर ने एके 47 के साथ आत्मसमर्पण किया है। समर्पण करने वाले नक्सलियों ने बताया कि इलाके में सक्रिय अन्य



नक्सली कैडरों से भी चर्चा हुई है। वे भी मुख्यधारा में शामिल होने की बात कह रहे हैं, और उन्हें लाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस प्रशासन इन प्रयासों को सफल बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। यह समर्पण अभियान क्षेत्र में शांति स्थापित करने में सहायक होगा।

**शेष बचे नक्सलियों से सरेंडर करने की अपीलः** पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पट्टलिंगम ने पिछले तीन दिनों में मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आगे आए इन सभी 11 नक्सली कैडरों के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने शेष बचे कुछ नक्सली कैडरों से एक बार फिर हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील दोहराई। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि नक्सली कैडरों के पास आत्मसमर्पण और पुनर्वास का विकल्प चुनने के लिए अब केवल कुछ ही घंटे शेष हैं। उन्हें इस अवसर का उपयोग करके अपने हिंसक अतीत को त्यागना चाहिए। उन्हें सामान्य, शांतिपूर्ण और सम्मानजनक जीवन अपनाना चाहिए। 25 मार्च से 31 मार्च तक मुख्यधारा में शामिल होने वाले इन सभी 11 नक्सली कैडरों ने पुनर्वास का मार्ग चुना है। उनकी सामाजिक मुख्यधारा में पुनः एकीकरण की कार्रवाई पूरी प्रक्रिया होने के बाद आयोजित की जाएगी। दंतेवाड़ा में पांच नक्सलियों ने भी मुख्यधारा में शामिल होकर नक्सलियों की खोखली विचारधारा को त्याग दिया है। दो जिलों कांकेर और दंतेवाड़ा में कुल सात नक्सलियों ने सरेंडर किया।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र के ढेलवाडीह बस्ती क्षेत्र का मामला

## मासूम बच्चे से अश्लील हरकत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र के ढेलवाडीह बस्ती में एक शराबी युवक की अमानवीय हरकत सामने आई है। गांव में रहने वाले 26 वर्षीय सीमन लाल कंवर ने पांच साल के मासूम बच्चे के साथ यह कृत्य किया।

घटना के समय आरोपी शराब के नशे में धुत था। पांच साल का मासूम बच्चा अपने घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान गांव में रहने वाला 26 वर्षीय सीमन लाल कंवर शराब के नशे में धुत था। उसने खेल रहे मासूम बच्चे को अपने पास बुलाया। इसके बाद आरोपी ने बच्चे के गुप्तांग पर अश्लील हरकत की। कुछ देर बाद सीमन लाल कंवर ने नाखून से उसके गुप्तांग को छील दिया। बच्चा दर्द से चीखने-पुकारने लगा। रोने की आवाज सुनकर घर वाले और आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोगों को देखते ही आरोपी युवक वहां से भाग खड़ा हुआ। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती मासूम बच्चे की हालत गंभीर थी, जिसे तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के दौरान उसकी हालत गंभीर बताई। उसे तत्काल दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजनों ने इस घटना की शिकायत मानिकपुर चौकी पुलिस से की है।

आरोपी गिरफ्तार, गिरौदपुरी पुलिस चौकी क्षेत्र का मामला

## प्रेमी ने दिया धोखा, युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले में एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां प्रेम संबंध में धोखा मिलने के बाद एक युवती ने आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना गिरौदपुरी पुलिस चौकी क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, मृतिका और आरोपी अजय टंडन के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। आरोप है कि युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर संबंध बनाए, लेकिन जब युवती ने उससे शादी की बात की तो उसने साफ इनकार कर दिया।



इस घटना से मानसिक रूप से आहत युवती ने 25 जनवरी 2026 को अपने घर में ही कलाई काट ली और कीटनाशक का सेवन कर लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जबकि परिजन युवती को गंभीर हालत में पहले कसडोल और फिर बलौदाबाजार के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान 1 फरवरी 2026 को युवती ने दम तोड़ दिया।

कोतरा सड़क थाना क्षेत्र का मामला, चालक ने किया गुमराह

## ट्रैक्टर से गिरकर नाबालिग की मौत, आरोपी ड्राइवर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में मंगलवार को एक नाबालिग की ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। उसने अज्ञात कार की ठोकर से घटना होने की बात कही और मौके से फरार हो गया। यह मामला कोतरा सड़क थाना क्षेत्र का है।

ग्राम कलमीडीपा का रहने वाला पंद्रह साल का साहिल, मंगलवार सुबह चार बजे ट्रैक्टर चालक राजा निषाद के साथ घर से निकला था। सुबह छह बजे राजा निषाद ने साहिल के पिता सुंदरलाल उरांव को फोन किया। उसने बताया कि भगवानपुर के पास अज्ञात कार की ठोकर से साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित किया

*सुंदरलाल जब मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने अपने पुत्र को ट्रैक्टर ट्रॉली में जख्मी हालत में देखा। घायल साहिल को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच के दौरान ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। नाबालिग की मौत के बाद पुलिस ने घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में सामने आया कि सुबह छह बजकर एक मिनट पर साहिल ट्रैक्टर चालक के बगल में बैठा था। ब्रेकर में उछलकर वह सड़क पर गिर गया। इसके बाद ट्रैक्टर चालक ने नीचे गिरे साहिल को उठाया। उसे ट्रॉली में रखकर वह आगे निकल गया। इस घटना के बाद ट्रैक्टर चालक राजा निषाद अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया है। वह घटना के बाद से ही फरार हो गया है।*

‘नक्सलवाद पर विजय’ कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## आज का दिन ऐतिहासिक, छत्तीसगढ़ से सशक्त नक्सल कैडर खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मंगलवार को प्रेस क्लब रायपुर पहुंचे और आयोजित विशेष कार्यक्रम 'नक्सलवाद पर विजय' में भाग लिया। इससे पहले मंच पर प्रेस क्लब की ओर से उनका स्वागत किया गया। राजधानी रायपुर स्थित रायपुर प्रेस क्लब में नक्सलवाद पर विजय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है।

छत्तीसगढ़ से सशक्त नक्सल कैडर खत्म हुआ। कार्यक्रम में गृहमंत्री विजय शर्मा ने आगे कहा कि 50 वर्षों का संघर्ष दो वर्ष में खत्म हुआ। बस्तर की जनता ने अब नक्सलवाद को नकार दिया है। सरकार ने नक्सल को लेकर चर्चा के सारे विकल्प खुले रखे थे। आर्म्स फोर्स की ऑपरेशन में बड़ी सफलता रही। उनके अदम्य साहस को सलाम है।



### दो हजार से ज्यादा नक्सली सरेंडर हुए

कार्यक्रम में गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरेंडर नहीं ससम्मान आत्मसमर्पण का नाम दिया। दो हजार से ज्यादा नक्सली सरेंडर किए। बस्तर के लोगों ने कहा कि हम आज आजाद हुए हैं। राजा सलाम जैसे कई लोग नक्सलवाद का दंश झेला है। जल, जंगल, जमीन, पशु, पक्षी, जानवर सब लोग नक्सल आतंक से पीड़ित रहे हैं। आज सबकी आजादी मिली है। आईडी, बारूद, बिछाते थे नक्सली। ठेकेदारों की गला रेतकर हत्या की गई। बता दें कि कार्यक्रम के शुरुआत में नक्सल पीड़ित लोगों की डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई।

### विपक्ष ने सहयोग देने की बजाए आरोप लगाए

*डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि विपक्ष ने सहयोग देने की बजाय एनकाउंटर को लेकर आरोप लगाया। इसके जवाब में नक्सली प्रेस नोट भी जारी किया था। पर आज विपक्ष को भी बस्तर की जनता ने जवाब दे दिया है। हमने ग्राम पंचायतों के पदाधिकारियों से बातचीत की। नक्सल उन्मूलन में स्थानीय पत्रकारों की अहम भूमिका रही। रायपुर प्रेस क्लब में डिप्टी सीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि आज बस्तर में शांति है। बस्तर पंण्डुम, बस्तर ओलंपिक का आयोजन हो रहा है। प्रदेश की नक्सल पुनर्वास नीति बेहद कारगर रही। लोगों को जागरूक करने स्थानीय बोली, भाषा, रेडियो को महत्व दिया गया।*

**अपील के निराकरण तक प्रभावी रहेगा स्थगनादेश**

# हाईकोर्ट ने 10 लाख की रिकवरी पर लगाई रोक

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा 10 लाख की रिकवरी पर अंतरिम रोक लगा दी। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने इसके साथ ही व्यवस्था दी कि यह अंतरिम आदेश अपील के निराकरण तक प्रभावशील रहेगा। याचिकाकर्ता हरदा, मनसगांव में कार्यरत रहे सहायक प्रबंधक जूनियर इंजीनियर गणेश यादव की ओर से अधिवक्ता विजय राघव सिंह, पूनम सिंह, अजय नंदा व मनोज चतुर्वेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि विनीत कुमार बागड़े, महाप्रबंधक, संचालन व संधारण, हरदा द्वारा दोहरी शास्ति अधिरोपित करते हुए क्रमशः एक आगामी वेतनवृद्धि संचई प्रभाव से रोके जाने का आदेश दिया था। उसी आदेश के द्वारा 10 लाख 27 हजार 457 रुपये की रिकवरी वेतन से प्रतिमाह 19 हजार 760 रुपये 51 महीनो तक व 52 वें महीने में राशि 19 हजार 697 रुपये करने के निर्देश दिए गए थे।



हाई कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद आदेश को अवैध व बिना क्षेत्राधिकार के पाते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूनियन आफ इंडिया बनाम एससी पराशर में प्रतिपादित विधि के सिद्धांतों के प्रतिकूल पते हुए उस पर स्थगन आदेश जारी कर दिया। याचिकाकर्ता को 10 दिन के भीतर मुख्या महाप्रबंधक, भोपाल क्षेत्र के समक्ष अपील प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। 60 दिनों के भीतर अपील का निराकरण गुण दोष पर करने के निर्देश दे दिए। जब तक अपील का निराकरण नहीं हो जाता, तब तक स्थगन आदेश प्रभावशील रहेगा।

## एमपी स्टेट बार चुनाव : दो अप्रेल से मिलेंगे नामांकन फार्म, दिव्यांगों के लिए विशेष रियायत

**जबलपुर** । एमपी स्टेट बार काउंसिल के निवार्चन अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया प्रारंभकी जा रही है। निर्धारित शुल्क पांच हजार जमा करने पर नामांकन फार्म दो अप्रैल से प्राप्त किए जा सकेंगे। दिव्यांग श्रेणी के अंतर्गत नामांकन फॉर्म प्राप्त करने के इच्छुक अधिवक्ताओं को जिला अथवा संभागीय मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी न्यूनतम 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रमाण पत्र के सत्यापन उपरांत पांच सौ रुपये शुल्क जमा करने पर उन्हें नामांकन फॉर्म प्रदान किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति एसके पालो ने बताया कि नामांकन फार्म स्टेट बार कार्यालय से चालान अथवा डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा। डिमांड ड्राफ्ट हाईपावर्ड इलेक्शन कमेटी के नाम से यूनियन बैंक या एसबीआई, जबलपुर में देय होगा। प्रत्येक प्रत्याशी को एक सेट प्रदान किया जाएगा, जिसमें दो नामिनेशन फार्म व दो डिक्लेरेशन फार्म सम्मिलित होंगे। सभी प्रत्याशियों को निर्धारित नामांकन शुल्क डिमांड ड्राफ्ट अथवा चालान के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा।

**निर्धारित शुल्क पांच हजार जमा करना होगा**

*स्थानीय संचालक रोशू पर अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन के आरोप, 15 युवकों की टीम के साथ दो फ्लैट से चल रहा गोरखधंधा*

# जबलपुर का सट्टा नेटवर्क पुणे शिफ्ट, आईपीएल पर करोड़ों का खेल जारी



हरिभूमि, जबलपुर।

आईपीएल सीजन के साथ ही सट्टे का अवैध कारोबार भी तेज हो गया है। सूत्रों के हवाले से सामने आई जानकारी के मुताबिक जबलपुर से जुड़ा एक कथित सट्टा संचालक "रोशू" इन दिनों पुणे में डेरा जमाए हुए है, जहां से वह पूरे महाकौशल समेत अन्य क्षेत्रों में आईपीएल सट्टे का नेटवर्क संचालित कर रहा है। बताया जा रहा है कि इस काम के लिए वह जबलपुर से करीब 15 युवकों की टीम अपने साथ लेकर गया है और पुणे में दो अलग-अलग फ्लैट किराए पर लेकर पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय सटोरिया सनपाल का खास गुर्गा

सूत्रों का दावा है कि उक्त संचालक "रोशू" का संबंध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय सटोरिया सतीश सनपाल से बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि वह सनपाल के नेटवर्क की लाइन लेकर जबलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में सट्टा गतिविधियों को अंजाम देता है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर सक्रिय खत्री बंधुओं समेत कुछ अन्य लोगों से भी उसके करीबी संबंध होने की चर्चाएं हैं, जिनके जरिए नेटवर्क को मजबूत किया गया है।

### फरवरी में दुबई से हुई वापसी

जानकारी के अनुसार हाल ही में फरवरी माह में उक्त व्यक्ति अपने परिवार के साथ दुबई गया था, जहां उसने कथित तौर पर अपने आकाओं से मुलाकात की। इस दौरान उसकी वापसी यात्रा भी सुर्खियों में रही, जब बम विस्फोट की घटना के चलते उसकी फ्लाइट रद्द होने की बात सामने आई। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

### सट्टे से अर्जित रकम से उठाई एक्सयूवी

सूत्र यह भी बताते हैं कि 12 मार्च को उसने एक नई एक्सयूवी कार खरीदी है, जिसे सट्टे से अर्जित रकम से जोड़ा जा रहा है। वहीं जबलपुर के मदन महल क्षेत्र में कोरी नामक एक व्यक्ति के यहां सट्टे की नगदी रखवाने और वहीं से लेन-देन संचालित करने की भी चर्चा है। यह स्थान कथित तौर पर नेटवर्क का स्थानीय वित्तीय केंद्र बना हुआ है।

**म्यूजिक शोरुम और थोक रेडिमेड कपड़ा दुकान आग में खाक**

# अग्नि दुर्घटना : 10 घंटे आग से जूझते रहे दमकल कर्मी

**जबलपुर।** गर्मी की दस्तक के साथ ही अग्नि हादसो का सिलसिला शुरु हो गया हैं। शहर के व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्र में एक कपड़े की थोक दुकान अरिहंतो एपरल्स में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई, जिससे करोड़ों रुपये का भारी नुकसान हुआ। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। मौके पर दमकल की टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। इस हादसे में करोड़ों के माल और संपत्ति के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

करमचंद चौक के समीप सोमवार की देर रात 10.30 बजे एक रेडिमेड कपड़े की थोक दुकान और इलेक्ट्रानिक्स की दुकान में भीषण आग लग गई, जिसमें करोड़ो रुपए का नुकसान बताया गया। पूरी रात दमकल वाहन पानी ले लेकर आग बुझाने दौड़ते रहे। रात 11.30 बजे से सुबह 8 बजे तक 6 दमकल वाहन करीब 50 ट्रिप पानी लेकर पहुंचे तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। 10 घंटे की मशक्कत के बाद आग नियंत्रित हो सकी। नगर निगम के दमकल सूत्रों के मुताबिक देर रात 2 बजे सुरक्षा संस्थान से हाईटैक फायर वाहन भी बुलाये गए थे, इस वाहन में घटना स्थल के आसपास भवनों में बारिश की ताकि आग को फैलने से रोका जा सके। नगर दमकल विभाग ने बताया कि करमचंद चौक के पास स्थित तीन मंजिला भवन में स्थित अरिहंतो एपरल्स, इलेक्ट्रानिक्स की दुकान म्यूजिक प्लेस और ऊपर कपड़े की दुकान में देर रात 11 बजे आग लगने की सूचना मिली, उसके बाद नगर निगम के वाहन मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरु किया। आग की विकरालता को देखते हुए एक के बाद एक 6 दमकल वाहन पहुंचे उसके साथ ही सुरक्षा संस्थान को हाईटेक फायर बिग्रेड वाहन भी बुलवाया गया, जिसने बिल्डिंग के चारों और बारिश जैसी पानी की बौछार की, जिसके बाद आग को पूरी तरह से कंट्रोल किया गया है। सुबह लगभग 8 बजे तक फायर अमला आग बुझाने में जूझता रहा है। इनके साथ ही 4 थानों की पुलिस, बिजली कर्मचारी और पूर्व विधायक विनय सक्सेना, पार्षद अयोध्या तिवारी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी अपने-अपने स्तर पर हरसंभव मदद के लिए जुटे रहे है।

### सुबह फिर भडकी आग

सुबह 8 बजे दमकल विभाग पर आग पर काबू पाकर लौटा ही था कि सुबह 9 बजे के लगभग गोदाम के ऊपरी हिस्से में फिर से आग भड़क गई। एक बार फिर फायर बिग्रेड मौक पर पहुंची और एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू में किया।
घटना को लेकर करमचंद चौक स्थित म्यूजिकल पैलेस और सिमराज स्पोटर्स के मालिक राजेश गंगवानी ने बताया कि सोमवार रात करीब 9:30 वह दुकान, गोदाम बंद कर घर चले गए थे। आग लगने की सूचना पर करीब 10:30 बजे मौके पर पहुंचे तो आग ने दुकानों को तबाह कर दिया था। आग दुकान में कैसे लगी फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है। दुकान पहुंचने से पहले ही फायर अमला मौके पर पहुंचते हुए आग बुझाने का प्रयास कर रहा था। राजेश गंगवानी का कहना है कि आग में करीब 2 करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

### कपडों की दुकान तक पहुंची आग

कुछ देर में म्यूजिकल पैलेस की आग ऊपरी हिस्से में स्थित अरिहंतो एपरल्स में पहुंची और वहां रखे कपड़ों में आग लग गई जिसने विकराल रूप ले लिया। यहां सूट शेरवानी, से लेकर अन्य कपडों का बंपर स्टाक रखा था। आग से अंदर रखे कपडे पूरी तरह खाक हो गई दुकान संचालक अभी आग से नुकसान का आंकलन कर रहे हैं।

### सकरे इलाके ने बढ़ाई मुसीबत

बताया जाता है कि जिस स्थान पर आग लगी है वहां तक दमकल वाहनों और कर्मचारियों की सीधी पहुंच नहीं होने के कारण आग बुझाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानों में प्लास्टिक, कपड़े और अन्य जल्दी आग पकडने वाली सामग्री होने से पूरे इलाके में घना धुआं फैल गया था। 8 घंटे से अधिक रहवासी क्षेत्र के लोग दहशत में रहे । बताया जाता है कि जिस मार्केट में आग लगी उसके पास आधा दर्जन से अधिक घर है और अस्पताल भी है।

## गोबरधन योजना के तहत बायोगैस प्लांट का स्थल निरीक्षण

**जबलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की गोबरधन योजना के तहत ग्राम पंचायत महगवां परियट जनपद पंचायत पनागर में स्वीकृत बायोगैस प्लांट का स्थल निरीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा की गई। यह बायोगैस 30 घन मीटर में बनेगा है, जिसकी लागत राशि 22 लाख 67 हजार रूपये है। बायोगैस संयंत्र से 400 मीटर की दूरी पर एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय स्थित है जिसमें भोजन पकाने में वर्तमान में एक माह में 60 सिलेण्डर की खपत है। इस संयंत्र के स्थापित हो जाने से बायोगैस के माध्यम से बच्चो का भोजन तैयार किया जावेगा। जिससे की लगभग राशि 60 हजार रूपये बायोगैस संयंत्र को संचालित करने हेतु प्रतिमाह प्राप्त होगा तथा संयंत्र से निकलने वाले स्लरी, खाद एवं गौकाष्ट से अलग से राशि प्राप्त होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने भ्रमण के दौरान उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पनागर एवं संबंधित उपयंत्री को आवश्यकतानुसार पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करने के निर्देश दिये।




# पुस्तकों का सानिध्य व्यक्ति को पूर्ण बनाता है : जिला शिक्षा अधिकारी

**जबलपुर।** गोल बाजार स्थित ऐतिहासिक शहीद स्मारक परिसर में आयोजित तृतीय 'पुस्तक मेला 2026' अपने सातवें दिन भी ज्ञान और उत्साह का केंद्र बना रहा। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विवेक पटेल उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उप संचालक पी.पी. सिंह शामिल हुए। अतिथियों ने माँ सरस्वती के पूजन के साथ सायंकालीन सत्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### स्वाध्याय और पड़ने की संस्कृति पर जोर

उप संचालक पी.पी. सिंह ने पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद के 'गोदान' जैसे साहित्य को पढ़ते समय पात्र सजीव हो उठते हैं। उन्होंने पठन-पाठन की महत्ता बताते हुए कहा, "Reading makes a full man, writing an exact man and confidence a ready man"। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि डिजिटल युग में भी स्वाध्याय के लिए समय निकालें, क्योंकि पुस्तक पढ़ने का आनंद अद्वितीय है।

### अभिभावकों और बच्चों को मिली राहत

मुख्य अतिथि विवेक पटेल ने कहा कि तीन साल पहले जबलपुर के अभिभावकों को स्कूल सामग्री पर भारी खर्च करना पड़ता था, लेकिन तत्कालीन कलेक्टर श्री सक्सेना और जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी की पहल ने पालकों को बड़ी राहत दी। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि पुस्तक प्रेमियों के लिए भी एक बेहतरीन अवसर है। यहाँ स्कूल की समस्त सामग्री किफायती दामों पर उपलब्ध है, जिससे मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है।

### खरीदारी के साथ मनोरंजन का संगम

श्री विवेक पटेल ने शिक्षा विभाग की पूरी टीम और शिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ खरीदारी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन पालकों और बच्चों के लिए मनोरंजन का साधन भी बनता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह मेला हर साल इसी तरह आयोजित होता रहे।

**डॉक्टरी के साथ कला जगत में भी पहचान बना रहे डॉ. संदीप भगत**

# अस्पताल में इलाज, फिल्मों में संगीत

अनुरोध पटेरिया

**जबलपुर।** डॉ. संदीप भगत एमडी डॉक्टर के रूप में मरीजों की सेवा कर रहे हैं। चिकित्सा सेवा के साथ वे गायन, अभिनय और संगीत निर्देशन के माध्यम से फिल्म और संगीत जगत में भी सक्रिय हैं और दोनों क्षेत्रों में संतुलन बनाते हुए अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। चिकित्सा सेवा और कला-संगीत जैसे दो अलग क्षेत्रों में एक साथ पहचान बनाना आसान नहीं होता, लेकिन डॉ. संदीप भगत ने यह कर दिखाया है। वे शासकीय अस्पताल में डॉक्टर के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कला और संगीत की दुनिया में भी सक्रिय हैं। डॉ. भगत का बचपन से ही कला और संगीत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता स्व. प्रहलाद भगत रेलवे में गार्ड थे और माता स्व. कुसुमलता गृहिणी थीं। परिवार में कला का वातावरण रहा, जिससे बचपन से ही उनके भीतर संगीत के प्रति रुचि विकसित हुई।

### गीतकार स्व. शैलेन्द्र से है नाता

उनके ताऊजी हिंदी फिल्मों के सुप्रसिद्ध गीतकार स्व. शैलेन्द्र थे, जिनके गीत आज भी लोगों की जुबान पर हैं। वहीं मातृपक्ष से भजन सम्राट स्व. हरिओम शरण से भी उनका पारिवारिक संबंध है, जिसने उन्हें संगीत के प्रति और प्रेरित किया। डॉ. भगत बताते हैं कि डॉक्टर बनने की इच्छा उन्हें बचपन से ही थी। अपने आसपास डॉक्टरों को देखकर वे उनसे प्रेरित हुए और चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए एमबीबीएस और एमडी की पढ़ाई पूरी की। वर्तमान में वे शासकीय अस्पताल में सेवाएं देते हुए मरीजों की सेवा को अपना सबसे बड़ा दायित्व मानते हैं। वे कहते हैं कि शासकीय सेवा व्यक्ति में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना विकसित करती है। विभिन्न विभागों से लगातार संपर्क के कारण नियम-कानून की समझ भी बढ़ती है और चुनौतियों का सामना करने का आत्मविश्वास भी मिलता है।

### अनु मलिक से हुई मुलाकात

संगीत के क्षेत्र में उनका सफर भी रोचक रहा। वर्ष 1989 में इंटर्नशिप के दौरान वे फिल्मी गीत-संगीत के सिलसिले में मुंबई पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात प्रसिद्ध संगीतकार अनु मलिक से हुई। उस समय उन्हें एक धार्मिक गीत लिखने का अवसर मिला, हालांकि वह गीत फिल्म में शामिल नहीं हो सका। अनुभव से प्रेरित होकर वे जबलपुर लौटे और देवी गीतों का अपना पहला एल्बम "मां शेरोंवाली" तैयार किया। इसके बाद उन्होंने कई म्यूजिक एल्बम और शॉर्ट फिल्मों में काम किया।

### फिल्मों में दिया गीत और संगीत

वर्ष 2003 में बॉलीवुड निर्देशक बाल नवले ने उन्हें फिल्मों में गीत और संगीत देने का अवसर दिया। उनके लिखे गीतों को अनूप जलोटा, शब्बीर कुमार, स्वाति शर्मा और सुप्रिया पाठक जैसे प्रसिद्ध गायकों ने स्वर दिए हैं। डॉ. भगत हिंदी फिल्म "ब्लैक फ्यूचर" में अभिनय कर चुके हैं, जबकि मराठी फिल्म "मुंबई सेंट्रल" में गीत और संगीत दिया है। इसके अलावा वे कई म्यूजिक एल्बम, यूट्यूब फिल्म और शॉर्ट फिल्मों से भी जुड़े रहे हैं। उनके अनुसार अभिनय, गायन और संगीत निर्देशन तीनों ही क्षेत्र उन्हें प्रिय हैं, लेकिन संगीत निर्माण उन्हें सबसे अधिक आकर्षित करता है।



जबलपुर के डॉ. संदीप भगत, जो चिकित्सा सेवा के साथ फिल्म और संगीत जगत में भी सक्रिय हैं।

**हाइलाइट**

### संगीत भी एक तरह की थेरेपी

डॉ. संदीप भगत का कहना है कि अच्छा संगीत सुनने से शरीर में डोपामिन और एंडोर्फिन जैसे हार्मोन निकलते हैं, जिससे मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उनके अनुसार संगीत केवल मनोरंजन नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है।

### फिल्मों और एल्बम से जुड़ाव

**फिल्में**

ब्लैक फ्यूचर – अभिनय
मुंबई सेंट्रल – गीत-संगीत

**म्यूजिक एल्बम**

मां शेरोंवाली
नवरात्रि की बहार
कृष्णधाम
निन्नी रानी
हम हैं सनातनी

**यूट्यूब फिल्म**

प्रिया तुम सिर्फ मेरी हो

**शॉर्ट फिल्में**

आखिर कब तक
नैना
मासूम रिश्ते
रेशम की डोरी
अनुराग
झुमकी
दुर्गति

### फैक्ट फाइल

नामः डॉ. संदीप भगत
पेशाः एमबीबीएस, एमडी डॉक्टर (शासकीय अस्पताल)
रुचिः गायन, अभिनय, संगीत निर्देशन
पहला एल्बमः मां शेरोंवाली
प्रेरणाः स्व. शैलेन्द्र और स्व. हरिओम शरण
**जुड़े गायकः** अनूप जलोटा, शब्बीर कुमार, स्वाति शर्मा सहित अन्य

### आने वाले प्रोजेक्ट

गुड बाय मुंबई, गुड बाय सर, रूप की माया, फाइनल डे, शहडोलिया गैंगस्टर, एक थी मजबूरी और जीवन की जंग जैसी फिल्मों में गीतकार और संगीतकार के रूप में काम कर रहे हैं।

### होम प्रोडक्शन

चस्का (शॉर्ट फिल्म), यारी हमारी (शॉर्ट फिल्म), दिल लिवर से (वीडियो एल्बम)

### कोटेशन

जिंदगी हंसने-गाने के लिए है, इसे निराशा में खोना नहीं चाहिए। "सही समय पर किसी योग्य गुरु का मार्गदर्शन मिल जाए तो व्यक्ति अपनी प्रतिभा से समाज को सकारात्मक दिशा दे सकता है।"

— डॉ. संदीप भगत

# शहर में जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन की युगलपीठ ने एक मामले में कहा कि जब डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट निगेटिव है तो अपीलार्थी को दुष्कर्म का आरोपी कैसे बना दिया गया। कोर्ट ने अपीलार्थी को दी गई आजीवन कारावास की सजा निरस्त कर दी। कोर्ट ने कहा कि जुर्माने की वसूली गई राशि अपीलार्थी को वापस की जाए। बालाघाट निवासी आशीष बिसेन की ओर से अधिवक्ता योगेन्द्र गोलंदाज ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि बालाघाट की विशेष कोर्ट ने 13 सितंबर, 2024 को अपीलार्थी को दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अपीलार्थी पर आरोप था कि उसने नौ माह बी बच्ची के साथ ज्यादती का प्रयास किया। उन्होंने दलील दी कि अपीलार्थी का पीड़िता के परिवार से पुरानी दुष्मनी थी। डीएनए टेस्ट भी नकारात्मक आई, इसके बावजूद उसे दोषी करार दे दिया गया। हाईकोर्ट ने अपील पर सुनवाई के बाद कहा कि डीएनए रिपोर्ट नकारात्मक है, स्वतंत्र गवाहों ने अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन नहीं किया है। पीड़िता की मां ने अपीलकर्ता के साथ अपनी दुश्मनी स्वीकार की है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि यह झूठे केस में फंसाने का मामला है।

- डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट निगेटिव दुष्कर्म का आरोपी कैसे बना दिया
- हाईकोर्ट ने निरस्त की आजीवन कारावास की सजा

## सट्टे का नंबर नहीं बताने पर चाकू मारा

**जबलपुर।** खमरिया थाना अतंर्गत प्रेमनगर पिपरिया में एक बदमाश ने एक युवक से सट्टे का नंबर पूछा, उसने कहा कि वह सट्टा नहीं खेलता, उसके बाद बदमाश ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। खमरिया पुलिस के मुताबिक प्रेमनगर पिपरिया निवासी 47 वर्षीय ड्रायवर ओमप्रकाश चौधरी गत शाम लगभग 5 बजे अपने घर के पास खड़ा था तभी मोहल्ले का दीपक उर्फ भाई चौधरी उसके पास आया और उससे सट्टा का नम्बर पूछने लगा, उसने कहा सट्टा नहीं खेलता हूं तो दीपक उससे शराब पीने के लिए रुपए की मांग करते हुए चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

## गदा यात्रा में गूँजे हिन्दू राष्ट्र के संकल्प के जयघोष

# जय श्रीराम, जय हनुमान के स्वर गूंजे

**जबलपुर।** हिन्दू सेवा परिषद के चतुर्दश स्थापना दिवस एवं हिन्दू नववर्ष के अवसर पर मंगलवार को नौदरा ब्रिज स्थित हनुमान मंदिर से ऐतिहासिक गदा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत माता और जय श्रीराम के जयघोष गगनभेदी स्वर में गूँजते रहे। यात्रा में 11,000 से अधिक भक्तों ने भाग लिया। यात्रा के मुख्य अतिथि हैदराबाद से पधारे हिन्दू विधायक एवं प्रखर वक्ता टी. राजा सिंह ने कहा कि महाकाल उज्जैन की तर्ज पर बूढ़ी खेरमाई मंदिर जबलपुर से मुख्यमंत्री मोहन जी बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाएँ। उन्होंने आदीवासियों के धर्मांतरण को रोकने, गौ हत्या, लव जिहाद और लैंड जिहाद को समाप्त करने सहित हिन्दू राष्ट्र निर्माण के प्रति युवाओं में जागरूकता पैदा करने का आह्वान किया। गदा यात्रा का मुख्य आकर्षण 31 फीट की मिट्टी की चांदी कलर की गदा और दादा भगवान हनुमान की विशाल प्रतिमा रही। यात्रा में झाकियाँ, बैण्ड बाजे, ढोल, डीजे और भगवा ध्वज के साथ 10 फीट का त्रिशूल विशेष आकर्षण रहा। यात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर करमचंद चौक, तुलाराम चौक, अंधेरदेव, खजांची चौक, फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट होते हुए सिविक सेंटर में समाप्त हुई। यात्रा प्रारंभ होने से पहले हनुमान जी के मंदिर में संतो की अगुवाई में महाआरती का आयोजन किया गया और भगवा ध्वज के साथ गदा यात्रा आरंभ हुई। परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य हिन्दुओं की एकता और अखंड हिन्दू राष्ट्र के संकल्प का संदेश देना था। इस अवसर पर अतुल जेसवानी, नितिन सोनपाली, सौरभ जैन, अक्षय क्षा, गौरव साहू, पंकज कुशवाहा, दीपक विश्वकर्मा, संदीप कच्छवाहा, अभिषेक अहिरवार, उमेश रजक, विनय राजपूत, अंकित साहू, सचिन पटेल, अमित कोल, पप्पू सेन, अक्षय शुक्ला सहित 8,000 कार्यकर्ता उपस्थित थे।।






## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में "भारतीय ज्ञान परंपरा में शोध" विषयक व्याख्यान सम्पन्न




**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान में देश के प्रख्यात विद्वान प्रो. उमेश कुमार सिंह ने "भारतीय ज्ञान परंपरा में शोध" विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक के साथ जोड़कर नई संभावनाओं का विकास किया जा सकता है। वेद, उपनिषद, योग, आयुर्वेद और भारतीय दर्शन की वैज्ञानिकता तथा व्यावहारिक उपयोगिता पर भी उन्होंने चर्चा की।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक पद्धति से जोड़ना समय की आवश्यकता है, जिससे शिक्षा और अनुसंधान को नई दिशा मिले। कार्यक्रम संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि इसका उद्देश्य युवाओं को शोध के प्रति प्रेरित करना और भारतीय परंपरा के ज्ञान को वैश्विक मंच पर स्थापित करना है।मंच संचालन डॉ. तृप्ति उकास ने किया। इस अवसर पर डॉ. नीना उपाध्याय, डॉ. ज्योति जैन, डॉ. मनोज प्रियदर्शन, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. इंद्र कुमार बड़कड़े, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, डॉ. ज्ञानेश पांडेय, डॉ. रुकमणि अहिरवार, श्रीमती लल्लाबाई लोधी, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. कमलेश मौर्य, डॉ. अनिल यादव, डॉ. सुदेश मेहलोरिया सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक और शोधार्थी उपस्थित रहे। इस व्याख्यान ने छात्रों और शोधार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व और आधुनिक अनुसंधान में इसके अनुप्रयोग के प्रति जागरूक किया।

## संकटमोचन हनुमान मंदिर में लगेगा 101 किलो शुद्धघी की इमरती का महाभोग



**बरेला।** बरेला बस स्टैंड के पास स्थित प्राचीन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 1 अप्रैल बुधवार को सुबह 8 बजे से श्री रामचरितमानस अखंड पाठ का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात 2 अप्रैल को मानस पाठ संपन्न होने के बाद सुबह 8 बजे सामूहिक सुंदरकांड हवन पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष भंडारे में 101 किलो शुद्ध घी की इमरती का महाभोग प्रसाद भक्तों को वितरित किया जाएगा। दोपहर 12 बजे बिछिया मंडला जिला की सुप्रसिद्ध सुंदरकांड पार्टी द्वारा संगीत में सुंदरकांड का प्रस्तुतीकरण होगा। शाम 7 बजे महा आरती के साथ खिचड़ी, चना और लड्डू का प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर समिति के पुजारी पंडित शरद अवस्थी, प्रदीप विश्वकर्मा, रजनीश कुमार पांडेय, रमेश नामदेव, दीपक अग्रवाल, उमाशंकर विश्वकर्मा, सतीश चौबे, सचिन, नंदू उपाध्याय, सुनील यादव, राजेश साहू, बबलू सोनी, जेवेंद्र तोमर, कमलेश विश्वकर्मा, मुकेश चक्की, गणेश साहू, नीरज नामदेव, गौरव, गोलू अग्रवाल, ज्ञानू प्यासी, विजय जैन, बबलू सोनकर, अप्पू पांडे, सौरभ, गौरव, नितिन, बिट्टू, गोलू, चिंकी विश्वकर्मा, विनोद धर्नीराम विश्वकर्मा, भूरा साहू, बेनीलाल बंजारा, छोटू सेन आदि ने सभी भक्तों से इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने का अनुरोध किया।

## श्री गहोई सभा चैरिटेबल न्यास ने किया परिवार का जीवन यापन सुदृढ़ बनाने का अभिनव प्रयास

**जबलपुर।** श्री गहोई सभा चैरिटेबल न्यास द्वारा शहर की महिला श्रीमती मोहनी सुहाने को निजी व्यवसाय के लिए सिलाई मशीन वितरित की गई। यह कार्यक्रम पंचायती भवन, तमरहाई चौक में आयोजित किया गया। इस प्रयास का उद्देश्य महिला को आत्मनिर्भर बनाना और उसके परिवार का जीवन यापन सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में न्यास के अध्यक्ष गोपाल दास नीखरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनंत राम बड़ेरिया, उपाध्यक्ष शंभू दयाल बड़ेरिया, महामंत्री एड. अशोक गुप्ता पिपरसानियां, कोषाध्यक्ष इंजी. अरूण खर्द, सचिव इंजी. अशोक नौगरैया, समाज अध्यक्ष इंजी. रामगोपाल ददरया, वरिष्ठ सदस्य सुभाष चन्द्र रावत, एड. उत्तम चंद गुप्ता बिलैया, कैलाश लहरिया, डॉ. अरूण सरावगी, इंजी. कमल कान्त गुप्ता बहरे, रामनारायण पहारिया, श्रीमती सीता सरावगी, मदन कुमार गुप्ता मोदी, अनिल सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने महिला के सुखद और समृद्ध जीवन यापन की कामना की और उसे अपने व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।



## मानवता की शीतल छांव: पथिक और पशु-पक्षियों के लिए शीतल जल प्याऊ उद्घाटित

**जबलपुर।** मां भारती दीर्घा फाउंडेशन की पहल से भीषण गर्मी में पथिकों और पशु-पक्षियों के लिए शीतल और विशुद्ध जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एवं संस्थापिका श्रीमती ज्योति जैन ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा दान है और जल जीवन की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि यह प्याऊ केवल पानी ही नहीं, बल्कि मानवता की शीतल छांव है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इंसान तो मांग कर पानी पी सकता है, पर बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए यह सेवा मानवता का धर्म है। उन्होंने सभी से अपील की कि बूंद-बूंद से जीवन बचाएं और पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने का प्रयास निरंतर जारी रखें। सेवा के इस परोपकार कार्य में लवलीन आनंद, सुषमा बजाज, उल्का साहू, डॉ. कुसुम जैन, वैशाली टेंभरे, नीलम साहू, दीर्घा जैन, नेहा सीरवानी, सविता श्रीवास्तव, वायलेट एंथोनी, रंजना अग्रवाल, पुष्पा केसरी, नीतू खरे, हर्षिता झिगलानी, स्नेहा सोनी, कृष्णा साहू, प्रीति रूसिया, दीपमाला बरमे, रीना पांडे, नीतू सुखदान, दीपा गुप्ता, ज्योति तिवारी, बरखा गुप्ता, एकता साहू, ममता साहू, भगवती ठाकुर, ममता सोनी, उर्मिला साहू, अनुभा शर्मा, नंदनी पटेल, मंजू मित्रा, छाया जुनेजा, नीतू पटेल, पूजा कश्यप, रुबीना जी, मंजू वर्मा, पूजा गुप्ता, रेखा साहने, गीता लोधी, शैली कपूर, कृष्णा साहू, सरिता सोनी, निशा गुप्ता, दीपा गुप्ता, रेखा पांडे, नीतू सुखदान, दीपमाला सिलावट, अर्चना बरहा, माधवी साहू सहित अनेक स्वयंसेवकों की सहभागिता सराहनीय रही। यह पहल मानवता और सेवा के महत्व को उजागर करती है और शहरवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी।






## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 4 करोड़ रुपये की ग्रेच्युटी राशि का भुगतान

**जबलपुर।** नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ एवं अजाक्स संघ के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लगभग 4 करोड़ रुपये की ग्रेच्युटी राशि का भुगतान किया गया। संगठन ने माननीय महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", निगम अध्यक्ष रिंकू विज और निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार को अवगत कराया था कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी लंबित है। निगम प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए राशि का भुगतान सुनिश्चित किया गया। संगठन ने इस कर्मचारी हितैषी निर्णय के लिए महापौर, निगम अध्यक्ष और आयुक्त का आभार व्यक्त किया। साथ ही शेष लंबित भुगतान को शीघ्र कराने की भी मांग की गई। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष अमित मेहरा सहित अक्षय कोरी, राजेंद्र पटेल, होरीलाल पटेल, कोरी नायडू, गुलशन जबलपुरी, जगदीश नन्हेट, शिवमोहन विवेदी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल वाहन रैली कल

## हिन्दू उत्सव समिति का आयोजक



**सिहोरा।** हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल एवं भव्य वाहन रैली का आयोजन कल 2 अप्रैल गुरुवार को किया गया है । जो सुबह 08,30 बजे बाबा शाला से प्रारंभ होकर मझौली बायपास,गाढ़िया मोहल्ला, झंडा बाजार,आजाद चौक,गौरी तिराहा,नया बस स्टैंड से वापस बाबा शाला पहुंच कर कटरा मोहल्ला, झंडा बाजार,काल भैरव चौक,महावीर चौक,मैना कुआं,हरदौल मंदिर,बाबाताल से पेट्रोल पंप तिराहा,फोर लेन,पहरेवा कृषि उपज मंडी, खितौला बाजार,रेलवे फाटक से पान उमरिया रोड, पुलिस थाने के सामने, पर्वत वासनी खेर मां मंदिर से मंझगवा बायपास होकर,नरसिंह मंदिर,बारा मोहल्ला,तुलसी मानस मंदिर से पुनः रेलवे फाटक, खितौला बस स्टैंड,पेट्रोल पंप तिराहा से बाबाताल होते हुए पुराना बस स्टैंड सिहोरा में महा आरती एवं विशाल भंडारा प्रसादी के साथ हिंदू महाकुंभ के रूप में संपन्न होगी सम्पूर्ण रैली मार्ग को झंडों से सजाया गया है साथ ही समापन स्थल को भव्यता देने का प्रयास समिति द्वारा किया गया है।

समिति ने युवाओं,बुजुर्गों के साथ हिंदू समाज के हर वर्ग से,हर वार्ड की दुर्गा उत्सव समिति से , सभी सामाजिक,धार्मिक,व्यवसायिक संगठनो से इस रैली को सफल बनाने के लिए सभी लोगों से सम्मिलित होने का आव्हान किया है। मातृशक्ति के द्वारा वाहन रैली में पुष्प वर्षा की जायेगी। समिति ने बताया रैली में सबसे आगे पवन पुत्र का वाहन कटआउट सहित चलेगा साथ ही अपील की है कि रैली में कोई भी व्यक्ति तलवार आदि लेकर ना चले साथ ही झंडा केवल बांस में लगाकर चले,लोहे या स्टील के पाइप का उपयोग बिल्कुल ना करे। इसी तरह ज्वालामुखी चौराहा में स्थित हनुमान मंदिर में भी 2 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी ने सभी से पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।




## पाथेय संगीत ने आयोजित की सदाबहार फिल्मी गीत संध्या

**जबलपुर।** पाथेय संगीत के तत्वावधान में 31 मार्च की शाम शहीद स्मारक सभागार में नए और पुराने फिल्मी गीतों की मनमोहक संध्या आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कृष्ण कुमार दुबे एवं परामर्शक राजेश पाठक प्रवीण थे। समारोह का संचालन प्रसिद्ध उद्घोषिका डॉ. मंजू गोरे ने किया जबकि संगीत निदेशक अनिकेत देवक रहे। संगीत संध्या में नगर के प्रतिष्ठित कलाकारों ने प्रस्तुति दी, जिनमें अर्चना गोस्वामी, डॉ. कृष्ण कुमार दुबे, पल्लवी फाटक, किरण कोपरिहा, दीप्ति रॉय, मयंक विश्वकर्मा, मीनाक्षी शर्मा, अतुल तिवारी, नेहा खरे, डॉ. अनिल कोरी, राजेश तिवारी, डॉ. आज्ञा मिश्रा, विनीता पैगवार, जी.वी. अग्रवाल, अवनि विश्वकर्मा, सारंग कुमार दुबे शामिल थे।

# ब्लाक कांग्रेस सिहोरा ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सिहोरा।** शासन की विफल नीति के विरोध में 8 सूत्रीय मांगों को लेकर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटेल,नगर अध्यक्ष पवन सोनी के संयोजन में राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।जिसमें कहा गया है गैस सिलेंडर के रेट में वृद्धि पर रोक आपूर्ति में सुधार के साथ होम डिलेवरी बढ़ाने,बिजली के दरों में अप्रत्याशित मूल्य वृद्धि मैं तत्काल रोक लगाने डीजल पेट्रोल की कमी में सुधार कर आपूर्ति निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने, खितौला रेलवे ओवर ब्रिज का लोकार्पण अतिशीघ्र करने, किसानों से बैंक द्वारा ऋण वसूली एक माह के लिए स्थगित की जाये, बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए किसानों का गेहूं 3000 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदा की जाए सहित अनेक मांगे शामिल थी। इस अवसर पर राजेश चौबे पार्षद प्रदेश सचिव, अरशद खान, रमेश पटेल, आलोक पांडे, मंजू मिश्रा उपाध्यक्ष, सीमा ठाकुर, गुड्डू विश्वकर्मा, जमीला बानो, लाल बहादुर पाठक, के,के, कुररिया, संतोष पांडे, संदीप शुक्ला, प्रांजल सराफ, अवसर पटेल, शेख साबिर, रमा चौरसिया, फैज आलम शाह, मनीष शुक्ला, मनीष खंपरिया, डब्बू पाठक, के,के दुबे, गोस भाई आजाद,उ माकांत चौरसिया, राम लोचन गोटिया ओम नारायण श्रीवास्तव,युसूफ खान, सुभाष ठाकुर आदि उपस्थित थे।



## तहसीलदार ने डॉन बॉस्को स्कूल से शासकीय भूमि मुक्त कराई, एक लाख का अर्थदंड लगाया

**बरेला।** तहसीलदार शशांक दुबे के निर्देशन में राजस्व अमले ने ग्राम कोसमघाट स्थित खसरा नंबर 396, रक़बा 0.94 हेक्टेयर शासकीय भूमि को डॉन बॉस्को स्कूल के कब्जे से मुक्त कराया। भूमि की अनुमानित लागत 47 लाख रुपए है। पूर्व में तहसीलदार बरेला के न्यायालय ने स्कूल के विरुद्ध अतिक्रमित भूमि को मुक्त करने का आदेश पारित किया था। इसके विरोध में स्कूल प्रबंधन ने अनुविभागीय अधिकारी जबलपुर ग्रामीण के समक्ष अपील प्रस्तुत की थी, जिसे आदेश दिनांक 12/12/25 में निरस्त कर दिया गया और तहसीलदार का आदेश स्थिर रखा गया। उक्त भूमि को मुक्त कराने के लिए तहसीलदार ने स्कूल को पर्याप्त समय दिया, लेकिन प्रबंधन ने कोई रुचि नहीं दिखाई। इसलिए बेदखली की कार्यवाही की गई और स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध 1,00,000 रुपये का अर्थदंड वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कार्यवाही में राजस्व निरीक्षक सुधीर सोनी और पटवारी पंकज तिवारी सहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे। इस कार्रवाई से शासकीय भूमि के संरक्षण और अतिक्रमण मुक्त करने के संकल्प को बल मिला है।

## नवगठित जिला कार्यसमिति की बैठक में कई अहम निर्णय

**जबलपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई जबलपुर की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को परिषद कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक गंगा पाठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत वाजपेयी, प्रदेश संयोजक मदन अवस्थी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक तथा प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जबलपुर जिले की नवगठित जिला कार्यसमिति के सभी पदाधिकारियों—जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राष्ट्रीय, प्रदेश और संभाग स्तर के पदाधिकारियों ने नवगठित टीम से औपचारिक परिचय किया ।




**श्री अजय कुमार बैनर्जी-** कृष्णा हाइट्स पोलीपाथर गौरीघाट रोड निवासी श्री अजय कुमार बैनर्जी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरीश चंद्र रघुवंशी-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री हरीश चंद्र रघुवंशी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सूरज प्रसाद श्रीवास-** चैतन्य सिटी फेस 2 तिलहरी निवासी श्री सूरज प्रसाद श्रीवास (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विकेश ओर्या-** ललित कॉलोनी निवासी श्री अशोक ओर्या के पुत्र श्री विकेश ओर्या (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुधा श्रीवास्तव-** रवींद्र नगर अधारताल निवासी श्रीमती सुधा श्रीवास्तव (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उद्देश्य कुमार-** भानतलैया बकरा मार्केट निवासी श्री उद्देश्य कुमार (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजीत तोमर-** रामपुर यादव मोहल्ला निवासी श्री अजीत तोमर (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राधे लाल उमरे-** मड़ई व्हीकल निवासी श्री राधे लाल उमरे (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती तपोनिधी दुबे-** लहरी रेसीडेंसी उखरी रोड निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती तपोनिधी दुबे (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362140

## खबर संक्षेप

### पीरामल फाइनेंस का एयूएम एक लाख करोड़ रुपए के पार

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पीरामल फाइनेंस के प्रबंधन के अंतर्गत कुल परिसंपत्तियां (एयूएम) एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई हैं। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा है कि विकास के अगले चरण को गति देने के लिए कंपनी एक सूक्ष्म वित्त संस्थान के अधिग्रहण की इच्छुक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जयराम श्रीधरन ने कहा कि कंपनी मार्च, 2028 के अंत तक अपने एयूएम को बढ़ाकर 1.5 लाख करोड़ रुपये करने के लक्ष्य पर कायम है।

### अमेरिका में पेट्रोल की कीमत चार डॉलर प्रति गैलन के पार



**न्यूयॉर्क।** ईरान युद्ध के बीच वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से अमेरिका में पेट्रोल की कीमत 2022 के बाद पहली बार औसतन चार डॉलर प्रति गैलन से अधिक हो गई है। वाहन कंपनियों के संघ 'एएए' के अनुसार, नियमित पेट्रोल की राष्ट्रीय औसत कीमत अब 4.02 डॉलर प्रति गैलन हो गई है जो युद्ध शुरू होने से पहले की तुलना में एक डॉलर से अधिक है। इससे पहले रूस के यूक्रेन पर हमला करने के दौरान करीब चार वर्ष पहले अमेरिका में पेट्रोल इतना महंगा हुआ था।

### शशांक जैन ब्रुकफील्ड इंडिया रीट के सीईओ नियुक्त



**नई दिल्ली।** ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) ने शशांक जैन को अपनी प्रबंधक कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) के रूप में नियुक्त किया है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मौजूदा सीईओ एवं एमडी आलोक अग्रवाल 30 जून तक पद पर बने रहेंगे, जबकि जैन की नियुक्ति एक जुलाई से प्रभावी होगी।

### गुजरात विक्ट्री ने आईपीओ लाने दस्तावेज जमा किया



**नई दिल्ली।** गुजरात विक्ट्री फोर्जिंग्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष सोमवार को दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ 65 लाख तक नए शेयर और 1.32 करोड़ तक के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। वडोदरा स्थित कंपनी नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग वडोदरा स्थित अपनी मौजूदा यूनिट-III के विस्तार के लिए पूंजीगत व्यय, कर्ज भुगतान और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए करने की योजना बना रही है।

### एनटीपीसी रिन्यूएबल ने बिजली आपूर्ति की शुरू



**नई दिल्ली।** एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. (एनआरईएल) ने गुजरात के खावड़ा स्थित अपनी दो सौर परियोजनाओं से 168.02 मेगावाट बिजली की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी अनुषंगी की अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. (एनआरईएल) ने गुजरात के खावड़ा स्थित अपनी दो सौर परियोजनाओं से 168.02 मेगावाट बिजली की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है।

# देश में प्रति उपयोगकर्ता मासिक मोबाइल डेटा की खपत 31 जीबी से अधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक मोबाइल डेटा की खपत वर्ष 2025 में 31 जीबी के आंकड़े को पार कर गई है जबकि वर्ष 2024 में यह खपत 27.5 जीबी थी। एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी नोकिया के वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड सूचकांक(एमबीइटी) के 13वें संस्करण में कहा गया है कि वर्ष 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर 5जी नेटवर्क पर डेटा का कुल मासिक उपयोग एक साल पहले की तुलना में 70 प्रतिशत बढ़कर 12.9 एक्साबाइट (ईबी) तक पहुंच गया है। इसके साथ ही, देश के कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड ट्रैफिक में 5जी की हिस्सेदारी अब लगभग 47 प्रतिशत हो गई है।

**वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड सूचकांक के 13वें संस्करण पर रिपोर्ट जारी**

### अधिक डेटा खपत वाली सेवाओं की मांग बढ़ी

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक मोबाइल डेटा खपत में हुई यह वृद्धि पिछले पांच वर्षों में 18 प्रतिशत की वार्षिक औसत वृद्धि दर को दर्शाती है। यह बढ़ोत्तरी उन्नत मोबाइल ब्रॉडबैंड के तीव्र विस्तार और कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित अनुप्रयोगों, उच्च गुणवत्ता वाले 4के वीडियो देखने और क्लाउड गेमिंग जैसी अधिक डेटा खपत वाली सेवाओं की बढ़ती मांग का परिणाम है।



### भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी उपभोक्ता

भारत में कुल डेटा उपयोग वर्ष 2025 में 27 एक्साबाइट प्रति माह को पार कर गया है। एक एक्साबाइट का मतलब एक अरब जीबी से थोड़ा अधिक होता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी उपभोक्ता आधार वाला देश बन गया है। साथ ही, 5जी डेटा खपत और 'फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस' उपयोगकर्ताओं की संख्या के मामले में भी भारत विश्व में दूसरे स्थान पर है।

### केबल के बगैर इंटरनेट मुहैया

फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) प्रौद्योगिकी की मदद से घरों या कार्यालयों में केबल के बगैर उच्च गति का इंटरनेट मुहैया कराया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 5जी डेटा में एफडब्ल्यूए की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत को पार कर गई है और इसके उपयोगकर्ताओं की संख्या में पिछले साल की तुलना में दोगुनी वृद्धि देखी गई है। नोकिया इंडिया की नामित कंट्री मैनेजर विभा मेहरा ने कहा, नेटवर्क उपयोग के नए तरीकों और स्मार्ट सेवाओं के अनुरूप बदलने के समय नोकिया दूरसंचार कंपनियों के साथ मिलकर एक ऐसा भविष्य-उन्मुख और उच्च प्रदर्शन वाला बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एफएंडओ सौदों पर एसटीटी बढ़ेगा, आयकर अधिनियम 2025 अधिनियम 1961 का स्थान लेगा

# नया आयकर कानून, कई बजटीय प्रावधान आज से होंगे लागू

**साफ्टवेयर कंपनियों के लिए सेफ हार्बर प्रावधानों की सीमा बढ़ाई गई**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए आयकर कानून और अन्य बजटीय प्रावधान एक अप्रैल से लागू होंगे। इन बजटीय प्रावधान में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार पर उच्च प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और चिकित्सा तथा शिक्षा उद्देश्यों के लिए विदेशी पर्यटन पैकेज एवं एलआरएस प्रेषणों पर कम टीसीएस शामिल हैं। इसके अलावा, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए 'सेफ हार्बर' प्रावधानों की सीमा बढ़ाने से संबंधित बजट घोषणाएं भी वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ बुधवार से प्रभावी हो जाएंगी। आयकर अधिनियम, 2025 एक अप्रैल 2026 से आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा।

■ ई-फाइलिंग मंच नए व पुराने, दोनों आयकर कानूनों की अनुपालन की छूट देगा




### विदेशी यात्रा पैकेज पर टीसीएस अब 20 फीसदी

विदेशी यात्रा पैकेज पर टीसीएस 20 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। चिकित्सा और शिक्षा के लिए प्रेषण पर टीसीएस पांच प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत होगा। इसके अलावा, बजट में घोषित 20 वर्ष की कर छूट से घरेलू डेटा सेंटर कंपनियों को भी बड़ा लाभ मिलने की संभावना है, क्योंकि इससे वे वैश्विक ग्राहकों को सेवाएं देते समय उनकी विदेशी आय पर भारत में कर लगने के जोखिम से बच सकेंगी।

### कर नीति को अधिक तार्किक बनाया गया

नए कानून का उद्देश्य उसी कर नीति को अधिक तार्किक, सुलभ एवं पाठक-अनुकूल प्रारूप में प्रस्तुत करना है। आयकर विभाग ने कहा कि बदलाव अवधि के दौरान उसका ई-फाइलिंग मंच पुराने और नए दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा। साथ ही, पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही अंतिम निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी।

### एकल कर वर्ष व्यवस्था लागू

आकलन वर्ष 2026-27 (जो पुराने कानून की अवधि से संबंधित है) के लिए जुलाई 2026 में रिटर्न दाखिल करने वाले करदाता पुराने कानून के तहत निर्धारित प्रपत्रों का ही उपयोग करेंगे। कर वर्ष 2026-27 के लिए अग्रिम कर भुगतान जो जून 2026 से शुरू होगा..उसे नए कानून के अनुसार किया जाएगा। आयकर अधिनियम, 2025 में आकलन वर्ष और पूर्व वर्ष के अंतर को समाप्त कर एकल 'कर वर्ष' व्यवस्था लागू की गई है।

### वायदा अनुबंधों पर एसटीटी बढ़कर 0.05 प्रतिशत

साथ ही, समय सीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल होने पर भी टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) की वापसी बिना किसी दंड शुल्क के लेने की अनुमति दी गई है। एक अप्रैल से लागू होने वाला एक अन्य बड़ा बदलाव वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) सौदों पर एसटीटी में वृद्धि है। वायदा अनुबंधों पर एसटीटी 0.02 प्रतिशत से बढ़कर 0.05 प्रतिशत हो जाएगा। विकल्प प्रीमियम एवं विकल्प के प्रयोग पर एसटीटी क्रमशः 0.1 प्रतिशत और 0.125 प्रतिशत से बढ़कर 0.15 प्रतिशत हो जाएगा।

### छोटे निवेशकों को बचाने एसटीटी में वृद्धि

एसटीटी में यह बढ़ोतरी इक्विटी बाजार के एफएंडओ खंड में सट्टेबाजी को सीमित करने और छोटे निवेशकों को भारी नुकसान से बचाने के उद्देश्य से की गई है। इक्विटी डेरिवेटिव (एफएंडओ) खंड में कारोबार करने वाले व्यक्तिगत निवेशकों की संख्या 2024-25 में 1.06 करोड़ थी जो 2025-26 में (30 दिसंबर 2025 तक) घटकर लगभग 75.43 लाख रह गई। व्यक्तिगत

### निवेशकों को 1.05 लाख करोड़ का नुकसान

सेबी के अध्ययन 'इक्विटी डेरिवेटिव खंड में वृद्धि बनाम नकद बाजार' के अनुसार, 2024-25 में व्यक्तिगत निवेशकों को 1.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध नुकसान हुआ। विदेशी यात्रा पैकेज और उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत चिकित्सा व शिक्षा के लिए भेजी जाने वाली राशि पर टीसीएस (स्रोत पर एकत्रित कर) में कमी का उद्देश्य मध्यम वर्ग को राहत देना है।

# आयकर रिटर्न के सभी फॉर्म अधिसूचित




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) के सभी फॉर्म अधिसूचित कर दिए हैं। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 की आय के लिए रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आयकर विभाग ने मंगलवार को आईटीआर-2, 3, 5, 6 और 7 के साथ अद्यतन रिटर्न दाखिल करने के लिए आईटीआर-यू फॉर्म को भी अधिसूचित किया। इसके पहले आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म 30 मार्च को अधिसूचित किए गए थे। इन फॉर्म का इस्तेमाल छोटे और मध्यम करदाता करते हैं। व्यक्तिगत करदाताओं और खातों का ऑडिट आवश्यक नहीं होने वाले करदाताओं के लिए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। आईटीआर-1 (सहज) और आईटीआर-4 (सुगम) अपेक्षाकृत सरल फॉर्म हैं, जो बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम करदाताओं के लिए हैं। सहज फॉर्म को ऐसे निवासी व्यक्ति भर सकते हैं जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय वेतन, एक मकान, अन्य स्रोत (ब्याज) एवं 5,000 रुपये तक की कृषि आय से होती है। वहीं, सुगम फॉर्म ऐसे व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) और फर्म (एलएलपी को छोड़कर) के लिए है, जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से होती है।

■ आकलन वर्ष 2026-27 के लिए सभी फार्म अधिसूचित

# आरबीआई ने निर्यात ऋण अवधि 450 दिन तक बढ़ाई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट के कारण जारी लॉजिस्टिक बाधाओं को देखते हुए निर्यात खेप भेजने के पहले और बाद के लिए आवंटित ऋण की विस्तारित अवधि को 450 दिन तक बढ़ाने की घोषणा की।

यह सुविधा अब 30 जून, 2026 तक किए गए सभी ऋण वितरण पर लागू होगी। निर्यात खेप भेजने के पहले और बाद में दिया जाने वाला ऋण, निर्यातकों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता होता है। निर्यात-पूर्व ऋण का उपयोग निर्यात से पहले कच्चा माल खरीदने, उत्पादन और पैकेजिंग के लिए किया जाता है, जबकि निर्यात-पश्चात ऋण भेजे गए माल का भुगतान मिलने तक कार्यशील पूंजी जरूरतें पूरा करने में मदद करता है। आरबीआई ने एक अधिसूचना में कहा कि विभिन्न हितधारकों से मिले सुझावों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया है। हितधारकों का कहना था कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण निर्यात आय को तय समयसीमा में हासिल करना मुश्किल हो रहा है। इससे पहले यह रियायत 31 मार्च, 2026 तक के वितरण के लिए उपलब्ध थी लेकिन अब इसे तीन महीने और बढ़ा दिया गया है। यह कदम पहली बार नवंबर, 2025 में वैश्विक व्यापार तनाव के बीच उठाया गया था।

■ सुविधा 30 जून 2026 तक किए गए सभी ऋण वितरण पर होगी लागू



### निर्यात मूल्य की वसूली की समयसीमा 15 माह की गई

आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्यात मूल्य की वसूली और उसे देश में वापस लाने की समयसीमा को नौ महीने से बढ़ाकर 15 महीने करने की पहले दी गई छूट जारी रहेगी। यह छूट वस्तुओं, सॉफ्टवेयर और सेवाओं के निर्यात पर लागू है। केंद्रीय बैंक ने कहा, पश्चिम एशिया संकट के कारण जारी लॉजिस्टिक व्यवधानों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि 30 जून, 2026 तक किए गए सभी वितरणों के लिए 450 दिन की बढ़ी हुई निर्यात ऋण अवधि लागू रहेगी।

## सिग्नेचर ग्लोबल व आरएमजेड में संयुक्त उद्यम करार



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड और आरएमजेड समूह ने गुरुग्राम में एक व्यावसायिक परियोजना विकसित करने के लिए समान भागीदारी वाला संयुक्त उद्यम समझौता किया है। इसके तहत आरएमजेड समूह ने 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 1,293 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस वर्ष फरवरी में सिग्नेचर ग्लोबल ने आरएमजेड समूह के साथ मिलकर लगभग 7,500 करोड़ रुपये के कुल निवेश से 18 एकड़ में फैली एक व्यावसायिक परियोजना विकसित करने की घोषणा की थी। इस परियोजना में कुल 55 लाख वर्ग फुट पट्टे पर देने योग्य क्षेत्र होगा। इसमें से लगभग 35 लाख वर्ग फुट क्षेत्र प्रमुख कार्यालयों के लिए और शेष हिस्सा खुदरा दुकानों व दो होटल के लिए होगा।

# यूरोपीय देशों में मुद्रास्फीति बढ़कर 2.5 प्रतिशत पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| फ्रैंकफर्ट

ईरान युद्ध के कारण ईंधन की कीमतों में तेज वृद्धि होने से यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में मुद्रास्फीति दर मार्च में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 1.9 प्रतिशत थी। यूरोपीय संघ की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, ईरान युद्ध के बीच फारस की खाड़ी क्षेत्र से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने के बाद मुद्रास्फीति दर में यह उछाल आया है।

यूरोपीय सांख्यिकी एजेंसी यूरोस्टैट के मुताबिक, मार्च में ऊर्जा संसाधनों की कीमतें 4.9 प्रतिशत बढ़ गईं जबकि फरवरी में इनमें 3.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। मार्च में खाद्य वस्तुओं की महंगाई अपेक्षाकृत कम 2.4 प्रतिशत रही जबकि स्वास्थ्य सेवा और सैलून जैसी सेवाओं की कीमतों में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ईरान पर अमेरिका एवं इजराइल के हमले के बाद छिड़ी इस जंग से महंगाई में आई तेजी का असर आम लोगों पर भी दिखने लगा है।

### ईरान युद्ध के कारण ईंधन की कीमतों में तेज वृद्धि




### 20 प्रतिशत वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित

होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल एवं गैस टैंकर की आवाजाही बाधित होने से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का करीब 20 प्रतिशत प्रभावित हुआ है। इससे आने वाले समय में ईंधन बाजार में स्थिति और बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है।

### कंपनियां कीमतें बढ़ानें में अधिक तेजी दिखा सकती है

यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) की प्रमुख क्रिस्टीन लेगार्ड ने कहा है कि 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद मुद्रास्फीति दर दहाई अंक तक पहुंचने के अनुभव को ध्यान में रखते हुए इस बार कंपनियां कीमतें बढ़ाने में अधिक तेजी दिखा सकती हैं।

# जेटवर्क का आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल




**नई दिल्ली।** जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग बिजनेसेज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 4,000 करोड़ से 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष गोपनीय मार्ग से शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित निर्गम में नए शेयर और बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल होगी। कंपनी ने मंगलवार को जारी सार्वजनिक सूचना में कहा कि उसने प्रस्तावित आईपीओ के संबंध में आईपीओ दस्तावेज (डीआरएचपी) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष और शेयर बाजारों के समक्ष दाखिल किए हैं। जेटवर्क ने गोपनीय मार्ग से दस्तावेज दाखिल किए हैं जिससे कंपनी दस्तवेजों का मसौदा सार्वजनिक किए बिना सेबी से शुरुआती प्रतिक्रिया प्राप्त कर सकती है।

# सेबी ने एलीटकॉन, प्रवर्तक व अन्य को किया प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कथित हेरफेर गतिविधियों एवं भ्रामक खुलासों के आरोप में एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, उसके प्रवर्तक एवं प्रबंध निदेशक विपिन शर्मा और चार अन्य को प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने से प्रतिबंधित कर दिया है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को जारी अंतरिम एकपक्षीय आदेश में शर्मा और चार अन्य इकाइयों से लगभग 51.26 करोड़ रुपये की कथित अवैध कमाई जब्त करने का निर्देश दिया।

■ हेरफेर गतिविधियों व भ्रामक खुलासों के कारण प्रतिबंध



### शेयर की कीमतों को कृत्रिम रूप से सहारा

नियामक ने कहा कि यह आचरण शेयर कीमत को कृत्रिम रूप से सहारा देने और निवेशकों की रुचि का लाभ उठाने की योजना की ओर संकेत करता है, जिससे बाजार में हेरफेर की आशंका उत्पन्न होती है। इसी के तहत सेबी ने छह इकाइयों को अगले आदेश तक प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रतिभूतियों की खरीद-फरोख्त से रोक दिया है।

### मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 11 प्रतिशत से अधिक टूटा

# पश्चिम एशिया युद्ध के बाद से निवेशकों के डूबे 51 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद से शेयर बाजार में निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 11 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक बाजारों पर युद्ध के व्यापक प्रभाव के कारण निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बाजार से पूंजी निकासी से भी झटका लगा है। पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से संघर्ष शुरू होने के बाद से बीएसई सेंसेक्स 9,339.64 अंक यानी 11.48 प्रतिशत लुढ़क गया है। शेयर बाजार में आई इस भारी गिरावट के चलते, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान 51,09,498.82 करोड़ रुपये घटकर 4,12,41,172.45 करोड़ रुपये (4,360 अरब डॉलर) पर रहा।

■ युद्ध के प्रभाव के कारण निवेशक जोखिम लेने से बच रहे



### एफआईआई ने एक लाख करोड़ से अधिक की निकासी की

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और कमजोर होते रुपये के कारण विदेशी निवेशकों ने मार्च में घरेलू शेयर बाजार से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है, जो किसी एक महीने में अब तक की सबसे बड़ी निकासी है।

### एफआईआई ने गिरावट में प्रमुख भूमिका निभाई

बजाज ब्रोकिंग के एसोसिएट उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) पी मुखर्जी ने कहा, ''संघर्ष शुरू होने के बाद के चार सप्ताह में जोखिम से बचने की तेज प्रवृत्ति देखी गयी है। यह 2020 में कोविड-19 महामारी के कारण वैश्विक बाजार में आई उथल-पुथल के बाद से सबसे तेज है। इस दौरान, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी ने बाजार में गिरावट के पीछे प्रमुख भूमिका निभाई है। इससे लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा।''

### मौजूदा नरमी का कारण दुनिया में बढ़ी अनिश्चितता

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''मौजूदा नरमी का कारण दुनिया में बढ़ी अनिश्चितता है, न कि बुनियादी कारण। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, पश्चिम एशिया में संघर्ष और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने जोखिम से बचने का माहौल बना दिया है।''

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर(म.प्र.)**
**लोककर्म विभाग**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_495960_1 PRO-1035 31/03/2026 | गोकलपुर वार्ड क्र. 68 के अन्तर्गत सामुदायिक भवन के बाजू से प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 02 माह रू. 6.05 लाख | 2000/- 6050/- | 15/04/2026 |

नोट - निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर निगम जबलपुर**

चिंतन

# जल, जंगल व जमीन की सुरक्षा होगी और बेहतर

देश के आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। दशकों तक 'लाल आतंक' के नाम से पहचाने जाने वाला नक्सलवाद अब खत्म हो चुका है। नक्सवादियों के सभी बड़े नेता या तो मारे जा चुके हैं, या उन्होंने इस विचारधारा को छोड़कर सरेंडर कर दिया है। अब जल, जंगल और जमीन की और बेहतर सुरक्षा हो सकेगी। नक्सलवाद का खात्मा सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। अब ऐसे क्षेत्रों में विकास के नए द्वार खुलेंगे, जहां लाल आतंक से लोग त्रस्त थे। इन क्षेत्रों में अब शिक्षा का स्तर सुधरेगा, बच्चों की खेलों में गतिविधियां बढ़ेंगी और सामाजिक तथा आधारभूत ढांचे का विकास होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, 31 मार्च 2026 की निर्धारित समयसीमा से पहले ही भारत से नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है। यदि यह दावा जमीनी हकीकत से मेल खाता है, तो यह केवल सुरक्षा की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिहाज से भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नक्सलवाद की शुरुआत 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुई थी। यह आंदोलन मूलतः जल, जंगल और जमीन पर अधिकार की मांग से जुड़ा था, जिसमें आदिवासी और वंचित वर्गों की आवाज शामिल थी। समय के साथ यह आंदोलन हिंसक रूप लेता गया और देश के कई हिस्सों में सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गया। रेड कॉरिडोर के नाम से पहचाने जाने वाले क्षेत्रों में वर्षों तक विकास की रफ्तार थमी रही और आम जनजीवन भय के साए में रहा। हाल के वर्षों में सरकार द्वारा अपनाई गई बहुआयामी रणनीति ने इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई है। होल ऑफ गवर्नमेंट दृष्टिकोण के तहत सुरक्षा, विकास और विश्वास तीनों मोर्चों पर एक साथ काम किया गया। सुरक्षा बलों के आक्रामक अभियानों के साथ-साथ सड़क, संचार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया गया। विशेषकर छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, बिहार के साथ आंध्र प्रदेश (सीमावर्ती इलाके), केरल, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो इस बदलाव का संकेत है। हालांकि, इस उपलब्धि को अंतिम समाधान मान लेना जल्दबाजी होगी। इतिहास बताता है कि किसी भी विचारधारा को केवल सैन्य कार्रवाई से पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता, जब तक उसके मूल कारणों को संबोधित न किया जाए। यहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि क्या जल, जंगल और जमीन से जुड़े मुद्दों का स्थायी समाधान हो पाया है? क्या आदिवासी समुदायों को उनके अधिकार पूरी तरह मिल रहे हैं? क्या विकास की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई है? यदि इन सवालों के जवाब संतोषजनक नहीं हैं, तो नक्सलवाद भले ही समाप्त हो जाए, लेकिन असंतोष की नई जमीन तैयार हो सकती है। सरकार के सामने अब असली चुनौती "पोस्ट-नक्सल" दौर को संभालने की है। जिन क्षेत्रों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहां अब स्कूलों की घंटियां, खेल के मैदानों की चहल-पहल और रोजगार के अवसरों की उम्मीद सुनाई देनी चाहिए। स्थानीय समुदायों का विश्वास जीतना सबसे बड़ी कुंजी है। यदि उन्हें लगे कि उनकी आवाज सुनी जा रही है और उनके संसाधनों पर उनका अधिकार सुरक्षित है, तभी यह बदलाव स्थायी हो सकेगा। नक्सलवाद के खत्म होने को एक नए भारत की शुरुआत के रूप में देखना चाहिए। जहां सुरक्षा के साथ-साथ न्याय और समानता भी सुनिश्चित हो।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# महंगाई के बेकाबू होने के आसार

भारत ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन के बाद 2016 में एफआईटी ढांचे को अपनाया था। फिलहाल, दुनिया के 3 विकसित देशों सहित 26 देशों ने इस व्यवस्था को अपनाया है। इस संकल्पना में मूल्य स्थिरता को मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य बताया गया है। मौजूदा परिदृश्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित 4% से 2% अधिक या 2% कम के दायरे को आगामी महीनों में पार कर सकती है और इसकी वजह से रिजर्व बैंक को नीतिगत दरों में इजाफा करना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में कमी आ सकती है साथ ही साथ देश की विकास गति भी अवरुद्ध हो सकती है।

ईरान के अमेरिका और इजराइल के साथ चल रहे संघर्ष के बावजूद सरकार ने 25 मार्च को तय किया कि महंगाई की सीमा 4% से 2% अधिक या 2% कम रहेगी। हालांकि, मौजूदा परिदृश्य में इस लक्ष्य को हासिल करना सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के लिए आसान नहीं होगा। बहरहाल, यह अधिसूचना, अर्थात लचीला मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण (एफआईटी) ढांचा, 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक प्रभावी रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस ढांचे को 1 अक्टूबर 2016 में लागू किया गया था। इस ढांचे की हर 5 वर्षों में समीक्षा की जाती है।

पिछली बार इसे मार्च 2021 से मार्च 2026 तक के लिए लागू किया गया था। भारत ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन के बाद 2016 में एफआईटी ढांचे को अपनाया था। फिलहाल, दुनिया के 3 विकसित देशों सहित 26 देशों ने इस व्यवस्था को अपनाया है। इस संकल्पना में मूल्य स्थिरता को मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य बताया गया है। साथ ही, इस व्यवस्था के अंतर्गत मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की स्थापना की गई थी, जिसमें रिजर्व बैंक के तीन अधिकारी और तीन बाहरी सदस्य होते हैं और मौद्रिक नीति की ब्याज दर को मतदान के बहुमत से तय करते हैं। तत्पश्चात, रिजर्व बैंक मौद्रिक समीक्षा के फैसले की घोषणा करता है। महंगाई का स्तर मांग और आपूर्ति के संतुलन पर निर्भर करता है। जब लोगों के पास अधिक पैसा होता है तो वे अधिक वस्तुएं खरीदते हैं, जिससे मांग बढ़ती है। यदि आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं है तो कीमतें बढ़ेंगी। इसके विपरीत, जब मांग कम होती है और आपूर्ति अधिक होती है तो महंगाई घट जाती है। वर्तमान में युद्ध के कारण, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें तेज़ी से बढ़ रही हैं, जिसके कारण भारत में भी पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। इनकी कीमतों में और वृद्धि हो सकती है क्योंकि भारत अपने आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा रूस, इराक, सऊदी अरब, अमेरिका, यूएई, कतर, रूस, ऑस्ट्रेलिया आदि से आयात करता है और वर्तमान में इन देशों से भारत में आपूर्ति सामान्य नहीं है। सरकार और रिजर्व बैंक ने महंगाई की निर्धारित सीमा को बनाए रखने का निर्णय लिया है। यह मानते हुए कि आधार वर्ष में बदलाव से इस सीमा पर कोई दबाव नहीं पड़ेगा और यह निर्धारित स्तर पर कायम रहेगी। 12 फरवरी से सरकार ने महंगाई का मापन आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस नए आधार वर्ष में कई पुरानी वस्तुओं को उनकी अप्रासंगिकता के कारण हटा दिया गया है, और नई वस्तुओं को जोड़ा गया है। साथ ही, खाद्य वस्तुओं का भार घटाया गया है और कुछ गैर-खाद्य वस्तुओं का भार जोड़ दिया गया है, जिनका आमतौर पर महंगाई पर प्रभाव पड़ता है। अभी सामान्यतः महंगाई में वृद्धि का कारण खाद्य कीमतों का बढ़ना माना जाता है, लेकिन नए आधार में खाद्य पदार्थों का भार महंगाई के मामले में कम कर दिया गया है। इसलिए, यह माना जा रहा है कि लंबे समय तक युद्ध के चलते महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित सीमा 4% से 2% अधिक या 2% कम के स्तर पर अक्षुण्ण बनी रहेगी। मुद्रास्फीति को मापने के लिए ऐसी वस्तुएं और सेवाएं चुनी जाती हैं, जो इसकी वृद्धि में सबसे अधिक योगदान देती हैं। इन वस्तुओं को




उनके महत्व के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में वज़न दिया जाता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) हर माह खुदरा महंगाई का आकलन सीपीआई सूचकांक से करता है, जिसमें वे वस्तुएं और सेवाएं शामिल हैं, जिनका रोज़मर्रा के जीवन में अधिक उपयोग होता है, जैसे कि खाद्य, वस्त्र, आवास, ईंधन और स्वास्थ्य सेवाएं।

नए आधार वर्ष के अंतर्गत ऐसी वस्तुएं और सेवाएं भी जोड़ी गई हैं, जिन पर अब लोग अधिक खर्च कर रहे हैं, जैसे कि स्मार्टफ़ोन, इंटरनेट, ईयरफोन, फिटनेस बैंड जैसे उपकरण हमारे जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जबकि पहले इनका उपयोग सीमित था। साथ ही, अब नेटफ्लिक्स, जियो हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसी ओटीटी सेवाएं, ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म, हवाई टिकट, ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं, ऑनलाइन सेवाएं, शॉपिंग की कीमतें, और ग्रामीण इलाकों में मकान के किराए को भी सूचकांक में शामिल किया गया है। अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने के बाद भारत में नायरा एनर्जी ने पेट्रोल की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर वृद्धि की है। वहीं, होटल-रेस्टोरेंट ग्राहक से सरकारी टैक्स के साथ एलपीजी चार्ज भी वसूल कर रहे हैं। हालांकि सरकार ने इस पर रोक लगाई है, लेकिन जमीनी स्तर पर इस रोक का कोई प्रभाव नहीं दिख रहा है। महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपये की कटौती की है। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपये कर दी गई है, जबकि डीजल पर 10 रुपये से शून्य कर दी गई है, ताकि पेट्रोल और डीजल की कीमतें न बढ़ें।

अमेरिका और इजराइल के साथ ईरान की जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे तेल कंपनियों को 30 रुपये प्रति लीटर तक घाटा हो रहा है, जिसे तेल कम्पनियां जल्द ही आमजन पर डाल देंगी। आमतौर पर जब तेल की कीमत बढ़ती है तो परिवहन की लागत बढ़ती है, साथ ही वस्तुओं की कीमत में भी इजाफा होता है। हालांकि, जानकारों के अनुसार सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी में कटौती केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में आगामी चुनावों के मद्देनजर ली गई है और चुनाव के खत्म होने के तुरंत बाद सरकार एक्साइज ड्यूटी में कटौती को वापस ले सकती है। ईरान, इज़राइल और अमेरिका के मौजूदा रुख से ऐसा लगता है कि हाल फिलहाल में यह जंग रुकने वाली नहीं है और लंबे समय तक इस युद्ध के जारी रहने पर कच्चे तेल के साथ-साथ कई जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति शृंखला भी बाधित हो सकती है। उल्लेखनीय है कि भारत दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाली कई वस्तुओं का आयात दूसरे देशों से करता है, इसलिए नए आधार वर्ष में महंगाई की गणना करने वाली वस्तुओं में बदलाव करने के बाद भी महंगाई में अभूतपूर्व इजाफा होने की संभावना है। एक अनुमान के अनुसार भारत में 2026 तक महंगाई दर बढ़कर 4.6% तक पहुँच सकता है, जो पहले 3.9% के आसपास रहने की उम्मीद थी।

यह भारतीय रिजर्व बैंक की स्वीकार्य सीमा के अंदर है, लेकिन रुपया के लगातार कमज़ोर होने से महंगाई पर दबाव और भी बढ़ सकता है। मौजूदा परिदृश्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित 4% से 2% अधिक या 2% कम के दायरे को आगामी महीनों में पार कर सकती है और इसकी वजह से रिजर्व बैंक को नीतिगत दरों में इजाफा करना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में कमी आ सकती है साथ ही साथ देश की विकास गति भी अवरुद्ध हो सकती है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



नई दिशा
ममता कुशवाहा

# डिजिटल युग में जनगणना बदलाव की बुनियाद

भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा को समझने का एक सशक्त माध्यम है। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना, जो विभिन्न कारणों से विलंबित रही, अब एक नए स्वरूप में आरंभ होने जा रही है। यह जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक है, न केवल इसलिए कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, बल्कि इसलिए भी कि इसमें पहली बार जातीय आंकड़ों को व्यवस्थित रूप से संकलित किया जाएगा। यह पहल भारत के प्रशासनिक ढांचे, नीति-निर्माण और सामाजिक समझ को एक नई दिशा देने की क्षमता रखती है। डिजिटल जनगणना का सबसे बड़ा लाभ इसकी गति और सटीकता में निहित है। पारंपरिक कागज-आधारित प्रणाली में जहां आंकड़ों के संग्रह, संकलन और विश्लेषण में वर्षों लग जाते थे, वहीं डिजिटल माध्यम इस पूरी प्रक्रिया को कहीं अधिक त्वरित और त्रुटिहीन बना सकता है। मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसे उपकरणों के माध्यम से डेटा सीधे केंद्रीय सर्वर पर पहुंचेगा, जिससे मानवीय भूलों की संभावना न्यूनतम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, यह प्रणाली पारदर्शिता को भी बढ़ाएगी और डेटा के सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करेगी। इस जनगणना की एक विशेषता यह भी है कि नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

यह न केवल नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रशासनिक बोझ को भी कम करेगा। हालांकि, इसके साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। लोगों को अपनी जानकारी पूरी ईमानदारी और सावधानी से भरनी होगी, क्योंकि यह डेटा न केवल वर्तमान नीतियों के निर्माण में सहायक होगा, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव भी बनेगा। जनगणना आयुक्त द्वारा दी गई गोपनीयता की गारंटी इस प्रक्रिया में विश्वास को मजबूत करती है, जिससे लोग बिना किसी भय के अपनी जानकारी साझा कर सकेंगे। जनगणना को दो चरणों में पूरा करने का निर्णय भी एक महत्वपूर्ण बदलाव है। पहले चरण में घरों की सूचीकरण और आवास से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पहलुओं का विवरण लिया जाएगा। यह विभाजन न केवल प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाएगा, बल्कि डेटा के विश्लेषण को भी अधिक सटीक और उपयोगी बनाएगा। इससे सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में लक्षित योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवास। इस जनगणना का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू जातीय आंकड़ों का संकलन है। स्वतंत्र भारत में यह पहली बार होगा, जब जातियों का विस्तृत विवरण एकत्र किया जाएगा। इससे देश की सामाजिक संरचना की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी, जो अब तक केवल अनुमान और अधूरी जानकारी पर आधारित रही है। वर्ष 1931 के बाद से जातिगत जनगणना नहीं हुई है, इसलिए वर्तमान में विभिन्न जातीय समूहों के संख्याबल और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में स्पष्ट और प्रमाणिक आंकड़ों का अभाव है। ऐसे में यह जनगणना कई मिथकों और धारणाओं को तोड़ने का कार्य कर सकती है। हालांकि, जातीय जनगणना के साथ कुछ चिंताएं भी जुड़ी हुई हैं। सबसे बड़ी आशंका यह है कि इन आंकड़ों का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए किया जा सकता है।

भारत में पहले से ही जाति आधारित राजनीति का प्रभाव देखा गया है और यदि इन आंकड़ों का दुरुपयोग हुआ तो यह सामाजिक विभाजन को और गहरा कर सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार इन आंकड़ों की व्याख्या कर सकते हैं, जिससे समाज में वैमनस्य और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि सरकार इस दिशा में ठोस नीतिगत उपाय करे, ताकि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग केवल विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए ही किया जाए। जनगणना का मूल उद्देश्य देश की जनसंख्या की संरचना, उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझना है, ताकि प्रभावी नीतियां बनाई जा सकें। यह किसी भी प्रकार के संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति का साधन नहीं होना चाहिए। यदि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग सही दिशा में किया जाए, तो यह देश के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिशा में सरकार, प्रशासन और नागरिकों, तीनों की जिम्मेदारी है कि वे इस प्रक्रिया को सफल बनाएं और इसके उद्देश्यों को सही दिशा में ले जाएं। यदि ऐसा होता है तो यह जनगणना न केवल वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य के भारत के निर्माण में भी एक मजबूत आधारशिला साबित होगी।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भावनाओं को साधता है योग-ध्यान



संकलित
दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित
प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूंगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊंगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूंगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की अहमियत

भारत और अमरीका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (2026) ऐसे समय में उभरकर सामने आया है, जब भारत एक ओर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी को विस्तार देने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर अपनी कृषि-आधारित सामाजिक-आर्थिक संरचना की रक्षा करने की अनिवार्य चुनौती का सामना कर रहा है। फरवरी 2026 में घोषित अंतरिम रूपरेखा ने जहां भारतीय निर्यातकों के लिए अमरीकी बाजार में नए अवसरों के द्वार खोले हैं, वहीं सस्ते अमरीकी कृषि उत्पादों के संभावित आयात ने देश के करोड़ों किसानों के बीच चिंता और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। भारत को ऐसा समझौता करना चाहिए जिससे व्यापार संतुलन ठीक हो जाए। *- चंद्रशेखर शर्मा, कुरुक्षेत्र*

## करंट अफेयर

### 'गेट ऑफ टीयर्स' बन सकता है नया वैश्विक संकट बिंदु



वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार पर पश्चिम एशिया संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य पर पहले से बने दबाव के बीच अब एक और अहम समुद्री मार्ग 'बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य' को लेकर चिंताएं बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह जलडमरूमध्य जल्द ही एक नए वैश्विक तनाव केंद्र के रूप में उभर सकता है, जिससे विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। 'होर्मुज जलडमरूमध्य' दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस के परिवहन का प्रमुख मार्ग है। ईरान ने खुद पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद इस मार्ग को बंद कर दिया है जिससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है। इसी बीच, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि अब बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य भी संकट का केंद्र बन सकता है। दरअसल, 28 मार्च को यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल की ओर मिसाइलें दागीं। यह कदम ईरान-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद पहली बार उठाया गया है। यमन, बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के एक किनारे पर स्थित है और हूती पहले भी लाल सागर में जहाजों पर हमले कर चुके हैं, जिससे 2023 और 2024 में समुद्री यातायात बाधित हुआ था।

## ऑफ बीट

### रंगीन चावल क्या वास्तव में स्वास्थ्यवर्धक हैं



चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं – जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मग़ज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।

## ट्रेंड

### सेमीकंडक्टर उद्योग



भारत का सेमीकंडक्टर उद्योग विभिन्न राज्यों में फल-फूल रहा है, जिससे अनगिनत युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इन प्रयासों को और अधिक व्यापक बनाने के लिए हम सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 पर काम कर रहे हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### केरल की नर्सें



लाखों लोगों के लिए, केरल की नर्सें जीवन के सबसे कठिन क्षणों में सहारा और शक्ति का स्रोत हैं। उन्हीं की बदौलत मैं केरल में शांति से चुनाव प्रचार कर पा रहा हूं, यह जानकर कि दिल्ली में मेरी मां की देखभाल उन्हीं की देखरेख में हो रही है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### समान नागरिक संहिता



सत्ता में वापसी के तीन महीने के भीतर हम असम में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। हमारी बहुआयामी रणनीति में लव जिहाद, लैंड जिहाद, अतिक्रमण और घुसपैठ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी शामिल होगी।

**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### सीबीआई जांच की मांग



एसीबी अब तक झारखंड शराब घोटाले के किसी भी आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल करने में विफल रही है, जिसके परिणामस्वरूप सभी आरोपियों को डिफॉल्ट बेल मिल गई। इसी विषय को लेकर आज राज्यपाल से मिलकर सीबीआई जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# हमसे खरीदें तेल या होर्मुज पर करें कब्जा, खुद की रक्षा करना सीखें, हम मदद नहीं करेंगे

## ईरान के खिलाफ पश्चिमी देशों का साथ न मिलने पर भड़के राष्ट्रपति ट्रंप

*ट्रंप ने कहा कि ब्रिटेन जैसे देश ने ईरान के खिलाफ कार्रवाई में हिस्सा लेने से इनकार किया था, उनके लिए उनके पास दो सुझाव हैं। पहला, ऐसे देश अमेरिका से ईंधन खरीद सकते हैं, क्योंकि यहां इसकी कमी नहीं है। दूसरा, उन्हें हिम्मत दिखानी चाहिए, खुद जलडमरूमध्य तक जाना चाहिए और उसे अपने नियंत्रण में लेना चाहिए*


ईरान के इस्फहान में अमेरिका का बंकर बस्टर से हमला


इजराइल का लेबनान की राजधानी बेरूत के दहिया क्षेत्र पर मिसाइल से हमला

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ तेहरान



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिमी देशों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन जैसे जो देश होर्मुज जलडमरूमध्य के कारण जेट ईंधन नहीं पा रहे हैं, जिन्होंने ईरान के खिलाफ कार्रवाई में हिस्सा लेने से इनकार किया था, उनके लिए उनके पास दो सुझाव हैं। ट्रंप ने कहा, पहला, ऐसे देश अमेरिका से ईंधन खरीद सकते हैं, क्योंकि यहां इसकी कमी नहीं है। दूसरा, उन्हें हिम्मत दिखानी चाहिए, खुद जलडमरूमध्य तक जाना चाहिए और उसे अपने नियंत्रण में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब इन देशों को खुद अपनी रक्षा करना सीखना होगा, क्योंकि अमेरिका हमेशा उनकी मदद के लिए नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि अब बाकी देश खुद अपना तेल हासिल करें। इसके अलावा, ट्रंप ने फ्रांस की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि फ्रांस ने उन विमानों को अपने हवाई क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं दी, जो इजराइल के लिए सैन्य सामान लेकर जा रहे थे। ट्रंप ने फ्रांस के इस रवैये को बहुत ही असहयोगी बताया और कहा कि अमेरिका इस बात को याद रखेगा। वहीं, इटली ने भी ईरान के खिलाफ सैन्य अभियानों के लिए अमेरिकी विमानों को सिसिली स्थित उसके एक अहम हवाई अड्डे का उपयोग करने की अनुमति देने से इनकार किया है।

**फ्रांस और इटली ने अमेरिका को हवाई क्षेत्र उपयोग की अनुमति नहीं दी**

## कुछ हफ्तों में ईरान ऑपरेशन होगा खत्मः रुबियो



*अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका को उम्मीद है कि वह ईरान के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई का लक्ष्य महीनों में नहीं, बल्कि हफ्तों में पूरा कर लेगा। रुबियो ने कहा कि अमेरिकी सेना अपने बताए गए मकसद को पाने में बहुत आगे या तय समय से आगे है, जिसमें ईरान की एयर फोर्स और नेवी को खत्म करना और उनके पास मौजूद मिसाइल लॉन्चर की संख्या में काफी कमी शामिल है। उन्होंने कहा कि हम ये मकसद, हफ्तों में हासिल कर लेंगे, महीनों में नहीं। उन्होंने साफ किया कि होर्मुज स्ट्रेट पर कंट्रोल करने की ईरान की कोई भी कोशिश मंजूर नहीं होगी। दुनिया का कोई भी देश इसे स्वीकार नहीं कर सकता है।*

### ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत जारी

*मार्को रुबियो ने कहा कि सैन्य ऑपरेशन जारी रहने के बावजूद, ईरान और अमेरिका के अंदर कुछ लोगों के बीच खासकर बिचौलियों के जरिए मैसेज और कुछ सीधी बातचीत चल रही थी। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि ईरानी सरकार के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं हो सकते और उन्हें आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा और उन्हें ऐसे हथियार बनाना बंद करना होगा जो उनके पड़ोसियों के लिए खतरा बन सकते हैं। वहीं, मंगलवार को अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पेंटागन में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। ईरान में अब नया शासन है और उसे पहले से ज्यादा समझदारी दिखानी होगी।*

## ईरान के इस्फहान में अमेरिका ने 2000 किलो बंकर बस्टर बम से किया हमला

अमेरिकी सेना ने इस्फहान के हथियार डिपो पर 2000 किलो वजनी बंकर बस्टर बम से हमला किया। इस्फहान में ही ईरान का संवर्धित यूरेनियम का भंडार भी रखा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। ईरान के इस्फहान शहर की आबादी करीब 23 लाख है और यहीं पर ईरानी सेना का बद्र सैन्य अड्डा भी है। बीते साल जब अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था, तब भी इस्फहान में परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस्फहान की रणनीतिक अहमियत भी है। ईरान के संवर्धित यूरेनियम का बड़ा हिस्सा, जो करीब 540 किलो है, इस्फहान के भूमिगत ठिकानों में ही रखा है।

## ईरान का कुवैत के तेल टैंकर पर हमला

ईरान ने सोमवार को दुबई के बंदरगाह पर कुवैत के तेल टैंकर पर हमला किया गया, जिससे टैंकर में आग लग गई। कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने बताया कि दुबई पोर्ट पर खड़े अल-सलमी तेल टैंकर पर ईरानी हमले के कारण आग लग गई। दुबई के अधिकारियों ने जानकारी दी।


ईरान ने दुबई पर खड़े कुवैत के तेल टैंकर पर हमला किया

### इजराइली जहाज था टारगेट

निगरानी सेवा टैंकर ट्रैकर्स डॉट कॉम के मुताबिक इसमें 1.2 मिलियन बैरल सऊदी कच्चा तेल और 800,000 बैरल कुवैती कच्चा तेल था। जो चीन के किंगदाओ की ओर बढ़ रहा था। अल-सल्मी संभवतः टारगेट नहीं था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स ने कहा कि उन्होंने खाड़ी में एक कंटेनर जहाज को टारगेट किया था, क्योंकि उसका संबंध इजरायल से था। लेकिन ऐसा मालूम होता है कि ईरान सिंगापुर का झंडा लगे, हेफोंग एक्सप्रेस का जिक्र कर रहे थे। शिपिंग डेटा के मुताबिक यह अल-सल्मी के पास लंगर डाले हुए था।

## होर्मुज पर जल्द ही अमेरिका का नियंत्रण होगाः वित्त मंत्री बेसेंट



अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि जल्द ही या तो अमेरिकी जहाजों या कई देशों के संयुक्त जहाजों के जरिए अमेरिका का नियंत्रण होर्मुज जलडमरूमध्य पर होगा। फिलहाल कुछ देश ईरान के साथ समझौते करके अपने जहाजों को जलडमरूमध्य पार करा रहे हैं। लेकिन समय के साथ अमेरिका इसे पूरी तरह नियंत्रित करेगा और वहां जहाजों को सुरक्षित रूप से गुजरने की स्वतंत्रता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने जोर दिया कि बाजार में तेल की आपूर्ति अच्छी है और रोजाना कई जहाज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं। लेकिन अंततः अमेरिका इस रास्ते पर फिर से नियंत्रण स्थापित करेगा।

### होर्मुज पर नेतन्याहू ने सुझाया स्थाई समाधान

## ऊर्जा पाइपलाइनों को सऊदी के रास्ते ले जाएं



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए एक सुझाव दिया है। उन्होंने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भरता कम करने के लिए ऊर्जा पाइपलाइनों का रास्ता बदलना चाहिए। इन पाइपलाइनों को सऊदी अरब के रास्ते लाल सागर और भूमध्य सागर की तरफ ले जाना एक स्थायी समाधान हो सकता है। नेतन्याहू ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के पास है। इस वजह से ईरान जब चाहे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को खतरे में डाल सकता है। उन्होंने कहा कि सैन्य समाधान केवल कुछ समय के लिए स्थिरता दे सकता है। लेकिन अगर पाइपलाइनों का रास्ता बदल दिया जाए, तो ईरान की रणनीतिक ताकत कम हो जाएगी। नेतन्याहू का मानना है कि जमीन के रास्ते नए पाइपलाइन नेटवर्क बनाने से वैश्विक ऊर्जा बाजार पर ईरान का दबदबा खत्म होगा।

## ईरान का एमक्यू-9 ड्रोन गिराने का दावा



ईरान की सेना ने दावा किया है कि उन्होंने मंगलवार को इस्फहान के पास एक एमक्यू-9 ड्रोन को निशाना बनाया है। ईरान का दावा है कि ये ड्रोन अमेरिका-इजराइल का है। ईरानी सेना के हवाले से मीडिया ने बताया कि ड्रोन को इंटरसेप्ट कर तबाह कर दिया गया। ईरान ने अमेरिका-इजराइल के अब तक कुल 146 ड्रोन तबाह करने का दावा किया है। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन बेहद खास है और इसे आमतौर पर सर्विलांस और हमलों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह एक महंगा ड्रोन है और इस एक ड्रोन की कीमत करीब 3 करोड़ डॉलर के करीब है।

**भारत दबाव डाले तो युद्ध रुक सकता हैः हिजबुल्लाह**

*लेबनान में हिजबुल्लाह की संसदीय पार्टी के प्रमुख इब्राहिम मोसावी ने कहा कि इजराइल और लेबनान के बीच जारी युद्ध को भारत रोक सकता है। उन्होंने कहा कि यदि भारत इजराइल पर दबाव डाले कि यह मानवीय कानून के खिलाफ है, मानवता के खिलाफ है तो शायद वे यह युद्ध रोक दें। हम केवल एक डिफेंसिव फोर्स हैं। हम इजराइल पर हमला शुरू नहीं कर रहे हैं। अगर वे हमारे बीच हुए समझौते की हर शर्त का पालन करते हैं तो चीजें फिर से शुरू हो सकती हैं और हम एक समझौते पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम युद्ध में और अधिक जानमाल का नुकसान नहीं चाहते हैं।*

## खबर संक्षेप

### कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या



**ओटावा।** कनाडा के सरे में कथित तौर पर संगठित अपराध से जुड़े गोलीबारी के एक मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई है। यह घटना शनिवार रात सरे के सुलिवन हाइट्स इलाके के टाउनहाउस परिसर में हुई। इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने सोमवार को बताया कि मृतक की पहचान 27 वर्षीय जसमन सेखों के रूप में हुई है।

### आर्टेमिस-2 के प्रक्षेपण की तैयारी पूरी



**केप कैनवेरल।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 53 वर्षों में पहली बार मानवयुक्त चंद्र मिशन के प्रक्षेपण के लिए उलटी गिनती शुरू कर दी है। 'आर्टेमिस-2' मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर विशाल स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट बुधवार शाम प्रक्षेपण के लिए तैयार है। यह रॉकेट अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में एक दिन बिताने के बाद 'ओरियन' कैप्सूल के जरिए चंद्रमा की ओर लेकर जाएगा।

### सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति संतोखी का निधन



**पारामारिबो।** सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी का निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। सूरीनाम की राष्ट्रपति जेनिफर गीरलिंग्स-सायमंस ने सोशल मीडिया पर एक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। 'चान' के नाम से प्रख्यात संतोखी ने राष्ट्रपति के रूप में 2020 से 2025 तक देश की बागडोर संभाली थी।

### भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार

# पीएम मोदी ने साणंद में सेमीकंडक्टर ओएसएटी सुविधा का किया उद्घाटन

**यह सुविधा केंद्र सरकार के 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के साणंद में केन्स सेमीकॉन की आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट (ओएसएटी) सुविधा का उद्घाटन किया। इस प्लांट में अब कमर्शियल ऑपरेशन भी शुरू हो गए हैं। पीएम मोदी ने प्लांट का निरीक्षण किया और वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर और चल रहे ऑपरेशंस का जायजा लिया।

साणंद यूनिट लगभग 3,300 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित की गई है। यह प्लांट सेमीकंडक्टर असेंबली, पैकेजिंग और टेस्टिंग का काम करेगा, जो चिप मैन्युफैक्चरिंग वैल्यू चेन का अहम हिस्सा है। यह सुविधा केंद्र सरकार के 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत देश में सेमीकंडक्टर निर्माण की घरेलू क्षमताएं बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है।

**प्लांट चिप निर्माण का अहम हिस्सा**

**3,300 करोड़ के निवेश से स्थापित**


साणंद में केन्स सेमीकॉन की ओएसएटी सुविधा का उद्घाटन करते पीएम मोदी

### इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा

पीएम मोदी ने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देंगी। पीएम नरेंद्र मोदी को उनके सानंद दौरे के दौरान केन्स सेमीकॉन की यूनिट में इस्तेमाल हो रही एडवांस्ड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सुविधा केंद्र में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की और क्लीनरूम और प्रोडक्शन लाइनों का भी निरीक्षण किया। पीएम ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से रोजगार के अवसर बढ़ने और हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में कुशल कर्मचारियों के विकास में मदद मिलेगी।

### प्रतिदिन 63 लाख मॉड्यूल का उत्पादन होगा

प्लांट में कमर्शियल प्रोडक्शन की शुरुआत इंटेलिजेंट पावर मॉड्यूल के निर्माण से हुई है। इन मॉड्यूल्स का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों, इंडस्ट्रियल सिस्टम और ऊर्जा-कुशल उपकरणों जैसे एप्लीकेशंस में बड़े पैमाने पर किया जाता है।

**अश्विनी वैष्णव बोले**

### 2026 में चार और 2027 में दो और सेमीकंडक्टर प्लांट तैयार हो जाएंगे



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2026 तक चार सेमीकंडक्टर प्लांट तैयार हो जाएंगे और 2027 तक दो प्लांट का काम पूरा हो जाएगा। भारत की पहली फैब्रिकेशन यूनिट 2028 तक धोलेरा में तैयार हो जाएगी। वैष्णव ने बताया कि केयन्स सेमीकॉन की सानंद यूनिट देश का दूसरा सेमीकंडक्टर प्लांट है। माइक्रोन टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित देश के सबसे पहले सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन 28 फरवरी को हुआ था और आज, 31 मार्च को, दूसरे प्लांट का उद्घाटन किया गया है। तीसरे प्लांट का उद्घाटन जुलाई में किया जाएगा।

### वायु रक्षा क्षमता होगी और मजबूत

## वायुसेना के लिए माउंटेन रडार को मंजूरी, 1950 करोड़ का एमओयू

**पहाड़ी और सीमावर्ती इलाकों में रखेंगे दुश्मन पर पैनी नजर**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को रक्षा मंत्रालय और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के बीच भारतीय वायुसेना के लिए दो माउंटेन रडार खरीदने को लेकर लगभग 1,950 करोड़ रुपए का यह महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। यह समझौता 31 मार्च को नई दिल्ली में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह सौदा 'भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित' श्रेणी के तहत किया गया है। इसका अर्थ यह है कि इस परियोजना में देश में विकसित तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इन रडार सिस्टम को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रडार विकास स्थापना द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। इसका निर्माण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड करेगी।



### रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे

*ये अत्याधुनिक रडार दुर्गम क्षेत्रों में भी सटीकता के साथ काम करने में सक्षम हैं। विशेष रूप से पहाड़ी और कठिन सीमावर्ती इलाकों में भी दुश्मन की हवाई गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ये रडार उपयुक्त हैं। इन रडार की तैनाती से देश की वायु रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। साथ ही दुश्मन की किसी भी हरकत का समय रहते पता लगाना आसान होगा। ये आधुनिक रडार अलग-अलग टेरीयन में भारतीय वायुसेना के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। रक्षा मंत्रालय की यह पहल आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत की गई है। निर्माण की इस महत्वपूर्ण परियोजना में रडार के साथ-साथ उससे जुड़े उपकरण और जरूरी बुनियादी ढांचे को भी शामिल किया गया है।*

### सेमीकंडक्टर और ग्रीन हाइड्रोजन साझेदारी पर चर्चा

## पीएम मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटन से की फोन पर बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटेन से फोन पर बात की। बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने भारत-नीदरलैंड संबंधों को और गहराई देने के अवसरों पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि सोमवार को नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटेन से बात करके खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। हमने सेमीकंडक्टर, बड़े जल प्रोजेक्ट, ग्रीन हाइड्रोजन और टैलेंट मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में अपनी साझेदारी की संभावनाओं पर जोर दिया। हमने पश्चिम एशिया की



स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और इस क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल करने की जरूरत पर जोर दिया। इस बातचीत में हाई-टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। पीएम मोदी ने बड़े जल परियोजनाओं पर भी चर्चा की, जहां बाढ़ प्रबंधन, डेल्टा तकनीक और टिकाऊ जल समाधानों में नीदरलैंड अनुभव भारत की जल सुरक्षा और जलवायु लचीलेपन के प्रयासों में महत्वपूर्ण सहयोग दे सकता है।

### अपनी मारक क्षमता से समुद्री क्षेत्र की चुनौतियों से निपटेगा नया युद्धपोत

## भारतीय नौसेना को स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट 'दूनागिरी' सौंपा गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीलगिरी श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) के पांचवें और इस श्रेणी के दूसरे युद्धपोत, दूनागिरी (यार्ड 3023), को कोलकाता स्थित जीआरएसई में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। इसका निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में किया गया है।

यह युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट बहुमुखी बहु-मिशन प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है।


'दूनागिरी' युद्धपोत

### लिएंडर श्रेणी के फ्रिगेट का नवीनतम स्वरूप

*दूनागिरी, पूर्व में भारतीय नौसेना के बेड़े का हिस्सा रहे लिएंडर श्रेणी के फ्रिगेट आईएनएस दूनागिरी का नवीनतम स्वरूप है, जिसने 5 मई 1977 से 10 अक्टूबर 2010 तक 33 वर्षों तक राष्ट्र को गौरवशाली सेवा प्रदान की। यह अत्याधुनिक फ्रिगेट नौसेना डिजाइन, स्टील्थ, मारक क्षमता, स्वचालन में अभूतपूर्व प्रगति का प्रतीक है और युद्धपोत निर्माण में आत्मनिर्भरता का बेहतरीन उदाहरण है।*

### भारतीय नौसेना को मिला 'संशोधक' युद्धपोत



भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा संचालित अंतिम सर्वेक्षण पोत (विशाल) संशोधक (यार्ड 3028) को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। यह पोत बंदरगाह/हार्बर के मार्गों का पूर्ण पैमाने पर तटीय और गहरे पानी का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने और नौवहन चैनलों/ मार्गों का निर्धारण करने में सक्षम है। रक्षा और नागरिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा एकत्र करना भी इस जहाज की भूमिका है। लगभग 3400 टन के विस्थापन और 110 मीटर की कुल लंबाई वाले संशोधक में अत्याधुनिक जलवैज्ञानिक उपकरण लगे हैं।

### युद्धपोत तारागिरी का 3 अप्रैल को लोकार्पण



*भारतीय नौसेना अपने नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट तारागिरी (एफ41) को 3 अप्रैल 2026 को विशाखापत्तनम में कमीशन करने जा रही है। इस समारोह की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। यह प्रोजेक्ट 17ए क्लास का 6,670 टन वजनी फ्रिगेट 'मेक इन इंडिया' की प्रतिबद्धता और देशी शिपयार्ड की उन्नत इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रतीक है। आधुनिक हथियार और फ्लेक्सिबल मिशन प्रोफाइल के साथ, तारागिरी भारत की समुद्री ताकत और नीली सीमाओं की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगा। कंबाइंड डीजल या गैस प्रोपल्शन प्लांट से चलने वाला, तारागिरी 'हाई-स्पीड - हाई एंड्योरेंस' वर्सेटिलिटी और मल्टी-डाइमेंशनल समुद्री ऑपरेशन के लिए डिजाइन किया गया है।*

# हनुमान जन्मोत्सव : मंदिर में अखंड रामायण पाठ शुरू
# हनुमान मंदिरों में हवन, पूजन, भंडारे कल

**जबलपुर।** श्री राम भक्त हनुमान जन्मोत्सव कल 2 अप्रैल गुरुवार को श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नगर के हनुमान मंदिरों में विविध आयोजन किए जायेंगे। आज 1 अप्रैल से अखंड रामायण पाठ आरंभ हो रहे वहीं कल 2 अप्रैल को हवन, पूजन, भंडारे के आयोजन होंगे।

### 101 किलो शुद्ध घी की इमरती का महाभोग

बरेला बस स्टैंड नगर परिषद के बाजू में स्थित प्राचीन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव में 1 अप्रैल बुधवार को सुबह 8:00 बजे से श्री रामचरितमानस अखंड पाठ का शुभारंभ होगा साथ ही 2 अप्रैल को मानस पाठ संपन्न होने के बाद सुबह 8:00 बजे सामूहिक सुंदरकांड हवन पूजन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें भंडारे के साथ शुद्ध की इमरती का महाभोग का प्रसाद भी खिलाया जाएगा। श्री संकट मोचन मंदिर समिति के पुजारी पंडित शरद अवस्थी,प्रदीप विश्वकर्मा ,रजनीश कुमार पाण्डेय, रमेश नामदेव, दीपक अग्रवाल,उमाशंकर विश्वकर्मा,सतीश चौबे,सचिन,नंदू उपाध्याय, सुनील यादव आदि ने भक्तों से उपस्थिति की अपील की है।

### काले हनुमान जी में आयोजन

2 अप्रैल को हनुमान जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई जाएगी।



इस अवसर पर पाटन बायपास स्थित विदित सिग्नेचर टाउनशिप के चिंतामणि हनुमान मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे, जहां 12 फीट ऊंची काले हनुमान जी की एक ही पत्थर से निर्मित प्रतिमा श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हनुमान जी ने सूर्य देव से शिक्षा प्राप्त की थी। गुरु दक्षिणा के रूप में सूर्य देव ने अपने पुत्र शनिदेव को मनाकर लाने को कहा। शनिदेव की छाया पड़ने से हनुमान जी का शरीर काला हो गया, लेकिन उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर शनिदेव ने वरदान दिया कि जो भी उनके इस रूप के दर्शन कर तिल का तेल अर्पित करेगा, उस पर शनिदोष का प्रभाव नहीं पड़ेगा। मंदिर में 2 अप्रैल को सुबह 10 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा। वहीं शाम 4 बजे से भजन संध्या और रात्रि 8 बजे महाआरती आयोजित की जाएगी। मंदिर समिति के निमिष अग्रवाल, युवराज तिवारी, गुड्डू शुक्ला, सुधीर तिवारी, चिराग लालवानी एवं पंकज त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### हनुमान रथ यात्रा कल

श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हिंदू एकता मंच द्वारा कल 2 अप्रैल को अधारताल मंदिर से निकाली जाएगी। रथ यात्रा में भगवान श्री हनुमान जी का विशेष भव्य रथ, राम दरबार की आकर्षक झांकी तथा श्री रामलला की मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। रजनीश सिंह चौहान, विमल राय, मनीष अग्रहरि, प्रदीप यादव, मोनू नामदेव, सतीश साहू, सोनू विश्वकर्मा, वरुण सिंह, रूपेश विश्वकर्मा, सुभाष शुक्ला, सुबोध पहाड़िया, पिंटू पांडे आदि ने उपस्थिति की अपील की।



## 37 वर्षों की सेवा के बाद मुख्य महाप्रबंधक अजय दुगड़ सेवानिवृत्त

**जबलपुर।** कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (संचा./संधा.) अजय दुगड़ 37 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध संचालक अजय गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में बोर्ड रूम में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। समारोह में श्री दुगड़ को उनकी सेवाओं के सम्मान में सेवानिवृत्ति प्रमाण-पत्र एवं कंपनी के लोगो युक्त दीवार घड़ी भेंट की गई। प्रबंध संचालक अजय गुप्ता ने उनके कार्यनिष्ठा, समर्पण और योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्रीमती संपदा सराफ गुर्जर, एस.के. भागवतकर, अशोक सिंह धुर्वे, ए.के. तिवारी, अरविंद सक्सेना, प्रशांत गुप्ता, जी.डी. वासनिक, विक्रम भास्कर एवं एस.के. गिरिया सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी और स्टाफ उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी ने अजय दुगड़ को भावभीनी विदाई देते हुए उनके सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना की।



## 2625वां भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव भव्य शोभायात्रा के साथ सम्पन्न

**जबलपुर।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव का 2625वां सात दिवसीय आयोजन भव्यता, दिव्यता और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य शोभायात्रा शारदा टॉकीज से प्रारंभ होकर निहालचंद कॉम्प्लेक्स, सदर जैन मंदिर होते हुए दादाबाड़ी पहुंची। इस पावन अवसर पर परम पूज्य गुरुवर्या राजगुणा श्रीजी महाराज साहब सहित अन्य संतों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, अशोक रोहानी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व विधायक तरुण भनोट, संजय यादव, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू वीज सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। प्रातः शोभायात्रा के पश्चात 11 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज की व्यापक सहभागिता रही। आयोजन समिति के राजेंद्र अलीजार, दिनेश बैद, मुकेश टाटिया, संतोष पोकरणा, तिलक विनायकिया, दीपक गोलछा, आशीष कोठारी एवं कपिल गोलछा ने समस्त समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति ने पूरे आयोजन के दौरान प्रदर्शित सामाजिक एकता की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपील की।

## जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध कलेक्टर ने जारी किया आदेश

### कृषि भूमि और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने प्रयास

**जबलपुर। जिले में नरवाई (पराली) जलाने पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत जारी किया गया है। आदेश का उद्देश्य कृषि भूमि और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को गेहूँ फसल की कटाई में प्रयुक्त कम्बाइंड हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा रीपर रखना अनिवार्य होगा, ताकि नरवाई को भूसे में बदला जा सके।**

गेहूँ की कटाई के बाद किसानों को खड़ी नरवाई में सीधे हैप्पी सीडर या सुपर सीडर से बोनी करने की सलाह दी गई है। इससे मृदा में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ती है और लागत कम होती है। नरवाई को बेलर, स्लेसर और रैकर मशीन से बंडल बनाकर फैक्ट्रियों में ईंधन (पैलेट), पैकेजिंग मटेरियल, पेपर उद्योग, बायो फर्टिलाइजर और कम्प्रेस बायो गैस बनाने में उपयोग किया जा सकता है, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। खेत में आग लगाने से पोषक सूक्ष्मजीव नष्ट होते हैं और मिट्टी की उर्वरा शक्ति घटती है, जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। अनियंत्रित आग से जन-धन, संपत्ति, वनस्पति और जीव-जंतु को व्यापक नुकसान होता है। आग से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है और जल संकट बढ़ता है। पशु अन्य हानिकारक पदार्थ (जैसे पॉलिथीन) खा सकते हैं और उनका स्वास्थ्य प्रभावित होता है। नरवाई भूसे में बदलने से पशु आहार के साथ अन्य उद्योगों में भी उपयोग संभव है। पर्याप्त भूसा उपलब्ध होने पर पशुओं को सुरक्षित आहार मिलता है और भविष्य में बढ़ी हुई दर पर खरीदारी की आवश्यकता कम होती है। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता-2023 के तहत दंडनीय कार्यवाही की जाएगी।

निष्कर्षः नरवाई जलाने से बचकर किसान अपनी भूमि की उपजाऊ शक्ति बनाए रख सकते हैं, पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं और अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## संगीतमय सुदरकाण्ड पाठ एवं भजन संध्या आज

**जबलपुर।** संस्कारधानी के समाजसेवी एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वंशज स्व. सतीश नामदेव के 66वें अवतार दिवस के अवसर पर 01 अप्रैल 2026, बुधवार को संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।



कार्यक्रम शाम 7 बजे उनके निवास स्थान, महाराष्ट्र स्कूल के आगे, पी.सी. ज्वेलर्स के बाजू से राईट टाउन, जबलपुर में आयोजित होगा। स्व. सतीश नामदेव का जन्म 01 अप्रैल 1960 को नामदेव परिवार में हुआ था। उन्होंने विधि क्षेत्र में एडवोकेट एवं नोटरी के रूप में ईमानदारीपूर्वक सेवाएं दीं तथा सादगीपूर्ण जीवन व्यतीत किया। छात्र जीवन से ही वे विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़कर समाजसेवा के प्रति समर्पित रहे। समाजसेवी मनोज नामदेव, रामकुमार गुप्ता, एड. योगेश नामदेव एवं एड. शैलेष सतीश नामदेव ने संस्कारधानी के समस्त गणमान्य नागरिकों एवं स्नेहीजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के डीन डॉ. जयंत भट्ट सेवानिवृत्त



**जबलपुर।** अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के डीन डॉ. जयंत भट्ट ने 39 वर्षों की गौरवशाली सेवा के बाद 31 मार्च को सेवानिवृत्ति ली। इस अवसर पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद सभागार में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने डॉ. भट्ट का स्वागत साल, श्रीफल, गुलदस्ता, मोमेंटो और रोली का टीका लगाकर किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. भट्ट ने अपने सहयोगियों, प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

डॉ. जयंत भट्ट ने 1987 में जनेकृविवि में अपनी सेवाएं शुरू की थीं। उन्होंने शिक्षण, अनुसंधान और डीन के रूप में कॉलेज के महत्वपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक निभाया। उनके मार्गदर्शन में एमएससी के 23 और पीएचडी के 6 विद्यार्थियों ने शोध कार्य पूर्ण किए। डॉ. भट्ट के 70 शोध पत्र, 5 पुस्तकें और कई तकनीकी बुलेटिन प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें दो राष्ट्रीय शोध आधारित पुरस्कार और 20 रेडियो एवं 2 टीवी टॉक के लिए भी सम्मानित किया जा चुका है।

विदाई समारोह में अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बाचें, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतु, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, नवनियुक्त डीन डॉ. अल्पना सिंह, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. जयंत भट्ट को गुलदस्ते देकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## एपीएन सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 5 स्मार्ट क्लास का उद्घाटन



**जबलपुर।** आधुनिक शिक्षा में तकनीक के बढ़ते महत्व को ध्यान में रखते हुए ए. पी.एन. सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पांच स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में सीएसपी उदयभान सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं केंट थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र पटेल के विशिष्ट आतिथ्य में, संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव की उपस्थिति में यह पहल शुरू की गई।

विद्यालय परिसर में अब सभी कक्षाएं स्मार्ट क्लास के माध्यम से संचालित होंगी तथा अध्यापन कार्य में एआई तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा। इस अवसर पर सीएसपी उदयभान सिंह ने कहा कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रभावी ढंग से शिक्षा मिलेगी, जिससे वे विषयों में दक्ष होकर बेहतर परिणाम प्राप्त करेंगे और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सीबीएसई प्राचार्य करन खुराना, पार्षद अमरचंद बावरिया सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## एमपीपीजीसीएल की सीएसआर पहल से रामपुर विद्यालय में शिक्षा संसाधनों का किया वितरण

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) नीति के अंतर्गत शिक्षा उन्नयन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुर में शैक्षणिक संसाधनों का वितरण किया। यह कार्य सिंगरौली की हेल्प फाउंडेशन के माध्यम से किया गया, जिससे 500 से अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। संस्था प्रमुख रजनीश धर द्विवेदी ने बताया कि कंपनी द्वारा वंदन पुनर्वास एवं अनुसंधान संस्था तथा रामपुर विद्यालय में साइंस लैब स्थापना हेतु उपकरण, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, स्पोर्ट्स किट, स्मार्ट बोर्ड, पाठ्य-पुस्तकें एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने इसे समाज के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) दीपक कश्यप, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (ट्रेनिंग) अशोक कुमार तिवारी एवं महाप्रबंधक खुशबू शर्मा उपस्थित रहे। हेल्प फाउंडेशन की ओर से रजनीश धर द्विवेदी, डॉ. अथिरा नायर, श्रद्धा श्रीवास्तव, तुषार सारीन एवं बृजेश प्रताप सिंह सहित टीम के सदस्य मौजूद रहे। संस्था के अनुसार यह एमओयू का पहला सफल चरण है और जल्द ही अन्य शहरों में भी इस तरह की पहल का विस्तार किया जाएगा।

## भेड़ाघाट में कल होगी 501वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा

**जबलपुर।** हनुमान जयंती एवं चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर 2 अप्रैल, गुरुवार को भेड़ाघाट में 501वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा का आयोजन किया जाएगा। परिक्रमा प्रातः 7 बजे हरे कृष्णा आश्रम से पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में हनुमान जी की सूक्ष्म उपस्थिति में प्रारंभ होगी। यह परिक्रमा सदियों से भेड़ाघाट क्षेत्र में आयोजित होती आ रही है, जिसमें अब हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज द्वारा बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण भी किया जाएगा। परिक्रमा मार्ग में बेनगंगा पुल, पंचवटी, 64 योगिनी मंदिर, धुआंधार, कल्याण तपोवन, लामेटा घाट, शनि मंदिर डुडुवारा, इमलिया एवं न्यू भेड़ाघाट होते हुए सिद्धनाथ माताजी आश्रम मार्ग से पुनः हरे कृष्णा आश्रम पहुंचकर समापन होगा। समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल, संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल, श्याम मनोहर पटेल, दुर्गा पटेल, विनोद दीवान, सुदेश विश्वकर्मा, मनोज गुलाबवानी, छन्नू राम पटेल, विनोद विश्वकर्मा एवं कैलाश विश्वकर्मा ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## श्रीमती उमा गुप्ता सेवा निवृत्त



**जबलपुर।** एकीकृत शासकीय हाई स्कूल निखरी जबलपुर में पदस्थ प्रभारी प्राचार्या शिक्षिका उमा गुप्ता अपने कार्य से सेवानिवृत्त हो गयी हैं। स्कूल की समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक एवं परिवार के सभी लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/277
दिनांक:- 31/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि होली फेथ इंटरनेशनल प्रा.लि. द्वारा डाय. श्रीमती सतीश बाला मल्होत्रा पति स्व. श्री अशोक कुमार मल्होत्रा ने मकान नं. 840 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी मैजनाइन-120 व.फु., भूतल 120 व.फु. मृत्यू प्रमाणपत्र/कंपनी का लेटर पैड/कंपनी का मेमोरंडम के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/276
दिनांक:- 31/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभय जैन पिता स्व. श्री उत्तम चंद जैन ने मकान नं. 435-436 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 998 व.फु., प्रथम तल 998 व.फु., द्वितीय तल 998 व.फु., तृतीय तल 998 व.फु., मृत्यू प्रमाणपत्र / वसीयतनामा / लीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि सबा अंजुम उम्र 30 वर्ष पिता श्री मोहम्मद समीम खान निवासी म.न. 1145, नया आनंद नगर, रद्दी चौकी गोहलपुर, जबलपुर म.प्र. 482002, यह कि, सबा अंजुम अपने पिता मोहम्मद समीम खान एवं बडे भाई फहीम खान से पूर्णतः सभी प्रकार के व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं व्यावसायिक संबंध समाप्त कर दिया है। सबा अंजुम और सवा अंजुम के भाई मोहम्मद फहीम खान के बीच में किसी भी प्रकार का कोई संपर्क, साझेदारी लेना देना नहीं है । और न ही भविष्य में कभी होगा। मेरे स्वयं के व्यापार में मेरा स्वंतत्र पूर्ण अधिकार है। मेरे स्वयं के व्यापार में मेरे पिता या भाई का कोई अधिकार नही है । अतः ZF सर्विसेस और रजा मेटल के बीच किसी भी तरह का कोई संपर्क या लेना-देना नहीं है।

भवदीय
**श्री आर. के शर्मा (एडवोकेट)**
हाई कोर्ट जबलपुर (म.प्र.)
आफिस- पंचशील स्कूल रोड, पेट्रोल पंप रद्दी चौकी के पीछे जबलपुर
निवास- बी-43, साकार उदय नगर चेरीताल, जबलपुर (म.प्र.)
मो.- 9826526550 (आफिस) 0761-4005507

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मीना गुप्ता पत्नि दिलीप गुप्ता पुत्री बाल किशन केशरवानी , जन्मतिथी 20/03/1967 उम्र 59 वर्ष, व्यवसाय - गृहणी, निवासी-म.नं. 375, विवेकानंद वार्ड, नर्मदा नर्सरी विद्यालय के सामने, SBI कॉलोनी, जबलपुर है। विवाह के पश्चात मेरा सही नाम मीना गुप्ता पत्नि दिलीप गुप्ता (MEENA GUPTA) है। अधारकार्ड मे मेरा नाम दीप्ति अंकित हो गया है जो की गलत है। प्रकाशन उपरांत मुझे मीना गुप्ता पत्नि दिलीप गुप्ता के नाम से जाना पहचाना जावे ।

**सही नाम-**
**मीना गुप्ता (MEENA GUPTA )**
**गलत नाम - दीप्ति**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/278
दिनांक:- 31/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री राजेश साहू (2)श्री दीपक साहू दोनों के पिता स्व. श्री हरिशंकर साहू ने मकान नं. 888 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 1232+800 व.फु., प्रथम तल 2032 व.फु., द्वितीय तल 450 व.फु., शपथपत्र/ मृत्यू प्रमाणपत्र / वसीयतनामा / खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.13 मुख्यालय**
**नगर निगम, जबलपुर**

## 'शिक्षानेक्स्ट' 170 करोड़ रु. की तीन वर्षीय पहल लांच

**नई दिल्ली**। एक बोल्ड, मल्टी-डोनर एवं बहु वर्षीय पहल 'शिक्षानेक्स्ट', जिसका उद्देश्य ऐडटेक एवं एआई का सदुपयोग कर वंचित समुदायों के बच्चों के लर्निंग के परिणामों में सुधार लाना है। हाल ही में नई दिल्ली में भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और शिक्षा मंत्रालय के सचिव, आईएएस, संजय कुमार ने इस पहल का लांच किया। शिक्षानेक्स्ट रु 170 करोड़ की तीन वर्षीय पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में 13 मिलियन से अधिक बच्चों को 2029 तक टेक्नोलॉजी एवं एआई-इनेबल्ड लर्निंग के अवसरों के साथ सशक्त बनाना है। इस गठबंधन में माइकल एंड सुसन डेल फाउंडेशन, रिलायंस फाउंडेशन और गेट्स फाउंडेशन - फाउंडिंग स्ट्रैटेजिक पार्टनर हैं, जबकि सेंट्रल स्क्वेयर फाउंडेशन मैनेजिंग पार्टनर की भूमिका में हैं। शिक्षानेक्स्ट- परोपकार और विशेषज्ञता का संयोजन है, जो कार्यान्वयन और प्रभाव पर विशेष रूप से फोकस करता है।

*भोपाल सहित मप्र के ट्रांसपोर्टर ने की मांग*

# बाइपास मार्ग बंद होने से लगाई जाए टोल वसूली पर रोक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा अवैध रूप से टोल वसूला जा रहा है। सूखी सेवनिया आरओबी मेंटेनेंस के लिए डायवर्जन होने के कारण लोडिंग वाहनों को 66 किलो मीटर का एक्स्ट्रा चक्कर लगना पड़ रहा है, जिससे ड्राइवर, ट्रांसपोर्टर और ग्रामीणों परेशान है।

मध्यप्रदेश के ट्रक ट्रांसपोर्टरों ने बाइपास मार्ग बंद होने के बावजूद टोल वसूली जारी रहने पर कड़ा विरोध किया है। ट्रांसपोर्टरों ने मध्यप्रदेश सरकार से मांग की है कि जब बाईपास की सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो टोल वसूली पर तुरंत रोक लगाई जाए। इस संबंध में ट्रांसपोर्ट संगठन ने ट्रांसपोर्टरों की ओर से एमपीआरडीसी को पत्र भी लिख चुका है।



बाइपास मार्ग टोल

### यातायात डायवर्जन के कारण टोल वसूली को रोकने, बंद करने की मांग की जा रही: पंजबानी



ट्रक ट्रांसपोर्ट ऑनर एसोसिएशन अध्यक्ष कमल पंजबानी ने कहा कि जब तक बायपास मार्ग पुनः सुचारू रूप से शुरू नहीं हो जाता, तब तक संबंधित टोल बूथों पर शुल्क की वसूली तत्काल प्रभाव से रोकी जाए। भोपाल बायपास मार्ग के खराब रखरखाव, सड़क धंसने और यातायात डायवर्जन के कारण टोल वसूली को रोकने, बंद करने की मांग लगातार की जा रही है। उन्होंने कहाकि एमपीआरडीसी द्वारा बायपास पर निर्माण के चलते सड़क बंद की गई है। वाहन 11 मील से मात्र 10 किमी यानी पटेल नगर-आनंद नगर बाईपास चौराहे तक ही जा रहे है। इसके बावजूद यहां 10 किमी के सफर पर 52 किमी की वसूली की जा रही है। ट्रक संचालकों के साथ हो रही खुली लूट को बंद करने की मांग की। ट्रक संचालकों और ड्राइवरों ने सड़क बंद होने के बावजूद टोल वसूली पर आपत्ति जताई।

### टोल वसूली बंद नहीं हुई तो चक्का जाम और करेंगे आंदोलन : युवराज



मप्र ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महासचिव युवराज सिंह राय ने टोल संचालकों पर खुली लूट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहाकि आनंद नगर-पटेल नगर के बीच बाईपास बंद होने और अन्य स्थानों पर खराब सड़कों के कारण ट्रक चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, फिर भी पूरा टोल टैक्स लिया जा रहा है। ट्रांसपोर्टरों ने टोल प्लाजा पर जबरन वसूली के खिलाफ आवाज उठाई है और कई स्थानों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बनी है। यह भी बताया गया है कि परिवहन चौकियां, टोल बंद होने के बावजूद चेकपोस्टों पर आरटीओ कर्मियों द्वारा अवैध वसूली की जा रही है। संगठन की ओर से उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि बाईपास चालू होने तक टोल वसूली बंद नहीं की गई, तो वे चक्का जाम या आंदोलन तेज करेंगे।

### जब मार्ग बंद है तो उसका टोल लेने का कोई तार्किक आधार नहीं : हरीश



ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट मोटर कांग्रेस, मध्यप्रदेश चेयरमैन हरीश डाबर ने कहा कि राजधानी भोपाल के मुख्य बायपास मार्ग पर स्थित विदिशा चौराहा पर पुल के क्षति ग्रस्त होने के कारण मरम्मत कार्य चल रहा है, जिस कारण मार्ग पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इस मार्ग के बंद होने से यातायात को अन्य वैकल्पिक और लंबे रास्तों पर डाइवर्ट किया गया है, जिससे व्यावसायिक भारी वाहनों और स्थानीय व्यापारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

चूंकि मुख्य बायपास मार्ग का उपयोग नहीं हो पा रहा है, अतः उस मार्ग के लिए निर्धारित टोल बूथ 11 मील, व मुबारकपुर पर शुल्क वसूला जा रहा है, जब मार्ग बंद है तो उसका टोल लेने का कोई तार्किक आधार नहीं रह जाता है। वाहनों को न केवल अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, अपितु उक्त मार्ग पर भी टोल चुकाना पड़ रहा है, व इर्धन का खर्च भी बढ़ गया है और बंद मार्ग के बावजूद टोल देना आर्थिक रूप से भी अनुचित है।

### 15 अप्रैल से विवाह मुहूर्त, कैटरर्स ने की कमर्शियल सिलेंडर आपूर्ति बढ़ाने की मांग

# बोले-सिलेंडर नहीं मिलने से कैटरिंग व्यवसाय को आर्थिक नुकसान और साख खराब का डर

### पुराने ऑर्डर को लेकर असमंजस की स्थिति

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कमर्शियल गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के कारण कैटरर्स और होटल व्यवसायी गहरी चिंता में हैं, क्योंकि काम ठप पड़ गया है। कैटरिंग व्यवसायियों में आर्थिक नुकसान के साथ साख खराब होने का डर है। इसके अलावा इस व्यवसाय से जुड़े हजारों लोगों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है।गौरतलब है कि सहालग नजदीक आते ही जहां शादी वाले घरों में तैयारियां जोरों पर हैं, वहीं गैस की कमी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सबसे ज्यादा परेशानी कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों को हो रही है।

सिलेंडर की अनिश्चित उपलब्धता के कारण कुछ कैटर्स ने फिलहाल नए ऑर्डर लेना बंद कर दिया है, जबकि कई पुराने ऑर्डर को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उनका कहना है कि समय पर पर्याप्त गैस नहीं मिलने पर आयोजन प्रभावित हो सकता है। वहीं शहर के कुछ कैटर्स ने इस संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर काम शुरू कर दिया है। इनमें इलेक्ट्रिक चूल्हे, इंडक्शन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक



उपकरणों के इस्तेमाल की योजना बनाई जा रही है, ताकि कार्यक्रम बिना बाधा के संपन्न कराए जा सकें। फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत खनूजा, रिंकू भटेजा, रामबाबू शर्मा सहित मध्यप्रदेश के टेंट और केटर्स ने सिलेंडर की उपलब्धता बढ़ाने की मांग उठाई है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि 15 अप्रैल से शादी का सीजन भी शुरू होने वाला है ऐसे में प्रदेश में करीब 25 से 30 हजार शादियां होनी है, जिनमें करीब ढाई लाख कमर्शियल सिलेंडरों की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने कहा कि एलपीजी सिलेंडर का संकट खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। केंद्र सरकार द्वारा कमर्शियल सिलेंडर का कोटा 70 प्रतिशत तक बढ़ाने के बाद भी भोपाल में सप्लाई केवल 50 प्रतिशत तक ही सीमित रह गई है।

### सिलेंडरों की कमी से कैटरिंग की लागत 10-20 फीसदी तक बढ़ी, परेशानी भी बढ़ गई


परमजीत खनूजा


रामबाबू शर्मा


रिंकू भटेजा

भोपाल होटल, रेस्टोरेंट व्यवसायी एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली के अनुसार 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो रहे शादियों के शुभ मुहूर्त (जैसे 15, 20, 21, 25-29 अप्रैल) के बीच कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की भारी किल्लत ने कैटरर्स और मैरिज गार्डन संचालकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्योंकि कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई लगभग बंद या बहुत कम होने से मैरिज गार्डन और होटल बुकिंग पर असर पड़ा है। मजबूरी में कैटरर्स अब पारंपरिक चूल्हे (लकड़ी/कोयला) की ओर लौट रहे हैं या मेनू में लाइव कुकिंग स्टेशन कम कर रहे हैं। सिलेंडरों की कमी से कैटरिंग की लागत 10-20 फीसदी तक बढ़ सकती है, जिसका बोझ ग्राहकों पर पड़ेगा। टेंट व्यवसायी रिंकू भटेजा के अनुसार शादी- विवाह में खाना बनाने के लिए सिलेंडर का इंतजाम नही हो पा रहा है। जिसकी वजह से उनकी परेशानी बढ़ गई है। बिजली कर्मचारियों की माने तो रसोई गैस की किल्लत के चलते देहात क्षेत्र में अब चोरी की बिजली से हीटर चलाए जा रहे है। हीटर पर ही तमाम खाना बनाने से लेकर अन्य कार्य किए जा रहे हैं। अभी तो टीम का पूरा जोर राजस्व वसूली पर है। 31 मार्च के बाद से इस ओर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### अब सिम कार्ड की तरह पोर्ट होगा खाता

# आरबीआई ला रहा है बैंक अकाउंट पोर्टेबिलिटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक बैंकिंग सेक्टर में एक ऐसी सिस्टम की तैयारी कर रहा है जिसे 'बैंक अकाउंट पोर्टेबिलिटी' कहा जा रहा है। यह सुविधा बिल्कुल मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह काम करेगी, जहां आप अपना पुराना मोबाइल नंबर रखे बिना सिम कार्ड बदल लेते हैं। आरबीआई के 'पेमेंट विजन 2028' के तहत इस कदम का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को बैंकों की खराब सर्विस और मनमाने चार्जेस से आजादी दिलाना है। अब बैंक बदलना किसी बोझिल कागजी




कार्रवाई के बजाय सिम कार्ड बदलने जितना आसान और तेज हो जाएगा। वर्तमान समय में बैंक अकाउंट बदलना एक बेहद जटिल और थकाऊ प्रक्रिया है, क्योंकि खाता नंबर बदलते ही आपको सैलरी अकाउंट, निवेश, बीमा और सरकारी योजनाओं में हर जगह नया नंबर अपडेट करना पड़ता है। इस सिरदर्द से बचने के लिए लोग अक्सर खराब सर्विस के बावजूद पुराने बैंक से चिपके रहते हैं. आरबीआई की प्रस्तावित योजना इस समस्या का जड़ से समाधान करेगी, जिसमें बैंक अकाउंट नंबर एक 'यूनिवर्सल अकाउंट नंबर' की तरह काम करेगा। पुराना नंबर बरकरार रखते हुए किसी भी दूसरे बैंक में जा सकेंगे और नया बैंक उसी पुराने नंबर को अपने सिस्टम में सक्रिय कर देगा। इस पूरी प्रक्रिया को बैक-एंड पर सुचारु बनाने के लिए आरबीआई एक विशेष सेंट्रल सिस्टम 'पेमेंट्स स्वीचिंग सर्विस ' पर काम कर रहा है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी (म.प्र.)**

क्रमांक/5564/लो.नि.वि./निर्माण/2025 **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक 09/03/2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_ 495390_1 | रामजानकी हनुमान वार्ड के प्रेमनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने गली में मंदिर के पास एवं राममनोहर लोहिया वार्ड में उपलब्ध शासकीय भूमि में ऑगनबाडी भवन निर्माण कार्य । | 150 दिवस 26,53,242/- | 5000/- 19,898/- | 30/04/2026 |

नोट - निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री (वास्ते आयुक्त)
नगर पालिक निगम कटनी

# 500 मिलियन लोग कर रहे टू कॉलर का उपयोग

**मुंबई**। टूकॉलर ने घोषणा की है कि दुनिया भर में उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुंच गई है। यह लोगों के बीच संचार को भरोसेमंद बनाने के कंपनी के सफ़र में एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्लेटफार्म पर यूजर्स की संख्या लगातार काफी तेजी से बढ़ रही है और केवल साल 2025 में ही 50 मिलियन से ज़्यादा नए यूज़र्स इस प्लेटफार्म से जुड़े हैं। अकेले भारत में ही टूकॉलर का उपयोग करने वालों की संख्या 350 मिलियन से ज़्यादा हो गई है, और भारत के बाहर इसके यूज़र्स की संख्या 150 मिलियन से ज़्यादा है। इस साल की शुरुआत में, दुनिया भर में भुगतान करके टूकॉलर की सेवाओं का लाभ उठाने वाले सब्सक्राइबर्स की संख्या भी 4 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई, जिससे कंपनी की आमदनी का एक मुख्य जरिया और भी मजबूत हुआ है।




**पश्चिम मध्य रेल**

**विद्युत (सामान्य) शाखा ▪ खुली निविदा**

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल-एल-टी-नं. 65-2025, दिनांक 16.03.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** एलडीए में विद्युत कार्यः लिधोरा खुर्द माल गोदाम का विकास। **निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 51,61,906.24. **बयाना राशिः** ₹ 1,03,200/-. **समापन अवधिः** 06 माह। **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** 07.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे):** 07.04.2026. **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल-एल-टी-नं. 66-2025, दिनांक 24.03.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** चार विविध विद्युत कार्यः (i) एडीईएन/एन/एसटीए उपमंडल के अंतर्गत रीवा में लॉबी सहित 50 बिस्तरों वाले नए रनिंग रुम का निमार्ण, (ii) मझगवां में फर्नीचर सहित आरपीएफ चौकी भवन का निर्माण, (iii) रीवा में फर्नीचर सहित आरपीएफ बैरक का उन्नयन/संशोधन और (iv) एडीईएन/बीईएचआर उपमंडल के अंतर्गत बीईएचआर स्टेशन पर एसएसई/पीडब्ल्यू/यूएसएफडी बीईएचआर के नए भवन कार्यालय का निर्माण। **निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 53,06,862.04. **बयाना राशिः** ₹ 1,06,100/-. **समापन अवधिः** 06 माह। **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** 15.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे):** 15.04.2026. **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल-एल-टी-नं. 67-2025, दिनांक 19.03.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** जबलपुर स्टेशन PF No. 1 & 6 side UP & DN पर स्थित एस्केलेटरों (02) के लिए 3 वर्ष का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 39,29,904/-. **बयाना राशिः** ₹ 78,600/-. **समापन अवधिः** 36 माह। **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** 10.04.2026. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे):** 10.04.2026.

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए:-** निविदा फार्म की कीमतः 0.00. **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

**स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर**




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सिवनी (म.प्र.)**

क्रमांक/8203/रा.शा./न.पा.प./2026 सिवनी दिनांक 31/03/2026

**/ / ई निविदा आमंत्रण सूचना / /**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा निम्न तालिका अनुसार भूमि ठेका एवं फीस वसूली वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु वसूली के अधिकारो का हस्तांतरण करने के लिए लम्पसम दर ( उच्चत्तम दर आधार पर) ई-निविदा ऑनलाईन बेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर आमंत्रित की जाती है । निविदाये निर्धारित तिथि (की डेट ) के अनुसार खोली जावेगी ।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | ठेके का नाम | सरकारी बोली | निविदा प्रपत्र शुल्क EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _496057 | फोर व्हीलर वाहन पार्किंग शुल्क वसूली(मानस भवन के पीछे ) | 2,00,000 | 1000 20,000 | 17/04/2026 |
| 2 | 2026_UAD _496058 | बबरिया घास बीड़ ठेका (कृषि कार्य हेतु प्लाट नं. 3- कोहका रिपटा की दूसरी पार से तालब का उरई वाला भाग तथा वाईपास रोड की उत्तरी भागकी क्षेत्र बाईपास नहर वाली पुलिया तक। | 74,000 | 1000 7400 | 17/04/2026 |
| 3 | 2026_UAD _496059 | बबरिया घास बीड़ ठेका (कृषि कार्य हेतु प्लाट नं.5- बाईपास पुलिया के पास नहर की दोनो पार की उत्तरी पूर्वी सीमा छोटा तालाब वाला क्षेत्र घास / कृषि कार्य हेतु | 279400 | 2000 28000 | 17/04/2026 |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, सिवनी

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 6182



**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 6181 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6192

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENMOHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6191 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |



# अप्रैल से अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे सलमान

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मातृभूमि को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। काफी समय से सोशल मीडिया पर सलमान की दिल राजू के साथ फिल्म को लेकर चर्चा हो रही थी। सोमवार को सलमान ने खुद अपने पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि कर दी है। इस फिल्म की शूटिंग सलमान इस साल अप्रैल से शुरू करेंगे। आगामी फिल्म के लिए सलमान निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ काम करेंगे। इस फिल्म के निर्माता दिल राजू होंगे। सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है।

लाइफ Style



# सयानी
## अभिनेत्री से प्रोड्यूसर की कुर्सी पर बैठीं

अभिनेत्री सयानी गुप्ता अब अदाकारा से निर्माता बनने की तरफ बढ़ गई हैं। उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस लॉन्च किया है। साथ ही अपने प्रोडक्शन के बैनर तले बनने वाले पहले प्रोजेक्ट का भी ऐलान कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सयानी गुप्ता ने आर्टिकल 15, जॉली एलएलबी 2, फैन और पार्च्ड जैसी फिल्मों में काम किया है। अब वे बतौर निर्माता अपने कॅरियर की शुरुआत कर रही हैं। सयानी ने अपना प्रोडक्शन हाउस, 'सयानी गुप्ता मूवीज' लॉन्च किया है। इस प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत उनकी पहली शॉर्ट फिल्म 'आसमानी' से हो रही है, जो इस बैनर के तहत बनने वाला पहला प्रोजेक्ट है। फिल्मों और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर एक दशक से ज्यादा समय तक काम करने के बाद अभिनत्री सयानी गुप्ता का कहना है कि प्रोडक्शन की तरफ उनका यह कदम इसलिए है, क्योंकि अब वे स्टोरीटेलिंग में ज्यादा शामिल होना चाहती हैं। सयानी ने कहा, 'यह मेरा एक पुराना सपना रहा है। मैं हमेशा से कुछ खास तरह की कहानियां कहना चाहता थी और इसका मकसद सहयोग के लिए एक ऐसा माहौल बनाना है, जो काम को सरल और सहज बनाए। हम धीरे-धीरे, लेकिन लगातार आगे बढ़ेंगे। एक समय में सिर्फ एक फिल्म पर ध्यान देंगे। हमारे लिए लेखन की गुणवत्ता, कला और कहानी कहने का तरीका हमेशा पहले रहेगा। ऐसा करने के लिए, हर प्रोजेक्ट को सही समय, देखभाल और पूरा ध्यान देना जरूरी है'।

हॉलीवुड मसाला



# टॉम्ब रेडर के सेट पर हुईं घायल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री सोफी टर्नर को नई सीरीज 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग के दौरान चोट लग गई है। फिलहाल, सीरीज की शूटिंग को रोक दिया गया है। स्टूडियो ने बताया कि सोफी टर्नर को हाल ही में 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई है। उनकी सेहत का ध्यान रखते हुए 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग को कुछ समय के लिए रोक दिया गया है। लेकिन, इस दौरान पूरे क्रू को उनका वेतन मिलता रहेगा। 'टॉम्ब रेडर' सीरीज अमेजन और एमजीएम स्टूडियोज मिलकर बना रहे हैं।



# ब्लू ब्लड्स की भूमिका के लिए थे मशहूर...

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता एलेक्स डुओंग का 42 साल की उम्र में कैंसर से लड़ते हुए निधन हो गया। वह 'ब्लू ब्लड्स' की भूमिका के लिए मशहूर थे। वह लॉस एंजिल्स में रहते थे। एलेक्स डुओंग अपनी बेहतरीन कॉमेडी, लेखन और अभिनय के लिए मशहूर थे। उन्हें 'ब्लू ब्लड्स', 'प्रिटी लिटिल लायर्स', 'डेक्सटर' जैसी कई टीवी सीरियल्स में काम किया है। एलेक्स कॉमेडी जगत में बहुत सक्रिय थे। 2021 से वे लॉस एंजिल्स के प्रसिद्ध कॉमेडी स्टोर में डोरमैन के रूप में काम कर रहे थे। पिछले साल अगस्त में उनके फायदे के लिए एक विशेष कॉमेडी शो भी आयोजित किया गया था, जिसमें कई कॉमेडियन ने हिस्सा लिया। पिछले साल एलेक्स को एक खतरनाक कैंसर (एल्वियोलर रैबडोमायोसारकोमा) का पता चला था, जो पूरे शरीर को प्रभावित करता है।



# अपने किरदार को लेकर दी जानकारी...

**मुंबई।** केजीएफ स्टार यश की आगामी फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। अब फिल्म में नादिया का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर बात की है। कियारा ने अपने किरदार को लेकर कहा कि नादिया का किरदार अब तक पढ़े गए किरदारों में सबसे अनोखा है। मेरी निर्देशक गीतु मोहनदास ने जिस तरह से इस किरदार को लिखा और उसकी यात्रा को आकार दिया है, उससे मैं बेहद उत्साहित हूं। मुझे लगा कि मैं इस चुनौती को स्वीकार करने और उनकी नजर में इस भूमिका को पर्दे पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। फिल्म से कियारा का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें एक्ट्रेस ब्लैक ड्रेस में एक स्टेज पर खड़ी नजर आई थीं।



# 10 सालों से रिलीज को तरस रहीं ये फिल्में

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार को हिंदी सिनेमा के वर्सेटाइल एक्टर के तौर पर जाना जाता है। 3 दशक से ज्यादा लंबे कॅरियर में अक्की ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। लेकिन, दो फिल्में ऐसी रहीं, जिनका ऐलान तो बड़े ही धूम-धाम तरीके से हुआ था, लेकिन वे कभी भी बड़े पर्दे पर रिलीज नहीं हो सकीं। साल 2016 में अक्षय कुमार की एक बड़ी फिल्म क्रैक का ऐलान हुआ था, जिसके फर्स्ट लुक पोस्टर पर डायरेक्टर नीरज पांडे का नाम मौजूद था। क्रैक की रिलीज डेट 2017 तय की गई थी। एक दशक बाद भी इस मूवी पर ना कोई अपडेट आया और नहीं रिलीज हुई। क्रैक के अलावा 2021 में अक्षय कुमार स्टारर मूवी गोरखा का ऐलान हुआ था, जिसके डायरेक्टर आनंद एल राय थे। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर भी सामने आया था।

टीवी मसाला



# दो आईकॉनिक अभिनेत्रियों का इंडियन आइडल में हुआ मिलन

**नई दिल्ली।** टीवी शो में 80 के दशक की अभिनेत्रियों को साथ में देखना एक अलग ही नॉस्टेलजिया क्रिएट कर देता है। इंडियन आइडल के हाल ही के एपिसोड में ऐसा ही कुछ देखने को मिला। शो के हाल ही के एक एपिसोड में अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल को आमंत्रित किया गया था। ऐसे में फैंस 53 साल बाद स्टेज पर इस महान जोड़ी को देखकर इमोशनल हो गए। दोनों को आखिरी बार साथ में ऋषि कपूर की फिल्म बॉबी में साथ में देखा गया था। स्टेज पर अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल ने जैसे ही एक दूसरे को आमने-सामने देखा तो उनके और साथ-साथ में फैंस के लिए ये पल काफी ज्यादा भावुक करने वाला था। कंटेस्टेंट ने ईरानी के वायरल गाने चढ़ती जवानी मेरी चाल मस्तानी गाकर उनका वेलकम किया। अरुणा स्टेज पर डांस करती हुई आईं। वहीं फरीदा जलाल के लिए ए दिल लाया है बहार गाकर उनका स्वागत किया गया। ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया, अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल स्टारर फिल्म बॉबी की कहानी एक अमीर युवा लड़के बॉबी की है जिसे एक गरीब ईसाई लड़की से प्यार हो जाता है। लेकिन परिवार को ये रिश्ता नामंजूर होता है। अमीर-गरीब और सामाजिक अंतर के कारण उनके परिवार इस रिश्ते का विरोध करते हैं, जिससे वे भाग जाते हैं और आखिर में परिवार को उनकी प्रेम कहानी स्वीकार करनी पड़ती है। फरीदा जलाल ने फिल्म में बॉबी की सहेली निक्की का किरदार निभाया था वहीं, 1973 में आई इस फिल्म में अरुणा ईरानी ने 'नीमा' का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका सपोर्टिंग रोल था।

## टीवी पर दस्तक देने आ रही धुरंधर

**नई दिल्ली।** एक तरफ जहां 'धुरंधर 2' देखने के लिए लोग सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं, इसी बीच अब धुरंधर को आप घर बैठे देख सकते हैं। धुरंधर का वर्ल्ड टीवी प्रीमयर होने जा रहा है।



'धुरंधर' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 30 मई को शाम 7 बजे स्टार गोल्ड, स्टार गोल्ड 2 और कलर्स सिनेप्लेक्स पर एक साथ दिखाया जाएगा। मतलब एक साथ ये फिल्म तीन अलग-अलग चैनलों पर आएगी। बताया गया है कि मेकर्स ने धुरंधर के इस प्रीमियर के लिए काफी तैयारियां की हैं। इसके लिए अलग से कैंपेन भी चलाया गया है, ताकि दर्शकों का ध्यान खींचा जा सके। फिलहाल धुरंधर के प्रीमियर की तैयारी चल रही है। अभी मार्च खत्म नहीं हुआ और इसके टीवी प्रीमियर का ऐलान किया है। प्रीमियर 30 मई को किया जाएगा यानि करीब एक महीने से ज्यादा का वक्त अभी बाकी है। धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर 1300 करोड़ से ज्यादा कारोबार किया था।

# मामला लीगल है सीजन 2 से टोस्टर तक, इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। सोमवार से एक नया वीक शुरू हो गया है। दो दिन बाद नए महीने की आमद होगी और इसी के साथ नई-नई फिल्मों की रिलीज भी। सिनेमाघरों में सिर्फ एक ही फिल्म छाई है, धुरंधर 2। संभव है कि आपने इसे देख लिया हो। अगर आप थिएटर जाकर सिनेमा देखने के शौकीन नहीं हैं और घर बैठे ही कुछ दिलचस्प देखना चाहते हैं तो इस बार की लिस्ट आपको खुश करने वाली है।*

### हैप्पी पटेल-खतरनाक जासूस

फिल्म 'हैप्पी पटेल-खतरनाक जासूस' इस साल जनवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इसमें वीर दास लीड रोल में हैं, साथ ही इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्होंने संभाली। इस फिल्म को आमिर खान ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में उनका कैमियो भी है। इसके अलावा उनके भांजे इमरान खान भी फिल्म में नजर आए हैं। यह फिल्म 1 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### सितारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' इस वीक ओटीटी पर दस्तक दे रही है। बच्चों के साथ इसे देख सकते हैं। आरएस प्रसन्ना के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी



दिल को छू लेने वाली है। इसमें जैनेलिया डिसूजा भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म बीते वर्ष जून में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब इसे ओटीटी पर देखा जा सकेगा। इमोशंस से भरपूर यह फिल्म 2 अप्रैल से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी।

### मामला लीगल है सीजन 2

साल 2024 में आई कॉमेडी कोर्ट रूम ड्रामा सीरीज 'मामला लीगल है' खूब पसंद की गई। अब इसका दूसरा पार्ट आ रहा है। एक बार फिर पटपड़गंज जिला कोर्ट के सबसे जुगाड़ू वकील वीडी त्यागी (रवि किशन) लौट रहे हैं। राहुल पांडे के निर्देशन में बनी 'मामला लीगल है सीजन 2' नेटफ्लिक्स पर 3 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।

### वध 2

संजय मिश्रा और नीना गुप्ता अभिनीत फिल्म 'वध 2' थिएटर्स के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह क्राइम थ्रिलर फिल्म 'वध' का ही सीक्वल है। 'वध 2' 03 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# विनीत कुमार शक्ति शालिनी में निगेटिव रोल में आएंगे नजर...

**मुंबई।** मैडॉक का हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट हैं। पिछले साल इस यूनिवर्स की थामा रिलीज हुई थी, जिसको फैंस ने पसंद किया था। अब फैंस इस यूनिवर्स की अगली फिल्म शक्ति शालिनी का इंतजार कर रहे हैं। अनीत पड्डा की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म में अभिनेता विनीत कुमार सिंह की एंट्री हुई है। विनीत कुमार सिंह फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे। वहीं रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि विनीत ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसका निर्माण पिछले साल शुरू हुआ था। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित शक्ति शालिनी मैडॉक हॉरर यूनिवर्स की छठी फिल्म है। इससे पहले इस यूनिवर्स की स्त्री, भेड़िया, मुंज्या, स्त्री 2 और थामा जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं। इस प्रोजेक्ट में विशाल जेठवा और अनीत पड्डा 'सलाम वेंकी' के बाद एक बार फिर साथ नजर आएंगे। हालांकि,



फिल्म की कहानी के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा 'थामा' के क्लाइमेक्स के दौरान की गई थी। विनीत कुमार सिंह ने पिछले साल आई विक्की कौशल की ब्लॉकबस्टर फिल्म छावा में कवि कलश की भूमिका से काफी सुर्खियां बटोरी थीं। इस फिल्म में उनके अभिनय की जमकर प्रशंसा हुई थी। अब विनीत कुमार सिंह के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है। विनीत कुमार सिंह हाल ही में नेटफ्लिक्स की सीरीज हेलो बच्चों में नजर आए थे।

## 200 फिल्में, अनगिनत किरदार और एक स्टार

# सिनेमा का वो रावण, जिसकी आवाज से थरति थे दर्शक

*नई दिल्ली। बड़ा पर्दा और उस पर आने का ख्वाब कई लोगों के दिल में रहता है। सिनेमा में अबतक कई स्टार्स आए जिन्होंने अपने इस ख्वाब को पूरा भी किया। हमने अबतक कई कहानियां देखी और सुनी हैं। हिंदी सिनेमा के एक ऐसे स्टार के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, जिसे असल में रामायण का रावण कहा गया। महज 15 फिल्मों में काम करने वाला वो एक्टर भारतीय सिनेमा का पहला 'रावण' था, जिसने उसे हर तरफ पहचान दिलाई।*

### कौन थे बी.एम. व्यास?

जिन एक्टर के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, उनका नाम बी.एम. व्यास यानि बृजमोहन व्यास। वही, बृजमोहन व्यास जो अपनी रौबदार आवाज से हर किसी को एक पल के लिए डरा देते थे। बृजमोहन व्यास का जन्म 22 अक्टूबर 1920 को राजस्थान के चूरू जिले में हुआ था। ब्राह्मण परिवार में जन्मे बृजमोहन व्यास बेहद सरल और शांत स्वभाव किस्म के व्यक्ति थे। उन्हें शुरू से ही कला से बेहद लगाव था। कहा जाता है कि शुरुआत से ही उन्हें बनना तो सिंगर था, लेकिन बन वो एक्टर गए और सिनेमा में फिर उन्होंने रावण का किरदार निभाकर ऐसी छाप छोड़ी कि हर कोई देखता रह गया।

### ऐसे स्टार बने

फिल्मों में आने से पहले उन्होंने संगीत की और अच्छे से शिक्षा ली। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने कई गाने भी गाए। 1940 के दशक में व्यास जी एक सिंगर के तौर पर पृथ्वीराज कपूर के पृथ्वी थिएटर से जुड़ गए और यहां उन्होंने पहले नाटक शकुंतला में भाग लिया। जब वो इस नाटक में काम कर रहे थे, तो उनकी संस्कृत देख हर कोई चकित रह गया। बाद में उनकी इसी संस्कृत के चलते उन्होंने फिल्मों के ऑफर्स मिलने लगे। इसके बाद करीब दस सालों तक वो पृथ्वी थिएटर का हिस्सा बने रहे और देशभर के दौरों पर गए। इस दौरान एक अभिनेता और संगीतकार, दोनों के रूप में उनकी खूब सराहना हुई।



### संस्कृत और हिंदी भाषा पर अच्छी थी पकड़

थिएटर और नाटकों में काम करने के बाद उनकी पहचान बन चुकी थी। उनकी संस्कृत और हिंदी भाषा पर पकड़ अच्छी थी तो वहीं उनकी रौबदार आवाज का भी अलग ही जादू था। इसी के चलते उन्होंने कुछ फिल्मों में भी काम किया और 1944 की फिल्म भर्तृहरि से पहली बार प्लेबैक सिंगर के रूप में उन्होंने अपनी आवाज रिकॉर्ड की। पहले आप (1944) और महाराणा प्रताप (1946) जैसी कुछ और फिल्मों के लिए भी उन्होंने गाने रिकॉर्ड किए। आखिरकार वो वक्त आया, जब उन्हें एक अभिनेता के तौर पर पर्दे पर काम करने का मौका मिला। चेतन आनंद की फिल्म प्रोडक्शन कंपनी इंडिया पिक्चर्स से बतौर प्रोडक्शन मैनेजर जुड़ गए। इसी कंपनी की साल 1946 में आई पहली फिल्म नीचा नगर से बी.एम व्यास ने छोटा सा किरदार निभाकर एक्टिंग वाला सपना भी पूरा कर लिया। इसके कुछ सालों बाद वो आग (1948) और बरसात (1949) जैसी फिल्मों में नजर आए।

### रावण ने किरदार ने दिलाई पहचान

*बी.एम व्यास ने अपने कॅरियर में यूं तो कई फिल्मों में काम किया, लेकिन असली पहचान उन्हें संपूर्ण रामायण से मिली। बाबूभाई मिस्त्री की फिल्म 'संपूर्ण रामायण' साल 1961 में आई थी। इस फिल्म में बी.एम व्यास ने रावण का किरदार निभाया। ये किरदार इतना ब्लॉकबस्टर हुआ कि हर किसी ने उनकी खूब तारीफ की। पौराणिक फिल्म में उनके इस काम के चलते ही उन्हें कई ऐसी पौराणिक कथाओं पर बनने वाले प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिले। उन्होंने अपने कॅरियर में लगभग 200 से अधिक फिल्मों में काम किया। उनकी कुछ यादगार फिल्में कुछ इस प्रकार रहीं- बरसात (1949), आवारा (1951), मुगल-ए-आजम (1960), महल (1969), सरस्वतीचंद्र (1968)।*



## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# बेथ की 26 महीने की बादशाहत खत्म जॉर्जिया बनीं नंबर वन बल्लेबाज

### स्टार बल्लेबाज मंधाना एक पायदान खिसकी

एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑस्ट्रेलिया की युवा बल्लेबाज जॉर्जिया वोल आईसीसी की जारी ताजा टी20 रैंकिंग में दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने बेथ मूनी की 26 महीने से जारी बादशाहत को खत्म कर दिया है। हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज में जॉर्जिया वोल का प्रदर्शन दमदार रहा था। भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना भी तीसरे नंबर पर खिसक गई हैं।

### लगाई 8 पायदान की लंबी छलांग

इस टी20 सीरीज के दौरान जॉर्जिया वोल ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपने टी20 करियर का पहला शतक भी लगाया था। उन्होंने 52 गेंदों में सेंचुरी पूरी की थी। जॉर्जिया ने ताजा रैंकिंग में 8 पायदान की छलांग लगाई है। वोल के अब 815 रेटिंग प्वाइंट्स हो गए हैं और वह बेथ मूनी से आगे निकल गई हैं। मूनी दूसरे नंबर पर खिसक गई हैं और उनके 788 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। भारतीय टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को भी एक पायदान का नुकसान झेलना पड़ा है और वह अब तीसरे नंबर आ गई हैं। वहीं, हेली मैथ्यूज चौथे नंबर पर खिसक गई हैं।



### न्यूजीलैंड की अमेलिया बनीं नंबर वन ऑलराउंडर

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करने वालीं न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान अमेलिया केर दुनिया की नंबर एक ऑलराउंडर बन गई हैं। उनके कुल 508 रेटिंग प्वाइंट्स हो गए हैं और उन्होंने वेस्टइंडीज की स्टार खिलाड़ी हेली मैथ्यूज को नंबर 2 पर ढकेल दिया है। केर यह मुकाम हासिल करने वाली न्यूजीलैंड की महज चौथी खिलाड़ी हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि सिर्फ रेबेका स्टील, एमी वॉटकिंस और सोफी डिवाइन ही हासिल कर सकी हैं। हेली मैथ्यूज अक्टूबर 2023 से दुनिया की नंबर एक ऑलराउंडर बनी हुई थीं।

### जनवरी 2024 से थी मूनी की बादशाहत

बेथ मूनी क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में जनवरी 2024 से विश्व की नंबर एक बल्लेबाज बनी हुई थीं। उन्होंने ताहिला मैक्ग्रा से नंबर एक की पोजीशन को छीना था। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में जॉर्जिया वोल ने अपनी बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया था। उन्होंने 3 मुकाबलों में 172 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 148 रन बनाए थे। जॉर्जिया के दमदार प्रदर्शन के बूते ऑस्ट्रेलिया की टीम टी20 सीरीज को 3-0 से अपने नाम करने में सफल रही थी।

### सोफी एक्लेस्टोन बनीं टॉप वनडे गेंदबाज

मैडी ग्रीन अपनी टीम की हार में 85 रन बनाने के बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर 13वें नंबर पर आ गई हैं। वनडे रैंकिंग में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दो एकदिवसीय मुकाबले में कोई खास प्रदर्शन न करने की वजह से अलाना किंग गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे पायदान पर खिसक गई हैं। इंग्लैंड की गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन विश्व की नंबर एक वनडे गेंदबाज बन गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वेयरहम वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दो वनडे में 81 रन बनाने और चार विकेट लेने के बाद ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में आठ पायदान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर आ गई हैं।

# एशियाई स्क्वाश में अनाहत का जलवा, जीता बड़ा पुरस्कार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई स्क्वाश महासंघ (एएसएफ) ने उभरती हुई युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह को लड़कियों के वर्ग (जूनियर) में शीर्ष सम्मान के लिए चुना है।

विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत कई बार एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी हैं। 2025 में उन्होंने काहिरा में आयोजित विश्व जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और वह भारत की स्वर्ण पदक विजेता विश्व कप मिश्रित टीम का भी हिस्सा रही थीं।




### अभय सिंह को 'उत्कृष्ट पुरुष खिलाड़ी' घोषित

वहीं अभय सिंह को 'उत्कृष्ट पुरुष खिलाड़ी' घोषित किया है। एएसएफ की जारी विजेताओं की सूची के अनुसार भारतीय लड़कों की टीम को 'पुरुष टीम पुरस्कार' के लिए चुना गया है, जिसने मिस्र में आयोजित 2025 विश्व जूनियर टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। अभय वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज हैं। वह कई बार एशियाई खेलों में पदक जीत चुके हैं और एशियाई चैंपियनशिप के विजेता भी हैं। वह उस टीम का भी हिस्सा थे, जिसने पिछले साल भारत को पहला 'विश्व कप मिश्रित टीम' खिताब दिलाया था। इससे पहले भारतीय खिलाड़ी 2022 में एएसएफ की वार्षिक पुरस्कार सूची में शामिल हुए थे जब सौरव घोषाल और जोशना चिनप्पा ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था।

### एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप : प्रिया की शानदार जीत, जुझारू प्रदर्शन के बाद हारे जादूमणि



**उलानबटोर।** भारत की प्रिया ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को 5-0 से जीत दर्ज की जबकि जादूमणि सिंह जुझारू प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। महिलाओं के 60 किलो वर्ग में प्रिया ने कजाखस्तान की रिम्मा वोलोस्सेंको को 5-0 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की चेंग्यू यांग से होगा। जादूमणि को जापान के रिम्मा यामागुची ने 3-2 से हराया। यामागुची ने अस्ताना में हुए टूर्नामेंट में रजत और मुक्केबाजी विश्व कप फाइनल्स में कांस्य पदक जीता था।

## खबर संक्षेप



### पारंपरिक केंद्रों ही नहीं हर जगह में खेले जाएं टेस्ट

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि ईडन गार्डंस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट हों लेकिन उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारुप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे केंद्रों पर खेले जा रहे हैं। बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय क्रिकेट टीम के 2026-27 के घरेलू सत्र का ऐलान करते हुए आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों पर नहीं कराने का फैसला किया है। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। गांगुली ने कहा,' ईडन गार्डंस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है । कैब के अध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी होने के नाते मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हो लेकिन हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद टी20 विश्व कप के मैच हुए और अब आईपीएल के मैच भी यहां हो रहे हैं।' उन्होंने कहा,' हम सभी चाहते हैं कि ईडन पर ज्यादा मैच हो लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि दूसरे मैदानों पर भी मैच होने चाहिए।'

### आरसीबी में आया ठहराव खिलाड़ियों को पता है अपनी भूमिका : कृणाल

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कृणाल पंड्या का कहना है कि टीम में पिछले साल की तुलना में ठहराव आया है और खिलाड़ियों को इस सत्र में अपनी भूमिकाओं के बारे में बखूबी पता है।



कृणाल ने कहा,' मेरा मानना है कि इस साल अधिक ठहराव आया है। पिछले साल यह नई टीम थी और सभी एक दूसरे को समझ रहे थे। इस साल खिलाड़ियों को अपनी भूमिका, एक दूसरे की ताकत और कमजोरी बखूबी पता है।' उन्होंने कहा,' जब मैं बड़े मौकों पर खेलता हूं तो मुझे लगता है कि अगर भगवान आपको यहां तक लाए हैं तो कोई कारण होगा और मुझे लगता है कि ये बड़े मौके मेरे लिए ही बने हैं। मुझे दबाव महसूस होता है लेकिन मैं सोचता हूं कि कैसे शांतचित्त रहूं और जरुरत के मुताबिक खेलूं।'

## आईपीएल 2026

**दोनों टीमों के बीच खेले गए 7 मुकाबले**

**4 मैच दिल्ली तो 3 मैच में जीती लखनऊ**

# दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स में कांटे की टक्कर आज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2026 के पांचवें मुकाबले में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स की भिड़ंत लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेला जाना है।

लखनऊ और दिल्ली के बीच इस लीग में कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। आईपीएल में अब तक इन दोनों टीमों के बीच कुल 7 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 4 मुकाबले दिल्ली ने जीते हैं, जबकि 3 मुकाबलों में लखनऊ को जीत मिली हुई है। आईपीएल 2025 में इन दोनों टीमों के बीच कुल 2 मुकाबले खेले गए थे और दोनों ही बार दिल्ली कैपिटल्स विजयी रही थी। दिल्ली अपने इस दबदबे को इस सीजन भी कायम रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।



### टीमें इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान ), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीज्के, एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंगलिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स,आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडि, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करुण नायर, साहिल पारख। **मैच :** शाम 7.30 से

# बॉल टैंपरिंग के लिए फखर जमान पर 2 मुकाबलों का बैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी फखर जमान को बॉल टैंपरिंग के चलते पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 के दो मैचों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। उल्लेखनीय है कि 29 मार्च को गद्दाफी स्टेडियम में लाहौर कलंदर्स के खिलाफ कराची किंग्स को अंतिम 6 गेंदों में 14 रन की दरकार थी। आखिरी ओवर की शुरुआत से ठीक पहले लाहौर के कप्तान शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और फखर जमान एक साथ खड़े होकर गेंद को हाथ में लेकर चर्चा कर रहे थे। इस बीच फखर गेंद को खुरचते नजर आए।



### गेंद के साथ जानबूझ कर छेड़छाड़

मैदानी अंपायर ने पाया कि गेंद की स्थिति के साथ जानबूझकर छेड़छाड़ की गई है। इसके चलते लाहौर कलंदर्स पर 5 रनों की पेनाल्टी लगाई गई और पुरानी गेंद को बदलकर नई गेंद मैच में शामिल की गई। इसी के साथ मैच का समीकरण बदल गया और अब कराची किंग्स को जीत के लिए 6 गेंदों में महज 9 रन की दरकार थी। अब्बास अफरीदी ने एक चौका और एक छक्का लगाकर टीम को 4 विकेट से जीत दिलाई।

## फुटबॉल

# सीजन के बाद गुएरेरो लेंगे बायर्न म्यूनिख से विदाई



एजेंसी ▶▶| बर्लिन

पुर्तगाल के इंटरनेशनल खिलाड़ी राफेल गुएरेरो बार्यन म्यूनिख फुटबॉल क्लब से इस सीजन के खत्म होने के बाद अलग हो जाएंगे। गुएरेरो का कॉन्ट्रैक्ट भी इस सीजन के अंत में ही खत्म हो रहा है। गुएरेरो और क्लब ने इस कॉन्ट्रैक्ट को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला लिया है।

गुएरेरो साल 2023 में बोरूसिया डॉर्टमुंड से फ्री ट्रांसफर पर बायर्न म्यूनिख में आए थे। उन्होंने बायर्न के लिए कुल 89 मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 12 गोल किए और 8 गोल करने में मदद (असिस्ट) की। उनकी सबसे बड़ी खासियत यह रही कि वे एक ही पोजीशन तक सीमित नहीं थे। वे डिफेंस में फुल-बैक के रूप में भी खेले और जरूरत पड़ने पर मिडफील्ड में भी योगदान दिया। इसी वजह से वह टीम के एक बहुमूल्य खिलाड़ी रहे।

■ राफेल ने बायर्न के लिए खेले 89 मैच, दागे 12 गोल

गुएरेरो ने टीम को कई खिताब दिलाने में अहम योगदान दिया। उन्होंने बायर्न के साथ बुंडेसलीगा का खिताब और जर्मन सुपर कप जीता। इसके अलावा, उन्होंने अपनी राष्ट्रीय टीम पुर्तगाल के लिए भी 65 मैच खेले हैं।

### राफेल और क्लब के बीच बातचीत सकारात्मक

*बायर्न के स्पोर्ट मेंबर मैक्स एबरल ने गुएरेरो की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, हम राफेल को उस समय के लिए दिल से धन्यवाद देना चाहते हैं, जो उन्होंने हमारे साथ बिताया। आप मैदान पर हमेशा राफेल पर भरोसा कर सकते हैं, और उनके जैसे खिलाड़ी किसी भी ड्रेसिंग रूम को बेहतर बनाते हैं। उन्होंने कहा कि राफेल और क्लब के बीच बातचीत सकारात्मक और सम्मानजनक तरीके से हुई। उनके साथ हमारी बातचीत सकारात्मक रही है, जो भरोसे और आपसी समझ पर आधारित है। अब उनके साथ मिलकर हम गर्मियों तक अपने लक्ष्यों पर ध्यान दे रहे हैं। हम अभी भी साथ मिलकर बहुत कुछ हासिल करना चाहते हैं। अब गुएरेरो और बायर्न म्यूनिख, दोनों ही इस सीजन के बाकी मैचों पर ध्यान दे रहे हैं। टीम इस समय लीग में पहले स्थान पर है और दूसरे नंबर की टीम से 9 अंकों से आगे है। टीम को अपना अगला मैच फ्रीबर्ग के खिलाफ खेलना है।*

### आज से सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप

**रांची।** 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप बुधवार से शुरू हो रही है, जिसमें तीन श्रेणियों में 29 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट 12 अप्रैल तक चलेगा और टीमें ए , बी तथा सी श्रेणियों में भाग लेंगी। ए श्रेणी की टीमें चैंपियनशिप खिताब के लिए खेलेंगी जबकि बी श्रेणी की शीर्ष दो टीमों और सी श्रेणी की विजेता टीम को प्रमोशन मिलेगा। ए और बी श्रेणी की आखिरी दो टीमें अगले साल क्रमशः बी और सी श्रेणी में खिसक जाएंगी। ए श्रेणी में बारह टीमों को चार पूल में बांटा गया है और नॉकआउट चरण नौ अप्रैल से खेला जाएगा। पूल ए में मेजबान हॉकी झारखंड, बिहार और महाराष्ट्र हैं जबकि पूल बी में ओडिशा, हॉकी पंजाब और हॉकी आंध्र प्रदेश हैं।

# चेन्नई लायंस की जगह यूटीटी में शामिल यूपी प्रोमेथियंस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

चेन्नई लायंस की जगह यूपी प्रोमेथियंस को अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में शामिल किया गया। आयोजकों ने लीग के सातवें सत्र से पहले यह घोषणा की। यूपी टीम के मालिक उद्यमी मुकेश शर्मा हैं।

यूटीटी के सातवें सत्र का आयोजन जुलाई में गोवा में होगा, जिसमें सात टीमें हिस्सा लेंगी। यह एकल राउंड-रॉबिन प्रारुप में खेला जाएगा, जिसमें हर टीम लीग चरण में एक बार हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलेगी। कुल मुकाबलों की संख्या 24 होगी, जो पिछले दो सत्र में 23 थी। जयपुर पैट्रियट्स भी लीग का हिस्सा नहीं रही क्योंकि उसने फ्रेंचाइजी समझौते की शर्तों का बार-बार उल्लघंन किया और लगातार भुगतान में चूक की।



### 9 अप्रैल से पहला लिटिल अंडमान प्रो, हिस्सा लेंगे सर्फर और स्टैंड-अप पैडर

**नई दिल्ली।** भारत के बेहतरीन सर्फर और स्टैंड-अप पैडर 9 से 12 अप्रैल तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में होने वाली पहली 'लिटिल अंडमान प्रो 2026 - राष्ट्रीय सर्फ और एसयूपी चैंपियनशिप' में पहला स्थान हासिल करने के लिए मुकाबला करेंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ की ओर से



आयोजित इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडल (एसयूपी) दोनों स्पर्धाएं होंगी। साथ ही इस प्रतियोगिता से प्रतिभागियों को इस साल के एशियाई खेलों से पहले अनुभव भी मिलेगा। भारत ने 2024 एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में अपना पहला एशियाई खेलों का कोटा हासिल किया था और महाबलीपुरम में हुए 2025 के चरण में उस लय को बनाए रखते हुए आखिरकार जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए अधिकतम चार स्थान सुनिश्चित किए, जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्गों में दो-दो स्थान शामिल हैं।

## कड़ी मेहनत, नाकामियों और चुपचाप किए गए बलिदानों के बाद मिला सम्मान

# शीतल देवी का बड़ा मंत्र: अपनी सीमाएं खुद तय करो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुनी गई दुनिया की नंबर एक शीतल देवी का मानना है कि यह सम्मान बरसों की कड़ी मेहनत, नाकामियों और चुपचाप किए गए बलिदानों को दर्शाता है और उनका फलसफा यही है कि किसी और को अपनी सीमाएं तय करने नहीं दें। दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज शीतल को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना, जो उनकी असाधारण उपलब्धियों में एक और इजाफा है।

बैंकॉक में एक टूर्नामेंट में भाग ले रही शीतल ने कहा,' यह अद्भुत है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों में नामांकन मिलना ही खास था और यह पुरस्कार जीतना यादगार और बहुत खास है। यह हर घंटे की कड़ी मेहनत, हर नाकामी और चुपचाप किए गए बलिदानों को दर्शाता है।'

### नई तकनीक सीखना सबसे चुनौतीपूर्ण



अपने कैरियर की अब तक की सबसे बड़ी चुनौती के बारे में पूछने पर शीतल देवी ने कहा कि पिछले साल नई तकनीक सीखना सबसे चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा,' नई तकनीक सीखना आसान नहीं था। उस समय नतीजे नहीं मिल रहे थे और लोग मेरी काबिलियत पर संदेह करने लगे थे।' उन्होंने कहा,' मैंने समारोहों में जाना और इंटरव्यू देना बंद कर दिया, जिससे सवाल और संदेह बढ़ते गए। मैंने अपना पूरा फोकस ट्रेनिंग पर लगा दिया। इससे मुझे दृढ़ता मिली और आत्मविश्वास भी।' एक दुर्लभ बीमारी के कारण भुजाओं के बिना जन्मी इस तीरंदाज की तकनीक अनूठी है, जिसमें वह एक विशेष उपकरण 'रिलीजर' का इस्तेमाल करती है। वह अपने पैर के अंगूठे से तीर उठाती है और धनुष में लोड करती है। फिर रिलीजर का इस्तेमाल करके वह अपने शरीर को धनुष से जोड़ती है, फोकस करती है, निशाना लगाती है और फायर करती है।

### प्रदर्शन में निरंतरता लाने पर फोकस

शीतल देवी के कोच गौरव शर्मा ने कहा,' इसके मायने थे कि हमें नए सिरे से शुरूआत करनी पड़ी । इसमें काफी संयम और समय लगा । इसके साथ यह भी सुनिश्चित करना था कि वह दबाव झेलने के लिए मानसिक रूप से मजबूत रहे। हमने एक टीम के रूप में एक एक बाधा को पार किया।' इस साल बड़े टूर्नामेंटों में पदक जीतने पर फोकस करने वाली शीतल हफ्ते में छह दिन कड़ा अभ्यास कर रही है। शीतल ने कहा,' मेरे दिन की शुरूआत सुबह आठ बजे होती है और दो घंटे के ब्रेक के साथ शाम छह बजे तक अभ्यास करती हूं। रविवार को विश्राम का दिन होता है चूंकि रिकवरी भी जरूरी है।' उन्होंने कहा,' मेरा फोकस लगातार सुधार करने और प्रदर्शन में निरंतरता लाने पर है। पिछले साल मेरा पूरा फोकस ट्रेनिंग पर ही था और यही अनुशासन इस साल भी रहने वाला है।'

# हाईकोर्ट ने जेएनकेविवि की अपील की खारिज

# उसी दिन सूचना मिलने पर 450 किलोमीटर दूर से इंटरव्यू देने कैसे पहुंचेगा उम्मीदवार

मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में अचरज जताते हुए कहा कि कोई उम्मीदवार सूचना मिलते ही 450 किलोमीटर दूर से उसी दिन इंटरव्यू देने पहुंच जाए, यह कैसे संभव है ? चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को सही ठहराया। कोर्ट ने जेएनकेविवि के कुलपति की अपील खारिज कर दी।



हरिभूमि जबलपुर।

अपील में गुना निवासी सुरेन्द्र कुमार शाक्य के पक्ष में सिंगल बेंच द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती दी गई थी। प्रकरण के अनुसार सुरेन्द्र ने 2017 में ड्राइवर पद के लिए आवेदन किया था। 23 जून 2018 को साक्षात्कार होना था। इसकी सूचना उसे उसी दिन सुबह 9 बजे मिली। लगभग 450 दूरी इतने अल्प समय में तय करना नामुमकिन था। साक्षात्कार से वंचित होने पर सुरेन्द्र ने 2018 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सिंगल बेंच ने 2018 से 2025 तक विश्वविद्यालय के जवाब नहीं देने पर 20 अक्टूबर 2025 को फैसला सुनाया। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने विश्विद्यालय पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाते हुए सुरेंद्र कुमार शाक्य के लिए दोबारा इंटरव्यू कराने का आदेश दिया । यह भी कहा था कि जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पद निर्मित किया जाए। इसी फैसले को चुनौती देकर यह अपील कृषि विश्विद्यालय के कुलपति की और से दायर की गई थी। विवि की ओर से कहा गया कि सारी जानकारी वेबसाइट पर थी, इसलिए उम्मीदवार की जिम्मेदारी थी कि वह अपडेट चेक करता रहे। इस दलील को कोर्ट ने खारिज कर दिया।

## आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा के साथी शरद जायसवाल की जमानत अर्जी निरस्त

### हाईकोर्ट से दूसरी बार नहीं मिली राहत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मनी लानड्रिंग मामले में परिवहन विभाग के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा के साथी शरद जायसवाल की दूसरी बार जमानत अर्जी निरस्त कर दी। जस्टिस पीके अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि यह मामला संगठित आर्थिक अपराध से जुड़ा है। इसमें कई स्तर पर अवैध लेन-देन और नेटवर्क शामिल हैं। आरोपित के विरुद्ध प्रथमदृष्ट्या पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। रिहा होने पर दोबारा अपराध करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में आरोपी को इस स्तर पर राहत नहीं दी जा सकती। आवेदक की ओर से दलील दी गई कि उसे इस कथित अपराध की जानकारी नहीं थी।

शरद का मामला परिवहन विभाग के पूर्व कान्स्टेबल सौरभ शर्मा से जुड़ा है। आरोप है कि सौरभ ने अवैध रूप से संपत्ति अपने स्वजनों और करीबी सहयोगियों के नाम पर खड़ी की, जिसमें वर्तमान आरोपी शरद जायसवाल भी शामिल हैं। शरद जायसवाल को 10 फरवरी, 2025 को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले 29 जुलाई 2025 को हाई कोर्ट से उसकी जमानत निरस्त हुई थी। लोकायुक्त की 19 दिसंबर, 2024 को की गई छापेमारी में सौरभ शर्मा के घर से 1.14 करोड़ रुपये नकद, सोने के जेवरात सहित कुल 3.86 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। वहीं सह-आरोपी चेतन सिंह गौर के यहां से भी करीब 1.68 करोड़ रुपये नकद और 2.11 करोड़ रुपये की चांदी बरामद हुई। लोकायुक्त में एफआइआर दर्ज होने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एंट्री हुई। ईडी के अनुसार यह पूरा मामला अपराध की आय को छिपाने और वैध दिखाने का है, जो मनी लानड्रिंग की श्रेणी में आता है। जांच में यह बात सामने आई थी अविरल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के जरिए कथित काले धन को वैध बनाने की साजिश रची गई।

### शालाओं में मनाया जाएगा प्रवेश उत्सव

# नए शिक्षण सत्र का आगाज आज

**जबलपुर।** तमाम असफलताओं के बाद राज्य सरकार ने नया शिक्षण सत्र 1 अप्रैल से प्रांरभ करने के अपने निर्णय को नहीं बदला। इस साल फिर तपती दोपहरी में बच्चों को अप्रैल माह में शाला जाना पड़ेगा। यहां गौरतलब है कि गत वर्षो में भी 1 अप्रैल से नया शिक्षण सत्र प्रारंभ हुआ था। पिछले कुछ वर्षों में जो दिक्कतें और कठिनाईं हुईं थीं, उन्हें इस बार भी नजरअंदाज कर दिया गया है और ऊहापोह व अराजक व्यवस्थाओं के बीच नया शिक्षण सत्र आज से प्रारंभ हो रहा है। आज शासकीय शालाओं में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। अभी बहुत सारी स्कूलों के परीक्षा परिणाम भी घोषित नहीं हो पाए हैं। जहां नतीजे घोषित हो गये हैं, वहां बच्चों को कापी किताब की सूची पकड़ा दी गई है लेकिन मार्केट में किताबें अब तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी बहुत मानसिक यातना झेल रहे हैं। अर्थ भार तो है ही, मानसिक परेशानी उससे कहीं ज्यादा है। बड़ी क्लासों के बच्चे तो परिस्थितियां समझ जाते हैं और अपने क्लास टीचर को भी उससे अवगत करा देते हैं, लेकिन मासूम बच्चे जो दीन-दुनिया और परिस्थितियों को खुद नहीं समझ पाते, उन्हें क्लास में प्रताड़ति होना पड़ता है और यही प्रताड़ना बाद में वे अपने अभिभावकों को देते हैं। बहरहाल, नया शिक्षण सत्र का पहला भाग आज से प्रारंभ होगा। कापी-किताब, बस्ते और स्कूली ड्रेस की खरीददारी शुरू हो गई है। मार्केट में कापियां और ड्रेस व अन्य स्कूली सामग्री तो आ गई है लेकिन किताबें अभी तक नहीं आई हैं। अभिभावक इधर-उधर भटक रहे हैं।




### तेज धूप में कैसे पढ़ेंगे बच्चे

राज्य सरकार ने नया शिक्षण सत्र 1 अप्रैल से लागू करने का निर्णय तो थोप दिया है, लेकिन सर्वाधिक दुर्दशा सरकारी स्कूलों की है। वहां न बैठने के लिये फर्नीचर है और न ही हवा के लिये पंखे। कई शालाएं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी हैं, जहां खुले मैदान में क्लासें लगती हैं। अप्रैल के महीने में जब पारा 40 से 45 डिग्री के बीच झूलता है तब कैसे बच्चे तेज धूप में पढ़ पाएंगे। यह समझ से परे है। निजी शालाओं में भी व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं है। कमरों में सीधे धूप प्रवेश करती है। पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में बच्चे बीमारियों से ग्रसित होंगे।

### स्कूलों की बंधी हैं दुकानें

शालाओं में भले ही इस बात की पाबंदी लगा दी गई हो कि कोई भी शाला प्रबंधन किसी भी दुकान विशेष या प्रकाशक की पुस्तकें खरीदने के लिये लिये दबाव नहीं बनाएगा, लेकिन दुकानदारों और शाला प्रबंधकों ने अंदरूनी साठगांठ कर रास्ता खोज लिया है। कुछ स्कूलें ऐसी हैं, जहां की किताबें खास दुकानों पर ही मिलेंगी, किसी दूसरी दुकान पर नहीं।

# प्राथमिक शिक्षकों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ क्यों नहीं

### हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य शासन से पूछा है कि प्राथमिक शिक्षकों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने शिक्षकों की याचिका पर स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के प्रमुख सचिव, कलेक्टर और डीईओ रीवा को नोटिस जारी किए हैं। रीवा निवासी पंकज पांडे सहित 28 शिक्षकों ने याचिका दायर कर मप्र स्कूल शिक्षा सेवा (टीचिंग कैडर) सेवा शर्त एवं भर्ती नियम, 2018 को चुनौती दी है। याचिका में आरोप है कि इन नियमों और 27 जुलाई, 2019 को जारी कार्यपालिक निर्देशों के कारण उनकी पुरानी सेवाओं को नहीं जोड़ा जा रहा है। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता वर्ष 1998-99 से स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। लंबे समय तक शिक्षा कर्मी एवं अध्यापक के रूप में सेवा दे चुके हैं। इसके बावजूद 2018 के नए नियम लागू कर उन्हें फ्रेश एंट्री यानी नए कर्मचारी की तरह माना जा रहा है। इससे उनकी वरिष्ठता समाप्त हो गई है और उन्हें नई सेवा शर्तों के तहत शामिल कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं ने हाई कोर्ट से मांग की है कि 2018 के नियमों और 2019 के कार्यपालिक निर्देशों को असंवैधानिक घोषित किया जाए और उन्हें पुरानी पेंशन योजना के तहत सभी लाभ तथा वरिष्ठता बहाल की जाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता विवेक बड़ेरिया ने पैरवी की।

# बदमाशों से बहन को बचाने पहुंचे भाई पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत पुरानी बस्ती गौरीघाट में बहन से विवाद कर रहे चार बदमाशों को समझाने पहुंचे भाई के साथ बदमाशों ने मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे जबलपुर अस्पताल रेफर कर दिया। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी 35 वर्षीय निशांत पटेल बिल्डिंग बनाने का काम करता है। गत दिवस उसकी बहन नीतू पटेल ने उसे फोन पर बताया कि मोहित केवट अपने साथियों के साथ मिलकर उससे विवाद कर रहे है। सूचना मिलते ही वह अपनी बहन के घर पहुंचा और उन लोगों से कहा कि तुम लोग आपस में बहस क्यों कर रहे हो, तो बात पर मोहित, दीपक जाटव, बाबी एवं भरत उसके साथ गाली गलोज करने लगे, मना करने पर मारपीट की और दीपक ने चाकू से उस पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 109(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### हाईकोर्ट ने सरकार व अन्य से 4 हफ्ते में जवाब मांगा

# टीचर कैडर सेवा शर्तों व भर्ती नियम को चुनौती

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायाधीश विनय सराफ की संयुक्तपीठ ने रीवा जिले के 28 शिक्षकों की मप्र स्कूल शिक्षा सेवा (टीचिंग कैडर) सेवा शर्त एवं भर्ती नियम, 2018 को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करतें हुए मामले में राज्य सरकार सहित सभी अनावदेकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकताओं का कहना है कि इन नियमों और 27 जुलाई 2019 को जारी कार्यपालिक निर्देशों के कारण उन्हें उनके वर्षों पुराने अधिकारों से वंचित कर दिया गया है। रीवा जिले के प्राथमिक शिक्षक पंकज पांडेय व 27 अन्य की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि वे सभी वर्ष 1998-99 से स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं और लंबे समय तक शिक्षा कर्मी एवं अध्यापक के रूप में सेवा दे चुके हैं। इसके बावजूद 2018 के नए नियम लागू कर उन्हें “फ्रेश एंट्री” यानी नए कर्मचारी की तरह माना जा रहा है। इससे उनकी सीनियरिटी समाप्त हो गई है और उन्हें नई सेवा शर्तों के तहत शामिल कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से न्यायालय को अवगत कराया गया कि नियम 18(1) और 18(2) के तहत उनसे एक बाध्यकारी अंडरटेकिंग भरवाई गई, जिसके जरिए नई शर्तों को स्वीकार कराया गया। दलील दी गई कि यह प्रक्रिया दबाव में कराई गई और कई शिक्षकों ने मजबूरी में इसे स्वीकार किया। कुछ शिक्षक अब भी अध्यापक संवर्ग में कार्यरत हैं, लिहाजा उन्हें भी समान रूप से लाभ मिलना चाहिए। शिक्षकों का मुख्य तर्क है कि उन्हें पुरानी पेंशन योजना, 1976 के तहत लाभ मिलना चाहिए, क्योंकि उनकी सेवा 1998 से लगातार जारी है। लेकिन 2018 के नियमों के कारण उन्हें इस अधिकार से वंचित कर दिया गया है। साथ ही, वर्षों की सेवा से अर्जित वरिष्ठता और अन्य लाभ भी खत्म कर दिए गए हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि इतने लंबे समय तक सेवा देने के बाद किसी कर्मचारी को अचानक “नया कर्मचारी” मानना पूरी तरह मनमाना और अन्यायपूर्ण है। यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है, जो समानता और समान अवसर के अधिकार की गारंटी देते हैं। इसके अलावा, 1998 की भर्ती प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों का हवाला देते हुए कहा गया है कि कुछ शिक्षकों का नियमितीकरण नहीं हो पाया, जबकि उन्हें भी समान शर्तों पर शामिल किया जाना चाहिए था। याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट से मांग की है कि 2018 के नियमों और 2019 के कार्यपालिक निर्देशों को असंवैधानिक घोषित किया जाए और उन्हें पुरानी पेंशन योजना के तहत सभी लाभ तथा सीनियरिटी बहाल की जाए। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता विवेक बड़ेरिया पैरवी कर रहे हैं।

### सिर्फ रिश्वत लेना ही नहीं, बल्कि मांगना भी अपराध

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा कि सिर्फ रिश्वत सिर्फ लेना ही नहीं, बल्कि मांगना भी अपराध है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनीन्द्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने टीकमगढ़ के एक मेडिकल ऑफिसर की याचिका खारिज कर दी।कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया प्रकरण बनता है, इसलिए इस स्तर पर एफआईआर निरस्त नहीं की जा सकती। टीकमगढ़ जिले के बल्देवगढ़ में पदस्थ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंकित त्रिपाठी की ओर से याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता पर खड़गपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आधार कार्ड केंद्र का संचालन करने के लिए रिश्वत के रूप में हर माह 10,000 रु मांगने का आरोप लगाया गया है। आधार केंद्र संचालक की शिकायत पर लोकायुक्त द्वारा एफआईआर दर्ज की गई थी। इसी एफआईआर को निरस्त करने की मांग की गई थी।

# बहन के घर दावत में पहुंची बेगम को शौहर ने मारे चाकू



**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत कटरा क्षेत्र में आयोजित दावत में पहुंची महिला पर उसके पति ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बताया गया है कि आरोपी पति ने अपनी पत्नी से पैसे मांगे थे उसने मना कर दिया। चाकूबाजी की इस वारदात से दावत कार्यक्रम में अफरा तफरी मच गई।

अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पसियाना निवासी शमा मंसूरी पति नौशाद मंसूरी की हरकतों से तंग आकर मायके कटरा में रह रही थी। बीती रात उसकी बहन आसमा के घर दावत कार्यक्रम था जहां पर वह अपने भाई इरफान के साथ गई थी, वहीं पर उसका पति नौशाद व उसके परिजन भी आए थे। कार्यक्रम के दौरान नौशाद ने शमा को बुलाया और बातचीत करने का कहकर ले गया। जहां पर उसने शमा से रुपयों की मांग की। शमा द्वारा मना करने पर नौशाद ने चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया । बताया गया है कि नौशाद शराब पीने का आदि था जिससे तंग होकर शमा अपने मायके में रहने लगी थी और ससुराल वालों से संबंध खराब हो चुके थे। पुलिस ने शमा के भाई इरफान की रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 119(1), 118(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### धन से जुड़े विभागों में देर रात तक चला कामकाज

# वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन लक्ष्य पूर्ति में जुटा अमला

हरिभूमि जबलपुर।

पुराने वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर 31 मार्च को सुबह से देर रात तक वित्तीय व्यवस्था से जुड़े सरकारी और गैर सरकारी व अर्द्धशासकीय संस्थानों में मार्च क्लोजिंग का काम चलता रहा। बैंकों और बीमा निगम में जहां खाते बही में लेनदेन का निपटारा चलता रहा, वहीं समायोजन का काम हुआ। वहीं योजना विभाग और कोषालय में विभिन्न विभागों के बचे बजट को लेप्स करने की कार्यवाही हुई तो नगर निगम और विद्युत मण्डल, वाणिज्यिक कर, आयकर विभागों में वसूली का काम तेजी से हुआ। शासकीय दफ्तरों में 31 मार्च को क्लोजिंग के अलावा और कोई दूसरे काम नहीं हुये। बैंकों में दोपहर बाद देर शाम तक खाते बही व कम्प्यूटरों में आय-व्यय का लेखा जोखा दुरूस्त किया गया। लेनदारी, देनदारी के आंकड़े छांटे गये। सरकारी दफ्तरों में भी एक-एक फाईलों का निरीक्षण कर लेखा-जोखा दुरूस्त किया गया। आज से नई बैलेंस सीट काम करना प्रांरभ करेगी। सरकारी विभागों में नगर निगम, विद्युत मण्डल, आरटीओ, सेल टैक्स, आबकारी विभाग, राजस्व विभाग का अमला वसूली के लक्ष्य को पूरा करने जुटा रहा। टीम की टीम वसूली पर निकली। वहीं कोषालय, बैंक, पंजीयन विभाग में देर रात तक लेखाजोखा चलता रहा।

### धीरे-धीरे गर्मी दिखाने लगी अपने असर

# चिलचिलाती धूप के बीच भीषण गर्मी

**जबलपुर।** पश्चिमी हवाओं के कारण वातावरण गर्म हो गया है। दिन में गर्मी जोरदार एहसास कराने लगी है। अब तो रात में भी गर्मी महसूस की जाने लगी है। परिस्थितियां पूरी तरह से गर्मी के अनुकूल होती जा रहीं हैं। शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ने लगी है। दिन में लोग गमछा, टोपी, चश्मा पहनकर घूप से बचाव करने लगे हैं। कूलर, पंखों की पूछ-परख बढ़ गई है। सूर्य की तेज तपन के दौरान सुबह 8 बजे से ही धूप चुभने लगती है और दोपहर तक धूप असहनीय हो जाती है। दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। इस मौसम में पहली बार 31 मार्च मंगलवार को पारा 37 डिग्री को पार कर गया। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 2 दिनों से अधिकतम तापमान 38 से 39 डिग्री के आसपास झूल रहा था। मंगलवार को पारे ने एकदम से उछाल मारी। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 23.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा मे नमी प्रातःकाल 52 प्रतिशत और सायंकाल 36 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6 बजकर 2 मिनिट पर हुआ, जबकि सूर्यास्त सायं 6 बजकर 25 मिनिट पर हुआ। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। मौसम कार्यालय के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान जिले का मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 36.04 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।



## बारदाना दुकान में आग से 50 हजार का माल खाक

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानान्तर्गत कृषि उपज मंडी परिसर स्थित एक बारदाना दुकान में कल शाम आग लग गयी देखते-देखते आग ने चंद पलो में विकराल रूप ले लिया इस दौरान दुकान से चौतरफा उठी लपटों से व्यापारियो में हड़कंप मच गया। दुकान संचालक की सूचना पर पहुंचे पांच दमकल वाहनों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्नि हादसे में 50 हजार रूपए की क्षति का अनुमान हैं वही आग लगने का कारण अज्ञात है। घटना के संबंध में दमकल विभाग ने बताया कि कल शाम लगभग साढ़े पांच बजे सूचना मिली कि कृषि उपजमंडी स्थित एक बारदाना दुकान में आग लग गयी है। आग का दायरा बढ़ने पर 5 दमकल वाहन भेजे गये। दमकल वाहनों में तैनात अग्नि शमन कर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। हादसे में दुकान में रखे बारदाने जलकर खाक हो गये हैं। बारदाना दुकान के संचालक राजेश अग्रवाल ने बताया कि अग्नि हादसे में बारदाना जलने से 50 हजार रूपए की आर्थिक क्षति का अनुमान है। वहीं आग लगने की वजह फिलहाल अज्ञात बतायी गई है। यदि समय रहते आग को नियंत्रित नहीं किया जाता तो आग का दायरा आसपास मौजूद दुकानों तक बढ़ सकता था।

### वारदात : हनुमानताल में देर रात सनसनी

# घोड़ी वाले की चाकू से हमला कर हत्या

**जबलपुर।** हनुमानताल थानांतर्गत स्लॉटर हाउस के समीप कल देर रात लगभग 12.30 बजे शादी में घोड़ी किराए से चलाने वाले युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि स्लॉटर हाउस के समीप कुछ असामाजिक तत्वों ने घोड़ी हटाने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद 24 वषीय मोहम्मद सादिल उर्फ मोनू पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर रूप से घायल सादिल को परिजन तत्काल विक्टोरिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान ही उसने दम तोड दिया। इस घटना में एक अन्य युवक के भी घायल होने की खबर है। परिजनों ने बताया कि मोनू बारात से लौटने के बाद घोड़ी बांधकर घर वापस आ रहा था, तभी रास्ते में पांच से छह लोगों ने उसे घेर लिया और अचानक हमला कर दिया। आरोपियों ने उस पर कई वार किए और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही हनुमानताल पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य हमलावरों की तलाश जारी है। इस संबंध में हनुमान ताल थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वारदात के बाद की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक बारातों में घोड़ी उपलब्ध कराने का काम करता था। इसी दौरान घोड़ी हटाने को लेकर उसका जीशान नामक युवक से विवाद हुआ था। संभवतः इसी रंजिश के चलते जीशान ने अपने साथियों के साथ मिलकर मोनू पर चाकुओं से हमला किया। फिलहाल आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मामलें की जांच कर रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240